सुप्रभात
रांची, गुरुवार
24.11.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

SURJABASHA

epaper.khabarmantra.net मार्गशीर्ष , शुक्ल पक्ष,प्रतिपदा, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 131

12 एक और उलटफेर, जापान ने चार बार की विजेता जर्मनी को हराया

## न्यूज डायरी

### बंगाल के नये राज्यपाल सीवीए बोस ने ली शपथ

**कोलकाता।** पूर्व आइएएस सीवी आनंद बोस ने बुधवार को कोलकाता के राजभवन में एक सादे समारोह में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण की। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। मौके पर सीएम ममता बनर्जी, कैबिनेट मंत्री और सरकार के शीर्ष अधिकारी मौजूद थे। राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी हालांकि इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए।

### जमीन कारोबारी की गोली मार कर हत्या

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र के एदलहातू में अपराधियों ने जमीन कारोबारी धवन राम की गोली मार कर हत्या कर दी है। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गये। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों के द्वारा धवन राम को रिम्स भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार, अपराधियों ने धवन को सात गोली मारी थी। घटना की जानकारी मिलते ही रांची पुलिस अपराधियों की धर-पकड़ में जुट गयी है।

### एक्सपो उत्सव का आज राज्यपाल करेंगे उद्घाटन

**रांची।** जेसीआइ रांची की ओर से एक्सपो उत्सव की तैयारी पूरी हो चुकी है। 24 से 28 नवंबर तक मोराबादी मैदान में लगनेवाले इस एक्सपो का उद्घाटन राज्यपाल रमेश बैश करेंगे। यह एक्सपो का 25वां साल है। इस वर्ष एक्सपो में 325 स्टॉल लगाये गये हैं। एक्सपो का हर दिन का समय सुबह 11:30 बजे से रात 9 बजे तक रहेगा।

### कमलदेव हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**चक्रधरपुर।** गिरिराज सेना के प्रमुख सह युवा हिंदू नेता कमलदेव गिरी हत्याकांड के मुख्य आरोपी सतीश प्रधान को चाईबासा पुलिस ने यूपी के बलिया से गिरफ्तार कर लिया है। 12 नवंबर को कमलदेव गिरी की हत्या कर दी गयी थी। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उसे सड़क मार्ग से चाईबासा पहुंची। आरोपी ने पुलिस के समक्ष हत्या की बात स्वीकारी और कारण भी बताये। वह अपना लोकेशन लगातार बदल रहा था जिस कारण पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर पा रही थी।

### आरबीआइ महाप्रबंधक राज्यपाल से मिले

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस से बुधवार को आरबीआइ के महाप्रबंधक संजीव सिन्हा ने राज भवन में मुलाकात की। राजभवन ने उनकी मुलाकात को शिष्टाचार मुलाकात बताया।

### इडब्लूएस कोटे पर पर समीक्षा याचिका दायर

**नयी दिल्ली।** मध्य प्रदेश कांग्रेस की नेता डॉ जया ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में आर्थिक आधार पर रिजर्वेशन दिये जाने के फैसले पर समीक्षा याचिका फाइल की है। शीर्ष कोर्ट ने आर्थिक आधार पर 10 फीसदी आरक्षण को लेकर केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखा था। कांग्रेस ने पहले भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर साफ सहमति या असहमित नहीं जतायी थी। पूर्व सीजेआइ जस्टिस यूयू ललित के नेतृत्व में 5 जजों की पीठ ने 3:2 के बहुमत से फैसला सुनाया था। कांग्रेस नेता डॉ जया ठाकुर ने समीक्षा याचिका दायर की है।

### रिम्स की लचर व्यवस्था पर स्वास्थ्य सचिव तलब

**रांची।** रिम्स की लचर व्यवस्था को ठीक करने के मामले में दायर याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट स्वास्थ्य सचिव को तलब किया। आदेश के बावजूद रिम्स में आउटसोर्सिंग से नियुक्ति पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 49,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 63,500 रु./प्रति किलो |

सीएम की अध्यक्षता में टीएसी की बैठक में बड़ा फैसला, 11 मुद्दों पर चर्चा

# आबादी के आधार पर आरक्षण

➲ निकाय चुनाव में एसटी आरक्षण में अब विधि परामर्श लिया जायेगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आदिवासी संगठनों के दबाव पर बुधवार को सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई जनजातीय परामर्शदात्री काउंसिल (टीएसी) की बैठक में कुल 11 एजेंडों पर चर्चा हुई। जानकारी के मुताबिक बैठक में सबसे महत्वपूर्ण एजेंडा द प्रोविजन ऑफ द म्यूनिसिपैलिटिज बिल 2001 पर स्टैंडिंग कमेटी द्वारा प्रस्तावित संशोधन पर चर्चा हुई। इस बिल में प्रावधान किया गया है कि अनुसूचित क्षेत्र में स्थित नगर निकायों में अनुसूचित जनजाति की आबादी अधिक होने पर उसके अनुरूप मेयर अध्यक्ष या वार्ड पार्षद का पद अनुसूचित जनजाति के लिए ही आरक्षित होगा, परंतु इसके लिए टीएसी की अनुशंसा अनिवार्य है। शिड्यूल एरिया में किये गये आरक्षण रोस्टर पर महाधिवक्ता से कानूनी राय लेकर सरकार लेगी निर्णय। टीएसी की बैठक में शामिल विधायक राजेश कच्छप ने यह जानकारी दी। इसके बाद ही इस दिशा में कदम उठाये जायेंगे। बैठक में अधिकांश सदस्यों ने एकल पद पर एसटी का आरक्षण समाप्त करने का विरोध किया। इसको लेकर कैबिनेट में एक प्रस्ताव लाकर केंद्र सरकार भेजने का सुझाव दिया है। ऐसे में नगर निकाय चुनाव की तिथि को आगे बढ़ाने का सुझाव दिया गया है। माना जा रहा है कि अब नगर निगम चुनाव समय पर नहीं संभव नहीं हो सकता।



## आरक्षण पर महाधिवक्ता से राय लेगी सरकार

बैठक के बाद विधायक राजेश कच्छप ने बताया कि नगर निकाय चुनाव में शिड्यूल एरिया में किये गये आरक्षण रोस्टर पर महाधिवक्ता से कानूनी राय लेने के बाद फैसला लिया जायेगा। पर्यावरण और जनजातीय संस्कृति का संरक्षण करते हुए राज्य में परिवेशीय अनुकूलन पर आधारित पर्यटन को बढ़ावा दिया जायेगा। साथ ही झारखंड पंचायत उपबंध अनुसूचित क्षेत्रों का विस्तार नियामावली 2022 के प्रारूप पर संबंधित विभागों से सम्यक विचारोपरांत निर्णय लिये जाने पर विचार किया गया। जनजातीय समुदाय के युवाओं को पांच वर्ष से अधिक भुगतान अवधि के साथ ऋण प्रदान किये जाने को लेकर नीति बनाने की सहमति बनी। बैठक में टीएसी के उपाध्यक्ष चम्पाई सोरेन, समेत स्टीफन मरांडी, दीपक बिरुआ, दशरथ गगराई, विकास कुमार मुंडा, नमन बिक्सल कोनगाड़ी, राजेश कच्छप, सोनाराम सिंकू, शिल्पी नेहा तिर्की समेत कईअधिकारी उपस्थित थे।

### इन नगर निकायों में होना है चुनाव

**नगर निगम :-** रांची, हजारीबाग, पलामू, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, चास, आदित्यपुर और मानगो।
**नगर परिषद :-** गढ़वा, बिश्रामपुर, चाईबासा, झुमरी तिलैया, गोमिया, चक्रधरपुर, चतरा, चिरकुंडा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, गुमला, जुगसलाई, कपाली, लोहरदगा, सिमडेगा, मधुपुर, रामगढ़, साहिबगंज, फुसरो और मिहिजाम।
**नगर पंचायत :-** बरहरवा, बासुकीनाथ, बुंडू, चाकुलिया, छतरपुर, धनवार, डोमचांच, हरिहरगंज, हुसैनाबाद, जामताड़ा, खूंटी, कोडरमा, लातेहार, महागामा, मझिगांव, नगर उंटारी, राजमहल और सरायकेला।

### जनजातीय भाषाओं के लिए नीति बनेगी

**जनजातीय** भाषा में कक्षा 1 से 5 तक के लिए अध्ययन और जनजातीय भाषाओं के अधिक से अधिक उपयोग पर डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान के माध्यम से अध्ययन कराते हुए एक नीति बनायी जायेगी। जनजातीय भाषाओं के शिक्षको की नियुक्ति की प्रक्रिया को तेज किया जायेगा। होड़ोपैथी आदिवासी ज्ञान आयुष में सम्मिलित किये जाने पर जोर दिया गया। बैठक में सीएम के अलावा टीएसी के उपाध्यक्ष चम्पाई सोरेन, मनोनीत सदस्य व सीएम के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, अजय कुमार सिंह, विनय कुमार चौबे, सचिव के श्रीनिवासन, सचिव केके सोन, सचिव हिमानी पांडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### लघु वन उत्पाद की खरीद-बिक्री

इसके अलावा लघु वन उत्पाद की खरीद-बिक्री के लिए सिदो-कान्हू कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड कार्यरत है। इसी के अंतर्गत व्यापक रूप से लघु वन उत्पाद की खरीद-बिक्री कर आय वृद्धि की जायेगी। वनाधिकार अधिनियम-2006 के अंतर्गत अधिक से अधिक सामुदायिक पप्ता दिये जाने पर जोर दिया गया।

सम्मेलन में बोले स्पीकर, केंद्र-राज्यों के बीच स्वस्थ्य संबंध जरूरी

# राज्यपालों को हटाने में राज्यों का भी रोल हो : प्रो उदयशंकर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने कहा है कि केंद्र व राज्यों के बीच स्वस्थ्य संबंध होना चाहिए। श्री महतो बुधवार को झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस समारोह के मौके पर आयोजित केंद्र-राज्य संबंध विषयक राष्ट्रीय सेमिनार में स्वागत भाषण में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की स्थिरता, सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए एक स्वस्थ संबंध का होना काफी महत्वपूर्ण है। वहीं रायपुर के राष्ट्रीय विधि विवि के प्रोफेसर उदय शंकर ने कहा कि यदि राज्यपाल राज्यहित में काम न कर रहे हों, तो उन्हें हटाने का अधिकार राज्यों के पास भी होना चाहिए। सेमिनार में संघवाद पर न्यायपालिका, केंद्र और राज्यों के बीच विधायी शक्तियों का बंटवारा, केंद्र-राज्य संबंध और सुशासन पर इसके प्रभाव जैसे कई अहम मुद्दों पर विशेषज्ञ अपने विचार रखे। अपने संबोधन में स्पीकर श्री महतो ने कहा कि देश के विभाजन के समय की घटनाओं ने संविधान सभा को एक ऐसे संघवाद को चुनने के लिए प्रेरित किया था, जो केंद्र की ओर थोड़ा झुका हुआ है। लेकिन राज्य को प्रगति और परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण साधन होने के नाते संविधान में शक्तियां भी दी गयी हैं। **(शेष पेज 11 पर)**

### बनाने और हटाने में राज्यों की भूमिका भी हो

**रायपुर** के राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर उदय शंकर ने कहा कि यदि राज्यपाल राज्यहित में काम न कर रहे हों, तो उन्हें हटाने का अधिकार राज्य के पास होना चाहिए। सदन में प्रस्ताव पास कर उसे राष्ट्रपति के पास भेजने का अधिकार होना चाहिए, लेकिन इसकी भी एक गाइडलाइन तय होनी चाहिए, ताकि राज्यपाल विधानसभा की कठपुतली बनकर न रह जाये। उन्होंने कहा कि हमेशा यह बात होती है कि राज्यपाल कि नियुक्ति और उन्हें हटाने में राज्य का भी रोल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संघ और राज्य होल्डिंग टुगेदर और कमिंग टुगेदर दो सिस्टम से काम करते हैं। कमिंग टुगेदर यूएस मॉडल है, जबकि भारत में होल्डिंग टुगेदर सिस्टम में केंद्र और राज्य जुड़े हैं। भारत के संविधान में संघीय ढांचे में केंद्र को ज्यादा पावर मिला है। केंद्र अपने प्रतिनिधि के रूप में राज्यपाल की नियुक्ति करता है। जब केंद्र और राज्य में अलग अलग दलों की सरकार होती हैं तो कई बार विवाद भी होता है।

## आयकर छापा, इंजीनियर की कार-घर से 20 लाख मिले

**रांची।** पीडब्ल्यूडी हजारीबाग के अधीक्षण अभियंता अनिल कुमार सिंह हजारीबाग से रांची आने के क्रम में दस लाख रुपये नकदी के साथ पकड़े गये। इसके बाद आयकर विभाग की टीम ने उनके हजारीबाग व रांची के अशोक नगर रोड नंबर चार के आवास संख्या 137-सी में भी छापेमारी की। छापेमारी में उनकी कार से व घर से बरामद करीब 20 लाख रुपये नकदी के अलावा भारी मात्रा में बैंक में जमा राशि व लेन-देन से संबंधित दस्तावेज व अन्य कागजात मिले हैं। आयकर के अधिकारी राशि के बारे में उनसे पूछताछ कर रहे हैं। वह हजारीबाग से दस लाख रुपये नकदी लेकर अपनी कार से रांची आ रहे थे।

## मानव तस्करी के शिकार चार बच्चे दिल्ली से मुक्त

**रांची (हिस)।** मानव तस्करी के शिकार रांची जिले के तीन बालकों एवं गुमला की एक बालिका को दिल्ली में मुक्त कराया गया है। एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र, नयी दिल्ली की नोडल ऑफिसर नचिकेता ने बताया कि चारों बच्चे मानव तस्करी के शिकार होकर अलग-अलग समय पर दिल्ली आये थे। तीन बालकों को दिल्ली पुलिस ने रेलवे स्टेशन से बरामद कर मुक्त कराया। गुमला जिले की एक लड़की को मानव तस्करी कर दिल्ली लाया गया था। उसे एक कोठी में घरेलू काम करने के लिए बेच दिया गया था, जहां बालिका से दिन-रात काम कराया जाता था। उसको पैसे भी नहीं दिये जा रहे थे।

## झारखंड की चार बेटियों भारतीय हॉकी टीम में

**रांची (खबर मन्त्र ब्यूरो)।** भारतीय महिला हॉकी टीम में झारखंड की चार बेटिंयों का चयन किया गया है। झारखंड से निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी और ब्यूटी डुंगडुंग को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। झारखंड और देश की ये स्टार खिलाड़ी स्पेन में 27 नवंबर से होने वाले एफआइएच महिला हॉकी कप में देश के लिए खेलेगी। भारतीय टीम में चयन होने पर हॉकी झारखंड के अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड के लिए यह बड़े ही सौभाग्य एवं गौरवपूर्ण है कि हमारी चार-चार बिटिया देश की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। **(शेष 11 पर)**

➲ एफआइएच महिला हॉकी कप : स्पेन में करेंगी देश का प्रतिनिधित्व








# सीएम हेमंत सोरेन दिल्ली रवाना, व्यापार मेले में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में होंगे शामिल

## दिल्ली के प्रगति मैदान में झारखंड राज्य दिवस पर आयोजित है कार्यक्रम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**दिल्ली/रांची।** अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2022 में गुरुवार (24 नवंबर) को झारखंड राज्य दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर झारखंड के पारंपरिक नृत्य, गीत और संस्कृति से लोग रूबरू होंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। यह समारोह सायं पांच बजे नयी दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित एम्फी थिएटर में आयोजित होगा।

इधर, कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को देर शाम दिल्ली चले गये। इस मामले पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि सीएम दिल्ली में उद्योग विभाग के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इधर, मुख्यमंत्री के दिल्ली जाने के बाद राजनीतिक गलियारों में कई तरह की अटकलें तेज हो गयी हैं।



### जैविक उत्पाद कर रहा आकर्षित

**झारखंड** जैविक कृषि प्राधिकार ने स्टाल के माध्यम से जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी की है। मेला में आनेवालों को जैविक कृषि से संबंधित बुकलेट, फिल्म आदि के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। झारखंड जैविक कृषि प्राधिकार के डॉ एम. शिवा ने कहा कि वर्तमान में करीब 97,000 कृषक ओफाज से जुड़े हैं और 1 लाख हेक्टेयर भूमि से अधिक जैविक खेती के अंतर्गत है। आने वाले दिनों में 20 लाख हेक्टेयर भूमि में जैविक खेती किया जाना प्रस्तावित है। इसके द्वारा लोगो को विषमुक्त और सुरक्षित खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य है। इन्ही उद्देश्य के साथ झारखंड राज्य में जैविक खेती का कार्य किया जा रहा है।

ट्रेड फेयर में ना सिर्फ झारखंड के रेशमी परिधान लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं, बल्कि राज्य सरकार द्वारा राज्य में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार सृजन हेतु किये जा रहे कार्यों की झांकी लोगों को आकर्षित कर रही है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सोच के अनुरूप मेले में कृषि, पशुपालन विभाग द्वारा जैविक कृषि का स्टाल, वन विभाग का स्टाल, जेरेडा का स्टाल, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के स्टाल में प्रदर्शित विभिन्न शिल्पकारों के हस्तनिर्मित लकड़ी, बांस से निर्मित नेम प्लेट, पेन स्टैंड, टी कोस्टर, सर्विस प्लेट, मूर्ति आदि दर्शकों द्वारा बेहद पसंद किया जा रहा है।

मालूम हो कि 27 नवंबर तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2022 में झारखंड पार्टनर स्टेट के तौर पर शामिल है। मेले में झारखंड के स्थानीय बुनकरों, ट्राइबल शिल्पकारों द्वारा प्रदर्शित पारंपरिक आदिवासी जैकेट, शट्र्स, टॉवल, गमछा, टोपी आदि दर्शकों के द्वारा बहुत पसंद किया जा रहा है।

## सचिवालय सेवा के चार अफसरों को संयुक्त सचिव में प्रमोशन, पोस्टिंग

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा के चार पदाधिकारियों को उप सचिव पद से संयुक्त सचिव कोटि में प्रोन्नति दे दी गयी है। सभी चारों को प्रोन्नति देते हुए पदस्थापित भी कर दिया गया है। इन्हें अब 37400-67000 ग्रेड पे. 8700 पुनरीक्षित वेतनमान मैट्रिक्स लेवल 13 में प्रोन्नति दी गयी है। इनमें कृषि पशुपालन एवं सरकार सहकारिता विभाग में पदस्थापित सतीश कुमार, अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग रांची में पदस्थापित वंदना कुमारी, विधि विभाग में पदस्थापित सुशील कुमार लाल, वाणिज्य कर विभाग में पदस्थापित रघुनाथ राम को विभागों में उप सचिव पद से संयुक्त सचिव के पद में उत्क्रमित कर पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ राज्य सरकार सख्त

### वित्तीय अनियमितता करने वाले अभियंताओं के विरुद्ध मिली अभियोजन की स्वीकृति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सरकारी पद का दुरूपयोग, धोखाधड़ी एवं प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए सुनियोजित ढंग से वित्तीय अनियमितता करने वालों के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने हरेन्द्र कुमार मिश्रा, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पश्चिमी सिंहभूम एवं दीप नारायण साहा, तत्कालीन सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडलए हाटगम्हरिया के विरुद्ध धारा- 420/409/467/468/471/120-बी के तहत अभियोजन स्वीकृती आदेश दिया है। उपरोक्त के खिलाफ प०मी सिंहभूम जिलान्तर्गत हाटगम्हरिया थाना काण्ड संख्या 28/2016 भारतीय दंड विधान 1860 की धारा 420-409 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज किया गया है। वर्तमान में कांड का अनुसंधान जारी है। अनुसंधान के क्रम में भारतीय दंड विधान की अन्य धाराओं को जोड़ा गया है।

**यह है आरोप :** अनुसंधान के क्रम में यह बात प्रकाश में आई है कि प्राथमिकी अभियुक्तों द्वारा लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत परमसाई गांव में योजना राशि प्राप्त करने के बाद योजना कार्य को अधूरा रखने, खराब गुणवत्ता, एकरारनामा के अनुसार सामानों को नहीं लगाने तथा योजना के अन्तर्गत निर्गत राशि का निकासी कर गबन किया गया है। इस प्रकार उपरोक्त वर्णित प्राथमिकी अभियुक्तों द्वारा सरकारी पद का दुरूपयोग, अपराधिक षडयंत्र, धोखाधड़ी एवं प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए सुनियोजित ढंग से वित्तीय अनियमितता करते हुए सरकारी राशि गबन करने का आरोप है। मालूम हो कि पूर्व में भी भ्रष्टाचार के खिलाफ मुख्यमंत्री ने सख्त कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने अनिल कुमार सिंहए तत्कालीन अंचल अधिकारी के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने, अनुसूचित जनजाति, अनसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग विभाग झारखंड द्वारा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू थाना कांड संख्या 10-2021 के प्राथमिकी अभियुक्त मनोज कुमार, सहायक, जिला कल्याण कार्यालय, पलामू एवं सुभाष कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी, पलामू के विरूद्ध भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई का आदेश दिया है।

# सरकारी खर्च पर पैनी नजर रखें और उसे युक्तिसंगत बनायें : प्रशांत कुमार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** ग्रामीण विकास सचिव प्रशांत कुमार ने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि पूर्व से चल रही योजनाओं की सतत निगरानी करते रहें। वहीं कुशल वित्तीय प्रबंधन और प्रशासनिक सुधार की पहल करने को भी कहा। उन्होंने सरकारी खर्च पर पैनी नजर रखने और उसे युक्तिसंगत बनाने पर भी जोर दिया। विभागीय सचिव योजनावार बजट के विरुद्ध खर्च की गई राशि का विवरण, योजना बजट के विरुद्ध निर्गत स्वीकृति आदेश और व्यय की स्थिति की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। बैठक में मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी, विशेष सचिव रामकुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव अरुण कुमार सिंह, अवर सचिव चंद्रभूषण और उप सचिव प्रमोद कुमार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

सचिव ग्रामीण विकास विभाग प्रशांत कुमार ने कहा कि आज पूरी दुनिया सौर ऊर्जा की ओर बढ़ रही है। झारखण्ड में भी इसपर कार्य शुरू करें। छोटे स्तर पर इसकी शुरूआत करें। सिंचाई के क्षेत्र में छोटे पैमाने पर इसका उपयोग हो रहा है। अब माइनर इर्रिगेशन पर भी विभाग ध्यान केंद्रित करें। इस दिशा में बेहतर परिणाम प्राप्त किया जा सकता है।

**इन बिंदुओं पर हुई चर्चा :** बैठक में सचिव प्रशांत कुमार ने वितीय वर्ष 2022-23 में योजना के विरुद्ध निर्गत स्वीकृति आदेश, आवंटन आदेश, व्यय की स्थिति, विभाग द्वारा संचालित मुख्य योजनाओं के कार्यान्वयन की अद्यतन स्थिति, योजनाओं की स्वीकृति तथा उनके कार्यान्वयन की स्थिति, भारत सरकार से राशि की प्राप्ति एवं उसके व्यय की अद्यतन स्थिति की जानकारी एवं आगामी बजट की तैयारी को लेकर निर्देश दिया।

## हाइकोर्ट से निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी को राहत बरकरार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश बरकरार रखा है। हाईकोर्ट के इस आदेश से उन्हें राहत मिली है। यह मामला एयरपोर्ट पर एटीसी से क्लीयरेंस लेकर शाम में फ्लाइट टेकऑफ करने से जुड़ा हुआ है। अब इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 6 मार्च की तारीख मुकर्रर की गई है। अगली सुनवाई तक सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, पार्थ जालान ने पक्ष रखा। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय द्विवेदी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई।

# योगेंद्र साव को हाइकोर्ट से राहत कुर्की- जब्ती आदेश सशर्त निरस्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता योगेंद्र साव को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने बुधवार को योगेंद्र साव के खिलाफ निचली अदालत द्वारा जारी कुर्की-जब्ती के आदेश को निरस्त कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने उन्हें निर्देश दिया है कि वे ट्रायल कोर्ट के समक्ष सरेंडर कर बेल लें। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय द्विवेदी के कोर्ट में योगेंद्र साव की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार मिश्रा ने अदालत में पक्ष रखा। अदालत ने यह शर्त रखी है कि ट्रायल कोर्ट में अगर वह 5 दिसंबर तक उपस्थित हो जाते हैं, तो उनके खिलाफ कुर्की -जब्ती आदेश प्रभावी नहीं होगा।

**रांची सिविल कोर्ट ने गैरजमानती वारंट जारी किया था :** रांची के जगन्नाथपुर थाना में योगेंद्र साव एवं उनके बॉडीगार्ड के खिलाफ धमकी देने का मामला दर्ज है। इस केस में रांची सिविल कोर्ट ने योगेंद्र साव के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया था। इसे रद्द करने के लिए उन्होंने हाईकोर्ट से गुहार लगाई थी। योगेंद्र साव फिलहाल एनटीपीसी भूमि अधिग्रहण से जुड़े आंदोलन के केस में जमानत पर हैं।

# जेबीवीएनएल के सीएमडी हाइकोर्ट के समक्ष हुए हाजिर, मांगी माफी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) के सीएमडी अविनाश कुमार बुधवार को हाइकोर्ट में सशरीर हाजिर हुए और अदालत से माफी मांगी। उन्होंने करीब 23 लाख का चेक दुमका के रानी सती राइस मिल को सौंपा। इसके बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। यह मामला रानी सती राइस मिल के बकाया भुगतान से जुड़ा है। रानी सती राइस मिल पर बिजली चोरी का आरोप लगाकर 30 लाख की वसूली की गई थी। इस मामले में सक्षम न्यायालय ने रानी सती कंपनी के पक्ष में फैसला सुनाया था। फैसले के बाद जेबीवीएनएल को वसूली के 30 लाख लौटाने थे। पैसा वापसी नहीं होने पर रानी सती राइस मिल ने हाइकोर्ट में याचिका दायर की थी। सुनवाई के दौरान राइस मिल प्रबंधन की ओर से बताया गया कि अदालत के अंतरिम आदेश के तहत उन्होंने 30 लाख रुपये बिजली बिल जमा कर दिया था। सक्षम न्यायालय ने रानी सती राइस मिल के पक्ष में फैसला सुनाया और बिजली चोरी का मामला नहीं माना। इसके बाद उनकी ओर से अदालत में 30 लाख रुपये वापस करने का मुद्दा उठाया गया। इस पर पूर्व में अदालत ने जेबीवीएनएल को बिजली बिल का समायोजन कर बकाया राशि वापस करने का निर्देश दिया था। लेकिन अभी तक बोर्ड ने कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं किया था। इस पर राइस मिल की ओर से अवमानना याचिका दाखिल की गई थी।

### समरी की ओर से टिकामचंद पवार की हुई गवाही

**रांची।** 2019 विधानसभा चुनाव में कांके विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी रहे सुरेश बैठा की इलेक्शन पिटीशन पर हाईकोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान भाजपा विधायक समरी लाल की ओर से गवाह टिकामचंद पवार का बयान दर्ज किया गया। टिकामचंद ने भी कोर्ट को यही बताया कि समरी लाल का परिवार आजादी से पहले से रांची में रह रहा है लेकिन इसका कोई दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध नहीं है। जिसके बाद अदालत ने इस मामले की सुनवाई डे टू डे बेसिस पर करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता सुरेश बैठा की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, विभास सिन्हा और अविनाश अखौरी ने पक्ष रखा। समरी लाल की ओर से अमर कुमार सिन्हा ने पक्ष रखा।

## रिम्स मामलों पर हाइकोर्ट का स्वास्थ्य सचिव को सशरीर हाजिर होने का निर्देश

**रांची।** रिम्स की बदहाली और रिम्स से जुड़े अन्य मामलों पर बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने विभिन्न मामलों की सुनवाई एक साथ की। सुनवाई के दौरान राज्य के स्वास्थ सचिव को भी सशरीर उपस्थित होने का कोर्ट ने निर्देश दिया है। कोर्ट ने उन्हें अगली सुनवाई में जवाब के साथ सशरीर हाजिर होने का आदेश दिया है।

## अब 1 दिसंबर को होगी झारखंड कैबिनेट की बैठक

**रांची।** हेमंत कैबिनेट की बैठक अब 1 दिसंबर को होगी। पहले बैठक 28 नवंबर को बुलायी गयी थी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। सूत्रों के मुताबिक कैबिनेट की बैठक टलने का कारण यह है कि 28 नवंबर को सरकार के कई मंत्री राजधानी में नहीं रहेंगे।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा, (पंचायत-शाखा)**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला पंचायत राज कार्यालय, लोहरदगा में नगरपालिका आम निर्वाचन 2022 के निमित निर्वाचन लेखन एवं अन्य सामग्री की आपूर्ति करने हेतु अधिकृत/प्रतिष्ठान/योग्य/अनुभवी प्रतिष्ठानों/गैर सरकारी संस्थाओं से ईच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रण हेतु निविदा आमंत्रण किया जाता है –

2. निविदादाताओं के द्वारा सामग्रियों की आपूर्ति के दर के सहित निविदत किया जायेगा।

3. निविदा से संबंधित विवरणी :–


| | | | |
|---|---|---|---|
| i. | निविदा प्राप्त करने का स्थान | :– | जिला पंचायत राज कार्यालय, लोहरदगा। |
| ii. | निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 23.11.2022 से 05.12.2022 तक |
| iii. | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | :– | दिनांक 05.12.2022, अपराह्न 01.00 बजे तक |
| iv. | निविदा खुलने की तिथि | :– | दिनांक 05.12.2022 को अपराह्न 03.00 बजे |
| v. | निविदा खोलने का स्थान | :– | समाहरणालय लोहरदगा अवस्थित सभा कक्ष। |
| vi. | निविदा की अन्य शर्त्त समाहरणालय, लोहरदगा के वेबसाईट | :– | www.lohardaga.nic.in पर डाउनलोड किया जा सकता है अथवा जिला पंचायत राज पदाधिकारी (पं0), लोहरदगा (मो0नं0–9661177132) से कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है। |

जिला पंचायत राज पदा0, लोहरदगा | उप निर्वाचन पदाधिकारी (न0) लोहरदगा। | उप विकास आयुक्त, लोहरदगा। | जिला निर्वाचन पदाधिकारी (न0) –सह–उपायुक्त, लोहरदगा।

PR 283112 Lohardaga(22-23)#D



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**



नाम–अत्ताउल्ला अंसारी, उम्र– 22 वर्ष, रंग– साँवला, ऊँचाई– 5फीट 5ईंच, पहनावा– जीन्स पैंट और आसमानी रंग का शर्ट पहने हुए है ।

उपरोक्त संबंध में कहना है कि लापता पुरूष अत्ताउल्ला अंसारी, पे0–इदरिस, पत्ता–मीठा बस्ती, थाना–गोन्दा, जिला–राँची, राज्य–झारखण्ड जो दिनांक 28.04.2017 को घर से बिना बताए कहीं निकले जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए जिसके संबंध में गोंदा थाना कांड संख्या–88/17, दिनांक–01.11.2017, धारा–364 भा0द0वि0 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अत: सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूष कहीं मिलते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक गोंदा राँची। –9431102090
थाना प्रभारी, गोंदा राँची। –9431706162

वरीय पुलिस अधीक्षक राँची

PR 283161 (Police)22-23*D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER MINOR IRRIGATION DIVISION KODERMA**

**E-Procurement Notice**

Tender Reference No- WRD/MID/KODERMA/F2-27/2022-23

Date-23-11-2022

| Sl. No. | Name of Work | Renovation of Tilokari Aahar, Village- Tilokari, Block- Jainagar. |
|---|---|---|
| 1 | Estimated Cost (BOQ) (Rs) | 35.946 Lakh |
| 2 | Cost of Tender fee | 5,000.00 (Five Thousand) Only. |
| 3 | EMD | 72,000.00 (Seventy Two Thousand) Only. |
| 4 | Tender Reference No | WRD/MID/KODERMA /F2-27/2022-23 |
| 5 | Completion Period for Construction | 11 Months |
| 6 | Mode of submission of Tender | Online through |
| 7 | Publishing on website | Date-09-12-2022 - 2.00. PM |
| 8 | Period of Downloading of Bidding Documents | Start Date:- 09-12-2022 Time: 2.00 PM End Date:- 15-12-2022 Time: 5.00 PM |
| 9 | Bids online submission | Start Date:- 09-12-2022 Time: 2.00 PM End Date:- 15-12-2022 Time: 5.00 PM |
| 10 | Submission of BID Security & Hard Copy | Date:- 16-12-2022 up to 3.00 PM |
| 11 | Opening Date | Date:- 17-12-2022 at 2.00 PM |
| 12 | Officer inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Koderma. |
| 13 | Office received Hard Copy and Bid Security | 1. E.E M.I Division Koderma. 2. S.E M.I Circle Hazaribagh. 3. E.E M.I Design Division, Ranchi. |

NOTE: -The Tender fee, Earnest Money Deposit (EMD) and Affidavit (Attached Performa) and Bank Certificate for Credit Facility must be submitted up to 16-12-2022 by 3.00 PM. If Tender fee, EMD, Affidavit and Bank certificate for Credit Facility are not received before mention date and time tender shall not be accepted.

Place to receiving Tender fee, EMD, Affidavit and Bank certificate for Credit Facility

Executive Engineer Office, M.I. Division, Koderma / S.E. Office M.I. Circle Hazaribagh /Executive Engineer Office , M.I. Design Division, Ranchi.

Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma.

PR 283185 Minor Irrigation(22-23).D



**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)**
**कार्यालय:–भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा**
E-Mail —IDscochatra@gmail.com

**-: आम सूचना :-**

**वित्तीय वर्ष 2022–23 में कोडरमा जिले के छोटे और सीमांत कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह को अनुदान पर पम्पसेट (1.5-3.0HP), पम्पसेट (3.5-5.0HP) एवं 200Ft HDPE Pipe तथा सोलर पम्पसेट (1.0HP) वितरण की योजना**

सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, राँची के राज्यादेश संख्या 41 दिनांक 11.11.2022 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2022–23 में छोटे और सीमान्त कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह/लैम्पस–पैक्स को पम्पसेट (1.5-3.0HP), पम्पसेट (3.5-5.0HP) एवं 200 ft HDPE Pipe तथा सोलर पम्पसेट (1.0HP) वितरण की योजना अन्तर्गत कोडरमा जिले में मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूप के लाभान्वित कृषक एवं भूमि संरक्षण विभाग द्वारा गत वित्तीय वर्षों में तालाब जीर्णोद्धार एवं जलनिधि योजना के तहत निर्मित परकोलेशन टैंक के लाभान्वित पानी पंचायत के सदस्यों एवं अन्य सिंचाई श्रोत से लाभान्वित कृषकों को भी उक्त योजना के तहत पम्पसेट (1.5-3.0HP), पम्पसेट (3.5-5.0HP) एवं 200 ft HDPE Pipe तथा सोलर पम्पसेट (1.0HP) के क्रय पर अनुमान्य अनुदान की राशि उपलब्ध कराया जायेगा, जिस पर पम्पसेट (1.5-3.0HP) एवं 200 ft HDPE Pipe के वास्तविक लागत का 90 प्रतिशत (अधिकतम 20000 रू०), पम्पसेट (3.5-5.0HP) एवं 200 ft HDPE Pipe के वास्तविक लागत का 90 प्रतिशत (अधिकतम 30000 रू०) तथा सोलर पम्पसेट (1.0HP) के वास्तविक लागत का 90 प्रतिशत (अधिकतम 90000 रू०) अनुदान देय होगा। जिन कृषकों को पूर्व में कृषि विभाग या अन्य विभाग (यथा भूमि संरक्षण विभाग/कृषि विभाग/आत्मा/उद्यान/अन्य विभाग) द्वारा सिंचाई पम्पसेट का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है, उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नहीं होगी। विहित प्रपत्र के साथ कूप स्थल/सिंचाई श्रोत पर लाभुक का फोटोग्राफ, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। भरे हुए आवेदन पत्र पर संबंधित रोजगार सेवक/क्षेत्र पर्यवेक्षक तथा त्रिस्तरीय पंचायती राज के प्रतिनिधि द्वारा अनुशंसा के पश्चात् आवेदन संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कार्यालय में जमा करना होगा। उक्त लाभूकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 05.12.2022 तक विहित प्रपत्र में आवेदन भर कर संबंधित जिला के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से संबंधित कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें, ताकि अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके। इस योजना अन्तर्गत चयनित लाभूक पम्पसेट (1.5-3.0HP) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm)/ पम्पसेट (3.5-5.0HP) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm) तथा सोलर पम्पसेट (1.0HP) क्रय कर क्रय का रसीद, आधार संख्या, बैंक खाता का छायाप्रति, पम्पसेट एवं पाईप/सोलर पम्पसेट के साथ फोटो (जियो टैगींग के साथ) संलग्न कर अनुदान हेतु दावा कार्यालय में प्रस्तुत करेंगें, तत्पश्चात् अनुदान के भुगतान हेतु अग्रतर कार्रवाई की जायेगी। आवेदन पत्र भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा कार्यालय या संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कार्यालय से निशुल्क आवेदन प्राप्त किया जा सकता एवं भूमि संरक्षण निदेशालय के वेबसाईट–www.jharkhandsoil.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। प्राप्त लक्ष्य की विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र०सं० | जिला का नाम | मद | भौतिक लक्ष्य | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पम्पसेट (1.5-3.0HP) | पम्पसेट (3.5-5.0HP) | सोलर पम्पसेट (1.0HP) | |
| 1 | कोडरमा | ओ०एस०पी० | 300 | 40 | 20 | |

नोट :–उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पते पर संपर्क किया जा सकता है।
कार्यालय का पता : 1. भूमि संरक्षण कार्यालय, कोडरमा

भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा।

PR 283136 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 22-23 (D)



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़ (जिला योजना)**

**-:: शुद्धि पत्र ::-**

इस कार्यालय के ज्ञापांक 411/जि०यो० दिनांक 14.11.2022 से "Supply and Installation of 250 KVA, 3 Phase, Silent Genset machine in Ramgarh district, Jharkhand." के लिए निविदा संख्या 05/2022 दिनांक 14.11.2022 प्रकाशित की गयी है। निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि 24.11.2022 को अपराह्न 01:00 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 24.11.2022 को अपराह्न 01:00 बजे निर्धारित की गयी है। (Advertisement PR No: 282826)

उक्त निविदा अपरिहार्य कारणों से स्थगित की जाती है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त, रामगढ़।

PR 283229 (District) 22-23 (D)



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा। (पंचायत–शाखा)**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला पंचायत राज कार्यालय, लोहरदगा में नगरपालिका आम निर्वाचन 2022 के निमित निर्वाचन टेण्ट सामियाना/अस्थायी विद्युतीकरण/ध्वनि विस्तारक यंत्र सामग्री की आपूर्ति करने हेतु अधिकृत/प्रतिष्ठान/योग्य/अनुभवी प्रतिष्ठानों/गैर सरकारी संस्थाओं से ईच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रण हेतु निविदा आमंत्रण किया जाता है –

2. निविदादाताओं के द्वारा सामग्रियों की आपूर्ति के दर के सहित निविदत किया जायेगा।

3. निविदा से संबंधित विवरणी :–

i. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– जिला पंचायत राज कार्यालय, लोहरदगा।
ii. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 23.11.2022 से 05.12.2022 तक
iii. निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 05.12.2022, अपराह्न 01.00 बजे तक
iv. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक 05.12.2022 को अपराह्न 03.00 बजे
v. निविदा खोलने का स्थान :– समाहरणालय लोहरदगा अवस्थित सभा कक्ष।
vi. निविदा की अन्य शर्त्त समाहरणालय, लोहरदगा के वेबसाईट :– www.lohardaga.nic.in पर डाउनलोड किया जा सकता है अथवा जिला पंचायत राज पदाधिकारी, लोहरदगा (मो0नं0–9661177132) से कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला पंचायत राज पदा0, लोहरदगा | उप निर्वाचन पदाधिकारी (न0) लोहरदगा। | उप विकास आयुक्त, लोहरदगा। | जिला निर्वाचन पदाधिकारी (न0) –सह–उपायुक्त, लोहरदगा।

PR 283110 (Lohardaga) 22-23 (D)



**समाहरणालय, कोडरमा (उत्पाद शाखा)**

**खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून के निष्पादन हेतु अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि " झारखण्ड उत्पाद (झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन ) नियमावली 2022 " के कंडिका 32(i) एवं महाप्रबंधक (वित्त), झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के पत्रांक–1419 (अनु0), दिनांक–11.10.2022 द्वारा निर्गत निर्देश के आलोक में कोडरमा जिलान्तर्गत झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून(बड़ा/छोटा) के बिक्री निष्पादन के संबंध में अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किये जाते है। जिला स्तर पर निविदा निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार सम्पादित की जायेगी :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून के निष्पादन हेतु कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, कोडरमा में मुहरबंद निविदा समर्पित करने की प्रारंभिक तिथि। | दिनांक 23.11.2022 |
| 2 | खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून के निष्पादन हेतु कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, कोडरमा में मुहरबंद निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि। | 02.12.2022, अप0 05:00 बजे तक |
| 3 | मुहरबंद निविदा खुलने की तिथि | 03.12.2022 अप0 12:00 बजे |
| 4 | मुहरबंद निविदा खुलने का स्थल | अधीक्षक उत्पाद का कार्यालय, कोडरमा |

उक्त नियमावली/निदेश के तहत आवेदन करने हेतु निविदा की शर्तें, आवेदन प्रपत्र, शपथ पत्र, प्रात्रता की शर्तें, समर्पित किये जाने वाले कागजातों की विवरणी एवं प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत सूचना कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, कोडरमा में संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है एवं https://koderma.nic.in पर भी देखा जा सकता है ।

अधीक्षक उत्पाद कोडरमा

PR 283144 Excise (22-23)_D

# जूमशेदपुर के एसएसपी प्रभात कुमार ने होटलों में कम तलाशी का वादा किया, ऐप के जरिए रखी जायेगी नजर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शहर के होटल मालिकों के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र के दौरान, वरिष्ठ एसपी प्रभात कुमार ने वादा किया कि उन्होंने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत विषम घंटों के दौरान होटलों की तलाशी कम संख्या सुनिश्चित की है। जमशेदपुर होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन जेएचआरए की ओर से जेल चौक स्थित एक होटल में आयोजित संवाद कार्यक्रम में होटल मालिकों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले एक महीने के दौरान उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि अपराध नियंत्रण अभियान के दौरान होटल मालिकों को अनावश्यक रूप से निशाना न बनाया जाए।

उन्होंने कहा कि हालांकि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि शहर में कानून व्यवस्था सुनिश्चित हो लेकिन होटल में रहने वालों से विषम समय के दौरान पूछताछ नहीं की जाती है। उन्होंने वादा किया कि पुलिसिंग बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है और लोगों को उनका समर्थन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह सही है कि चंद गलत धंधे करने वाले होटल मालिकों की सजा पूरे सेक्टर को



होटल एवं रेस्टोरेंट मालिकों से संवाद करते एसएसपी प्रभात कुमार।

नहीं दी जानी चाहिए। इसी तरह पुलिस विभाग के चंद मूर्ख अफसरों के चलते पूरे विभाग के प्रति नकारात्मक परसेप्सन या धारणा नहीं बनाना चाहिए।

इससे पहले जमशेदपुर होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (जेएचआरए) के सदस्यों ने बुधवार को होटल जीवा, साकची में आयोजित समारोह में उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर उन्होंने होटल मालिकों से बातचीत की और अपराध पर अंकुश लगाने में उनका सहयोग किया। उन्होंने होटल मालिकों को निर्देश दिया कि वे पुलिस की किसी भी निहित मांग को 'नहीं' कहें। खासकर रेस्टोरेंट में खाकर बिल न देने अथवा गेस्ट को ठहराने के लिए निःशुल्क कमरों की मांग करना उचित नहीं है। अगर कोई पुलिस वाला ऐसा करता है तो सूचित अवश्य करें।

उन्होंने मेहमानों की चेकिंग के दौरान सतर्क रहने के भी निर्देश दिए। एसएसपी ने कहा कि कोई भी संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर इसकी सूचना तुरंत पुलिस मुख्यालय या नजदीकी पुलिस चौकी के माध्यम से दी जानी चाहिए।

इस मौके पर होटल संचालकों ने होटल में ठहरने वाले अतिथियों को सभी एंट्री पुलिस मुहैया कराने की प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग की। एसोसिएशन इसके लिए एक ऐप लॉन्च करने पर भी विचार कर रहा है। ऐसी सभी चीजों को जल्द ही सुधारने पर टीम काम कर रही है। इनका मुख्य मकसद है कि इससे पुलिस होटल में ठहरने वाले हर शख्स की जानकारी ऑनलाइन देख सकेगी। अगर किसी भी तरह का अपराधी होटल में ठहरता है।

सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, राँची-834031, झारखंड, भारत
सूचना
"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

## एक नजर में

### मनोज का दूसरी बार खादी ग्रामोद्योग आयोग में चयन



**जमशेदपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं स्वदेशी जागरण मंच राष्ट्रीय परिषद सदस्य मनोज कुमार सिंह को खादी ग्रमोद्योग आयोग, भारत सरकार का दूसरी बार सदस्य बनाया गया है। इसकी अधिसूचना भारत सरकार के 21 नवंबर, 2022 के गजट प्रकाशन में हुई। इनका कार्यकाल 13 जुलाई, 2025 तक रहेगा। खादी ग्रमोद्योग आयोग में पूर्व क्षेत्र से सदस्य के नाते पूर्व क्षेत्र जोनल कमिटि के अध्यक्ष के रूप में इनका दायित्व रहेगा। आयोग के पूर्व क्षेत्र के अंतर्गत झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा एवं अंडमान निकोबार का क्षेत्र आता है। मनोज कुमार सिंह दूसरी बार आयोग के सदस्य बने हैं। वे पूर्व में 27 जनवरी, 2021 से 4 सितंबर, 2022 तक आयोग के सदस्य रहे। खादी ग्रामोद्योग आयोग (पूर्व क्षेत्र) के सदस्य बनाये जाने पर मनोज सिंह ने पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम विभाग के मंत्री माननीय नारायण राणे, राज्य मंत्री भानु प्रताप वर्मा, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय जगत प्रसाद नड्डा, नीतिन गडकरी सहित भाजपा के सभी केंद्रीय व प्रदेश के नेताओं के प्रति आभार प्रकट किया।

### प्रेम-प्रसंग में फरार नाबालिग युवक-युवती का मामला वरीय पुलिस अधीक्षक ने सुलझाया




**जमशेदपुर।** विगत कई दिनों से प्रेम-प्रसंग में फरार बिरसानगर के बिट्टू करूवा व गायत्री करूवा को लेकर केंद्रीय मुखी समाज मूलनिवासी के केंद्रीय अध्यक्ष सह झामुमो नेता हरि मुखी के नेतृत्व में मुखी समाज का एक प्रतिनिधिमंडल एसएसपी प्रभात कुमार से मिले व दोनों नाबालिग को वरीय पुलिस अधीक्षक से मिलवाया गया। हरि मुखी ने एसएसपी प्रभात कुमार को पूरे मामले की जानकारी दी। लड़का-लड़की ने एसएसपी के समक्ष कबूल किया कि वे लोग एक दूसरे से प्रेम करते हैं व आपसी सहमति से भागे थे। इस मामले को लेकर लड़का-लड़की के परिवारवालों के द्वारा स्थानीय थाना में शिकायत दर्ज की गई थी। हरि मुखी ने एसएसपी प्रभात कुमार से अनुरोध किया की लड़का-लड़की को अपने-अपने घर भेज दिया जाए व स्थानीय थाना में जो भी शिकायत दर्ज है, उस शिकायत को वापस लिया जाए। एसएसपी प्रभात कुमार ने इस मामले को लेकर तत्काल स्थानीय थाना से संपर्क कर दोनो नाबालिग लड़का-लड़की को अपने अपने घर भेजवाने व जो भी मामला दर्ज है उसे निरस्त करने का आदेश दिया। केंद्रीय मुखी समाज मूलनिवासी ने इसके लिए एसएसपी प्रभात कुमार के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर हरि मुखी के अलावा सोपोन करूवा, किशोर मुखी, शैलेश करूवा, राजा कालिंदी, रवि करूवा शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### एग्रिको मैदान में हाई मास्क लाइट को ठीक करवाने की मांग

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक प्रतिनिधि पवन अग्रवाल ने विशेष पदाधिकारी संजय कुमार को पत्र लिखकर एग्रिको मैदान में पुर्व मुख्यमंत्री श्री रघुबर दास की अनुसंशा से लगाये गए एग्रिको मैदान में हाई मास्क लाइट को ठीक करवाने का मांग किया। पवन ने अपने पत्र में कहा कि शाम के समय काफी संख्या में मैदान में महिलाएं टहलती है सुरक्षा के आलोक में प्रकाश की ब्यास्था की गई थी। कुछ दिनों से मैदान के आस पास महिलाओ से छिनतई की घटना काफी बढ़ गई है तथा मैदान में अंधेरा होने से असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। मैदान में ही शराब पीना आम बात हो गई है। जिसके कारण महिलाओं को काफी असुविधा होने लगी है। सरकारी राशि से लगाये गए लाइट का लाफ आम जनता को नही मिल रहा है। जेएनएसी के लाइट को कुछ सालों तक मेंटेनेंस की जिम्मेदारी संवेदक की होती है। भारतीय जनता पार्टी में जनहित की आलोक में अविलम्ब उपरोक्त लाइट को दुरुस्त कराने का आग्रह किया है।

### 26-27 को पोटका और बहरागोड़ा में लगेगा प्रखंड आयुष मेला

**जमशेदपुर।** राज्य सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देशानुसार पोटका प्रखंड मुख्यालय स्थित सीएचसी परिसर के सामने मैदान में तथा बहरागोड़ा प्रखंड में सीएचसी परिसर (आयुष भवन के पास) दो दिवसीय 'प्रखंड आयुष मेला' का आयोजन 26 एवं 27 नवंबर को किया गया है । जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आलोक चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि प्रखंड स्तरीय मेला पूर्वाह्न 09 बजे से अपराह्न 04 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उन्होने कहा कि भारत सरकार, आयुष मंत्रालय द्वारा चलायी जा रही योजना राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत विभिन्न मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, संचारी और गैर-संचारी रोगों की रोकथाम, पोषण संबंधी कमियों, महामारियों के कारण होने वाली सामुदायिक स्वास्थ्य समस्या एवं वेक्टर जनित रोग आदि स्वास्थ्य जागरूकताओं एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को जन-मानस तक पहुंचाने एवं लाभान्वित करने के उद्देश्य से मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेला में आने वाले ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ एवं परामर्श दिया जायेगा।

## कर्मियों ने नियमित करने की मांग को लेकर स्वास्थ्य मंत्री से की मुलाकात

# एनएचएम कर्मियों को जल्द मिलेगी खुशखबरी, रखें धैर्य : बन्ना गुप्ता

- नियमितीकरण के लिए कमेटी गठन की चल रही प्रक्रिया : स्वास्थ्य मंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आवासीय कार्यालय पर करीब 10 बजे से सैकड़ो की संख्या में एनएचएम के विभिन्न जिलों से आये कर्मियों ने अपने नियमितीकरण की मांग को लेकर मुलाकात की। इससे पहले भी करीब 1 माह पहले इन्होंने मुलाकात कर अपनी मांगें रखी थी।

जब मंत्री बन्ना गुप्ता को पता चला कि एनएचएम कर्मियों ने मुलाकात करने की इच्छा जाहिर की है तो वें स्वयं आवास से बाहर आये और कर्मियों से वार्ता की।

मंत्री बन्ना गुप्ता ने कर्मियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गठबंधननीत सरकार मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में तेज गति से विकास का कार्य कर रही है। इसके साथ ही विभिन्न अनुबंध कर्मियों के समस्याओ के समाधान के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मैंने अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखकर एक


कदमा आवास पर मिलने आईं एनएचएम के कर्मियों से मिलते स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता।

तीन सदसीय कमिटी के निर्माण का निर्देश दिया है जो हाई कोर्ट के निर्देश और अन्य राज्यों के नियमावली के अध्ययन के बाद, राज्य के विभिन्न अनुशंसाओं को आधार बनाकर एक रिपोर्ट सरकार को समर्पित करें, जिसपर सीएम के दिशा निर्देश के बाद आगे बढ़ेंगे।

मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि आज स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव से इस संबंध में बात कर कल एक प्रतिनिधिमंडल को पुनः वार्ता के लिए बुलाया है, मंत्री के आश्वासन से संतुष्ट होकर कर्मियों ने स्वास्थ्य मंत्री जिंदाबाद और बन्ना गुप्ता जिंदाबाद का नारा लगाया और खुशी खुशी अपने कार्यों में लौट गये।

## बास्केटबॉल पुरुष व महिला टूर्नामेंट में करीम सिटी कॉलेज बना चैंपियन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** कोल्हन विवि चाईबासा इंटर कॉलेज बास्केटबॉल (पुरुष एवं महिला) टूर्नामेंट 2022 को टाटा कॉलेज चाईबासा ने चाईबासा में आयोजित किया। यह दो दिवसीय प्रतियोगिता कल 21 नवंबर को प्रारंभ हुई जिसका आज 22 नवंबर को समापन हुआ। इस के तहत पुरुष तथा महिला दोनों प्रतियोगिताओं में करीम सिटी कॉलेज विजयी रहा। पुरुषों की प्रतियोगिता में करीम सिटी कॉलेज की टीम ने एलबीएसएम की टीम को हराया तथा महिला प्रतियोगिता में करीम सिटी कॉलेज की टीम ने पीजी डिपार्टमेंट, कोल्हान विवि को पराजित किया। बास्केटबॉल के यह दोनों मुकाबले बहुत ही दिलचस्प हुए। इसकी फाइनल प्रतियोगिता के अवसर पर कोल्हान विश्वविद्यालय के एफ ओ डॉ पी के पानी, प्रॉक्टर डॉक्टर खान तथा टाटा कॉलेज की प्राचार्या के अलावा कई अधिकारियों ने मौजूद रहकर खेल का आनंद उठाया और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। यह टूर्नामेंट डॉ फिरोज इब्राहिमी, स्पोर्ट्स इंचार्ज, करीम सिटी कॉलेज के कैप्टनशिप में खेला गया। मौके पर करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को तथा डॉ फिरोज इब्राहिमी को बधाई दी।

## नोआमुंडी रन-ए-थॉन 27 को, 5000 प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर/ नोवामुंडी।** टाटा स्टील के नोआमुंडी रन-ए-थॉन के चौथे संस्करण में झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में माइंस के गढ़ नोआमुंडी में देश भर से बड़ी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है, जो 27 नवंबर नोआमुंडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में को आयोजित किया जाएगा। रन 27 नवंबर को नोआमुंडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से सुबह 6 बजे पहली दौड़ के साथ शुरू होगी।

मेगा रन में भाग लेने के लिए 5000 रजिस्ट्रेशन के साथ नोआमुंडी और उसके आसपास रहने वाले समुदाय और लोगों के बीच उत्साह स्पष्ट देखा जा सकता है। वार्षिक आयोजन ने काफी सुर्खियां बटोरी हैं और विशेष रूप से स्कूल और कॉलेज के छात्रों के बीच लोकप्रियता हासिल की है।

इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभी आयु वर्ग के खेल प्रेमी उत्साहित हैं, जिसे दो साल के अंतराल के बाद -बिल्डिंग अ ग्रीनर टुमॉरो थीम के साथ आयोजित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम को भव्य रूप से सफल बनाने के लिए रन इवेंट्स के क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों और अनुभवी डोमेन विशेषज्ञों की एक टीम को शामिल किया गया है। इसके अलावा, 200 स्वयंसेवकों को आयोजन के दौरान सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैनात किया जायेगा। रन के मार्ग में पानी, मोबाइल टॉयलेट, डस्टबिन, मेडिकल टीम, एंबुलेंस जैसी तमाम सुविधाएं होंगी। इस वर्ष, पुरुषों और महिलाओं (15 वर्ष और उससे ऊपर) के लिए 10 किमी और 7 किमी, 12 से 16 वर्ष की आयु के लड़कों और लड़कियों के लिए 5किमी और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए 2 किमी जैसी श्रेणियों में दौड़ आयोजित की जा रही है। विभिन्न श्रेणियों में जीती जाने वाली कुल पुरस्कार राशि पांच लाख सैंतीस हजार रुपये (5,37,000/- रुपये) है।

## मारवाड़ी सम्मेलन साकची शाखा ने प्रांतीय कमेटी में शामिल सदस्यों का किया सम्मान



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन साकची शाखा द्वारा आयोजित हुए एक सम्मान समारोह में झारखंड मारवाड़ी सम्मेलन की प्रांतीय कमेटी सत्र 2022-24 में शामिल साकची शाखा से चुने गए सदस्यों का सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। साकची ठाकुरबाड़ी रोड़ स्थित श्री महालक्ष्मी दादी मंदिर में शाखा अध्यक्ष महावीर प्रसाद मोदी की अध्यक्षता में समारोह संपन्न हुआ।

सम्मान समारोह में आपसी चर्चा के दौरान सभी ने एक मत से इस बात पर जोर दिया कि समाज में फैली रही कुछ कुरीतियों को दूर करने के लिए आपस में मिलकर काम करने की जरूरत है। साकची शाखा महामंत्री सुरेश कांवटिया एवं कोषाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल गोल्डी ने बताया की सम्मानित सदस्यों का प्रांतीय कमेटी में चुना जाना मारवाड़ी सम्मेलन साकची शाखा के लिए बहुत ही गर्व की बात है। समारोह में सम्मानित होने वालों में प्रान्तीय उपाध्यक्ष ओम प्रकाश रिंगसिया, प्रान्तीय संयुक्त महामंत्री अजय चेतानी व दीपक पारीक, मीडिया प्रभारी विनोद शाह, महिला प्रकोष्ठ अंजु चेतानी, वित्त संग्रह दिनेश अग्रवाल (मुन्ना) एवं कानूनी सलाहकार राजीव अग्रवाल, स्थायी विशेष आमंत्रित सदस्य शंभु खन्ना, कार्यकारणी सदस्य संतोष अग्रवाल, सुनील देबुका एवं सांवरमल अग्रवाल आदि शामिल हैं। इसके अलावा मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय रक्तदान संयोजक और स्टील सिटी शाखा जमशेदपुर के अध्यक्ष सार्थक अग्रवाल को भी 51 बार एचडीपी रक्तदान करने के लिए सम्मानित किया गया।

## भाजपा के जनाक्रोश प्रदर्शन में 25 को जुटेंगी महिला कार्यकर्ता



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** हेमंत सरकार में महिला अत्याचार, बढ़ते दुष्कर्म, महिला उत्पीड़न एवं महिला सुरक्षा को लेकर किये जा रहे अनदेखी पर भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ता आक्रोशित हैं। हेमंत सरकार के खिलाफ भाजपा जमशेदपुर महानगर आगामी 25 नवंबर को उपायुक्त कार्यालय पर प्रस्तावित जनाक्रोश प्रदर्शन में महिला कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होकर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। बुधवार को भाजपा जमशेदपुर महिला मोर्चा अध्यक्ष ज्योति अधिकारी की अध्यक्षता में आक्रोश प्रदर्शन के निमित्त बैठक हुई। 25 के जनाक्रोश प्रदर्शन को सफल बनाने के साथ महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर चर्चा हुई। इस दौरान तय किया गया कि सभी कार्यकर्ता अपने मंडल क्षेत्र से भाजपा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यक्रम स्थल नेताजी सुभाष (आम बागान) मैदान के लिए प्रस्थान करेंगे।

### करीम सिटी कॉलेज के वूमेंस सेल ने किया फिटनेस वर्कशॉप का आयोजन



**जमशेदपुर।** बुधवार को कॉलेज के सभागार में करीम सिटी कॉलेज के वूमेंस सेल ने एक फिटनेस वर्कशॉप का आयोजन किया। इसका उद्घाटन करीम सिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ मोहम्मद रियाज ने किया। उन्होंने फिटनेस और स्वच्छता के महत्व के बारे में बातें की। फिटनेस ट्रेनर देव कुमार, जुम्बा, स्ट्रेंथ वर्कआउट और कार्डियो ट्रेनर डॉ फिरोज इब्राहिमी, एचओडी, मनोविज्ञान और खेल विभाग प्रभारी ने छात्रों को स्वास्थ्य मनोविज्ञान और शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध पर जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन वूमेंस सेल की छात्र प्रतिनिधि सना वकील ने किया। मौके पर शिक्षिकाओं में वूमेंस सेल की समन्वयक डॉ कौसर तसनीम, डॉ नेहा तिवारी, डॉ बसुधारा रॉय, डॉ याहिया इब्राहिम, डॉ अनवर शाहब, साजिद, कंचनबाला, प्रीति सिंह, रन्ना पांडे, शाहीन परवीन व नुरूस सबा उपस्थित थे। सत्र में सेंट्रल करीमिया स्कूल की छात्राओं सहित 200 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। एरोबिक्स और जुम्बा वर्कआउट सहित यह बेहद ऊजार्वान और प्रभावी सत्र था। सेल के सदस्यों ने एनईपी में फिटनेस के महत्व पर जोर दिया। अभ्यास सत्र में विद्यार्थियों के साथ प्रधानाध्यापक के साथ-साथ शिक्षकों ने भी हिस्सा लिया। सत्र का संचालन देव कुमार ने बेहद ऊजार्वान तरीके से किया और छात्रों ने उत्साह से भाग लिया।

### डीआरडीए निदेशक सौरभ कुमार सिन्हा ने किया योजनाओं का भौतिक निरीक्षण




**जमशेदपुर।** सौरभ कुमार सिन्हा, निदेशक डीआरडीए पूर्वी सिंहभुम, जमशेदपुर सह- वरिय प्रभारी पदाधिकारी, घाटशिला के द्वारा घाटशिला प्रखण्ड कार्यालय में संबंधित सभी विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए आवश्यक दिशानिर्देश दिए। तत्पश्चात योजनाओं का भौतिक निरीक्षण भी किये। निरीक्षण में कुमार एस अभिनव, बीडीओ घाटशिला,सहायक अभियंता (मनरेगा), प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक (मनरेगा), कनिय अभियंता(15वाँ वित्त) आदि के साथ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय रुर्बन मिशन अन्तर्गत काशिदा पंचायत में संचालित हेरिटेज विलेज, टेलरिंग प्रोडक्सन युनिट,मार्केट कॅमप्लेक्स आदि योजनाओं का निरिक्षण करते हुए आमाईनगर ग्राम में स्थित हेल्थ एण्ड वेनटीलेशन सेंटर का औचक निरिक्षण किया गया।

### नगर निकाय चुनाव : जिला प्रशासन ने कृषि बाजार उत्पादन समिति परसुडीह में शुरू की व्यवस्था

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में आगामी नगर निकाय चुनाव के संचालन हेतु जिला प्रशासन द्वारा कृषि बाजार उत्पादन समिति परसुडीह में व्यवस्था की जा रही है। इस हेतु दुकानदारों से उनके दुकान/ गोदाम खाली करवा कर अन्यत्र स्थानांतरित करने को कहा जा रहा है। इससे दुकानदारों के सामने दुविधा की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस संदर्भ में स्थानीय दुकानदारों द्वारा संपर्क कर व्यथा बताने पर सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सचिव (ट्रेड एंड कॉमर्स) अनिल मोदी ने जिला प्रशासन से दुकानदारों की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए चुनाव हेतु वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बाजार समिति में अधिकतर व्यापिरयों के पास एक ही गोदाम है।जिसमें माल रखा हुआ है। अचानक माल स्थान्तरित करने के लिए व्यापिरयों के पास ना तो समुचित जगह है न ही कोई व्यवस्था है। ऐसे में उनका व्यापार बुरी तरह प्रभावित होगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में सम्पन्न पंचायत चुनाव में भी व्यापिरयों को इसी तरह की दिक्कतों से जूझना पड़ा था। ऑनलाइन बिजनेस के इस दौर में ऐसे ही व्यापिरयों पर अस्तित्व का संकट है। इस दुकान के अलावे उनके जीविकोपार्जन का कोई अन्य साधन नहीं है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की की मानवीय पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगामी नगर निकाय चुनाव की प्रक्रिया के संचालन हेतु किसी और वैकल्पिक स्थान का चयन किया जाए ताकि चुनावी प्रक्रिया भी सम्पन्न हो एवं व्यापिरयों का भी नुकसान न हो।

# उद्योग व्यापार को गति देना आजसू की प्राथमिकता : सहिस

- उद्योग और व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बने अशोक मंडल
- कार्यकारी अध्यक्ष विपुल रॉय, सुरेश गनेरीबाल, प्रधान सचिव बने श्याम बिहारी यादव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी उद्योग एवम व्यापार प्रकोष्ठ का जिला सम्मेलन साकची सब्जी मार्केट स्थित टैंक एरिया अशोक मंडल के गोदाम में हुई, सम्मेलन की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने किया जबकि संचालन जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी ने किया वही धन्यवाद ज्ञापन हेमंत पाठकों किया।

सम्मेलन में बतौर अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा की आजसू पार्टी का अभिन्न अंग है अखिल झारखंड उद्योग एवम व्यापार प्रकोष्ठ और इसके लिए पार्टी ने विशेष तौर पर राज्य के विकास की नई पठकथा लिखने हेतु आजसू पार्टी और पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो जी ने तैयार किया है इसके पहले अन्य पार्टियां इसे इस्तेमाल करती है और भयादोहन कर मुक्त कर देते है



लेकिन आजसू पार्टी ने इसे भी एक मजबूत स्तंभ बनाते हुए राजनीति में भागीदारी सुनिश्चित कर रणनीति बनाकर स्मपूर्ण विकास करने के लिए योजना बद्ध तरीके से कार्य करने और उसके लिए जरूरी अवसर प्रदान करने का संकल्प लिया है।

उक्त अवसर पर उद्योग व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक दीपक अग्रवाल ने कहा की राज्य की हेमंत सरकार जब से बनी है व्यापारी वर्ग का शोषण कर रही है इनके कार्यकाल में सबसे ज्यादा उद्योग धंधे बंदी के कगार पर है या बंद हो चुके है , इनके जैसा भ्रष्ट मुख्यमंत्री जो स्वयं को व्यापारी बना इडी का चक्कर लगा रहे है और जो स्वयं ईडी का चक्कर लगाए उससे आप इस राज्य में किसी व्यापार या उद्योग धंधे के बारे के क्या उम्मीद कर सकते है इस लिए आजसू पार्टी जो सदैव हर समाज हर वर्ग का ख्याल रखती है।

सम्मेलन में प्रो रवि शंकर मौर्या ने कहा कि व्यापार और राजनीति सायकिल की तरह है जबतक चलाइयेगा चलेगा रोक दीजिएगा तो रुक जायेगा।

**जिला सम्मेलन में बनी नई कमेटी इस प्रकार है**

अध्यक्ष - अशोक मंडल
कार्यकारी अध्यक्ष - विपुल रॉय,सुरेश गनेरीवाल
उपाध्यक्ष - नागेंद्र सिंह, अनिल यादव, विकास कौल
प्रधान सचिव - श्याम बिहारी यादव
सचिव - प्रणय महतो
कोषाध्यक्ष - अनिल पलसनीया
सोशल मीडिया प्रभारी - सन्नी कुमार, विकास लोहार
कार्यकारी सदस्य -वरुण मंडल, धनंजय यादव, अभिषेक मंडल, नगीना सिंह, फूलचंद मंडल, अजय सिंह, राजीव कुमार, यशवंत कुमार, अरविंद कुमार सिंह।

## स्पीड न्यूज

### ऑक्सफोर्ड स्कूल में वार्षिक प्रदर्शनी कल



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल न्यू टाउनशिप शाहपुर में 25 नवंबर को वार्षिक प्रदर्शनी आयोजित की गयी है। साथ ही सत्र 2020-21 की वार्षिक परीक्षा में 90 प्रतिशत एवं ऊपर नंबर लाने वाले विद्यार्थियों को 1001 रुपये गिफ्ट चेक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी वार्षिक प्रदर्शनी का उद्घाटन व विद्यार्थियों को पुरस्कृत करेंगी। उक्त जानकारी ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने दी।

### बच्चों में पढ़ाई के साथ खेल जरूरी : विधायक



**पाटन पलामू।** प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2022 किशुनपुर बीआरसी भवन के सामने आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पुष्पा देवी ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चे बच्चियां सभी तरह का दौड़ कूद, कबड्डी, खो-खो में भाग लिये। विधायक ने 200 मीटर की दौड़ में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार दिया। कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। पढ़ाई के साथ खेल जरूरी है। मौके पर बीडीओ पाटन मनोज तिवारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य, जिप सदस्य संग्राम सिंह, विधायक प्रतिनिधि किशनपुरा अशोक तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी नीलम कुमारी, किशनपुर मुखिया सुमन गुप्ता, शिक्षक, विद्यार्थी शामिल थे।

### मनोज दूबे बने जदयू के पलामू जिलाध्यक्ष



**मेदिनीनगर।** पांकी रोड स्थित जदयू के जिला कार्यालय में पार्टी के जिलाध्यक्ष का चुनाव हुआ। जिसमें पर्यवेक्षक जदयू के प्रदेश सचिव उपेंद्र नारायण सिंह व जिला निर्वाचन पदाधिकारी जनकधारी महतो थे। सर्वसम्मति से जदयू के सभी सदस्यों ने मनोज दुबे को पार्टी का जिलाध्यक्ष चुना। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ राजनारायण सिंह पटेल, युवा जिलाध्यक्ष अमरजीत यादव, प्रदेश के पूर्व सचिव महेश्वर प्रसाद चौधरी, यशवंत सिंह, प्रमोद सोनी, अवध किशोर सिंह, मंजू देवी, रंजू देवी, सरस्वती देवी, दुर्गेश प्रसाद आदि भी थे।

### कोकाडू ग्राम के असन्दहा पहुंचे बीडीओ




**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड के बांसडीह खुर्द पंचायत के कोकाडू गांव का एक छोटा सा टोला असन्दहा में आजादी के बाद अभी तक उस टोला का विकास को लेकर कोई नहीं पहुंचा। लेकिन आज साहस का परिचय देते हुई रामगढ़ बीडीओ पार्थ नंदन एवं पंचायत के जन प्रतिनिधि पहुंचे। मुख्य सड़क से महज 3 किमी का यह रास्ता पैदल है। जर्जर रास्ते से बाइक व वाहन से नहीं जाया जा सकता है। असन्दहा टोला में 18 घर आदिम जनजाति परहिया की बस्ती है, जहां पर करीब 100 से ऊपर जनसंख्या है। बीडीओ त्वरित कार्रवाई करते हुए इस टोले में 3 टीसीबी और एक कुंआं मनरेगा के तहत चालू करने का निर्देश दिया। 20 सूत्री उपाध्यक्ष उदय यादव ने कहा कि हम सभी के प्रयासों से यहां के लोगो को पानी, बिजली, आवास और रोजगार प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध होगा। मौके पर रामगढ़ प्रमुख, प्रेमनी देवी, पंचायत के मुखिया, संगीता देवी, पंचायत सचिव, ताहिर अली, खए, रवि शंकर यादव थे।

### सत्यप्रकाश बने विस्थापित मंच के अध्यक्ष



**नौडीहा बाजार (पलामू)।** नौडीहा बाजार प्रखंड के राजकीय उच्च विद्यालय गुलाबझरी के प्रांगण में जलाशय डूबी क्षेत्र में अधिकृत 18 गांव के रैयत के बीच आम सभा लक्ष्मीपुर मुखिया हेवंती देवी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें बटाने सह प्रभावित मंच के गठन के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। गठन के लिए सेवा निवृत प्राध्यापक सुरेंद्र सिंह को पर्यवेक्षक के लिए मनोनीत किया गया। बैठक में बटाने विस्थापित सह प्रभावित मंच का विस्तार किया गया। जिसमें अध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष अशोक यादव, कोषाध्यक्ष संजय यादव, महासचिव संतोष कुमार सिंह, संरक्षक अनिल सिंह, मीडिया प्रभारी मृत्युंजय सिंह और रवि शंकर कुमार संगठन मंत्री अजय सिंह सहित कार्यकारणी के रूप में अजीत सिंह, प्रमोद यादव चुने गये।

### पदयात्रा तय करेगी देश की दशा-दिशा



**चैनपुर पलामू।** जिला कांग्रेस कमेटी की भारत जोड़ो यात्रा चैनपुर प्रखंड पहुंची। जहां यात्रा का जबरदस्त स्वागत हुआ। जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में चैनपुर प्रखंड में पदयात्रा की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुनील दुबे ने की और कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रतिनिधि प्रखंड प्रभारी विनोद तिवारी ने किया। श्री पाठक ने कहा कि जन जन के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम 7 सितंबर से कन्या कुमारी से शुभारंभ किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश में आज महंगाई और बेरोजगारी की समस्या चरम पर है। मौके पर विनोद तिवारी, शमीम अहमद राइन, नफीज खान, राजेंद्र अग्रवाल, विद्या सिंह चेरो, जितेंद्र कमलापुरी, घुरा तिवारी, राजेश चौरसिया, देवांगन शुक्ला, अजय साहू भी थे।

### सात विद्यार्थी प्रतियोगिता के लिए चयनित



**हरिहरगंज पलामू।** खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत बुधवार को संपन्न हुए प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 6 खेल के 11 प्रतियोगी छात्र- छात्राओं का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। इनमें सीता उवि के 6 विद्यार्थी शामिल है। चयनित होने वाले प्रतिभागियों में 100 मीटर दौड़ के लिए सीता उवि के आकाश कुमार, कस्तूरबा विद्यालय की रिंकी, 200 मीटर दौड़ के लिए सीता उवि की श्वेता, आकाश कुमार, 400 मीटर दौड़ के लिए नीतीश कुमार, श्वेता कुमारी, 800 मीटर दौड़ के लिए सीता उवि के राहुल कुमार, खड़गपुर उवि की शीला कुमारी, 15 मीटर दौड़ के लिए सरसोत उवि की मीनू कुमारी, सीता उच्च विद्यालय के छोटू कुमार तथा 3000 मीटर दौड़ के लिए सीता उच्च विद्यालय के छोटू कुमार का चयन किया गया है।

# आजादी के बाद पांकी विस में एक साथ कई सड़कों का होगा टेंडर : डॉ शशिभूषण

- पांकी विधानसभा क्षेत्र में आठ सड़क योजनाओं का बिछेगी जाल
- अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र चक में पुल नहीं बनने के कारण लोगों को होती थी परेशानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र आजादी के बाद से उपेक्षित रहा है। यह विधानसभा अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र माना जाता था। जहां की लोगों को आवागमन के लिए सड़कें उपलब्ध नहीं थी। जिस कारण इस क्षेत्र में व्यापारी प्रतिष्ठान भी प्रभावित होता था। आज आजादी के बाद इस विधानसभा क्षेत्र में घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र से लेकर प्रखंड मुख्यालय एवं गांव स्तर तक की सड़कों का जाल बिछने जा रहा है। विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता के प्रयास से आठ सड़कों का निर्माण कार्य सफल हो गया है। जिसमें कई सड़कों की स्वीकृति मिल चुकी है। जिसका टेंडर एक माह के अंदर होनेवाला है। जबकि कई सड़कों का स्वीकृति मिलने में प्रक्रियाधीन है। जो जल्द ही स्वीकृति मिलनेवाला है।

विधायक शशिभूषण ने परिसदन भवन में प्रेस वार्ता कर कहा कि विगत 14-15 वर्षों से नक्सल प्रभावित एरिया चक में सड़क एवं पुल पुलिया नहीं होने के कारण तथा पुल का एप्रोच पथ नहीं होने के कारण लोगों को परेशानियां होती थी। जो अब समाप्त हो चुका है। पांकी से चक तक कई पुल निर्माण किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से पाँकी विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण पथ निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। बहुत जल्द ही ग्रामीण पथों का निर्माण कर आम जनता को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।



पत्रकार वार्ता में जानकारी देते पांकी विधायक व अन्य भाजपा नेता।

श्री मेहता ने कहा कि बचकना हरकत करनेवाले कुछ ठेकेदार टाईप के नेता अपनी प्रशंसा लेने में अपनी बाहबाही खुद ही कर रहे हैं। वैसे लोग अनुकंपा पर नेतागिरी कर रहे हैं जो ज्यादा दिन तक चलनेवाला नहीं है वे बिशुद्ध ठेकेदार बन कर ही रहेंगे। कहा कि पांकी विस क्षेत्र में किसी भी कार्य में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जायेगा। ठेकेदार ठेकेदारी प्रथा को छोड़कर जनसेवा की भावना से कार्य करें। उन्होंने कहा कि 80 से 90 करोड़ की लागत से सड़कों का निर्माण कार्य होने जा रहा है। केंद्र सरकार काफी संवेदनशील है।

शहर से लेकर गांव स्तर तक की सड़कों को जोड़ने के लिए केंद्र सरकार ने जो बीड़ा उठाया है उसे पांकी विस क्षेत्र में सफल किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रखण्ड- पाँकी अन्तर्गत पांकी कर्पूरी चौक से बराज होते हुए बिनयका, छतरपुर, नवगढ़, टंडवा होते हुए सोनपुरा तक- 14.016 किमी, प्रखंड- तरहसी अन्तर्गत तरहसी से सोनपुरा होते हुए तेतराई तक- 20.478 किमी, प्रखंड- नीलांबर-पीतांबरपुर के राजोगाड़ी से सोंस होते हुए अखौरीपतरा तक- 5.084 किमी, प्रखंड नीलांबर-पीतांबरपुर के राजोगाड़ी से पहाड़ीकला होते हुए सोहोगड़ा तक- 5.06 किमी, प्रखंड नीलांबर-पीतांबर पुर अंतर्गत डाल्टनगंज नीलांबर पीतांबरपुर-पांकी पथ से पचमो तक- 5.9 किमी, प्रखंड- तरहसी अन्तर्गत बेदानी से सेवती तक- 5.326 किमी., प्रखंड- पांकी के तेतराई से कोनवाई होते हुए बसरिया तक- 5.1 किमी, प्रखंड- सतबरवा अन्तर्गत धावाडीह से दरुवा, एकता हुए बकोरिया-आगरडीह तक- 11.11 किमी तक सड़क निर्माण कराया जायेगा। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम सिंह व अन्य उपस्थित थे।

# केंदू पत्ता संग्रहण मूल्य ₹1650 प्रति मानक बोरा का परामर्श देने का निर्णय

- केंदूपत्ती के अवैध रूप से संग्रहण को रोकने को टास्क फोर्स के गठन का सुझाव
- आयुक्त सह केंदूपत्ती सलाहकार समिति के अध्यक्ष जटा शंकर चौधरी की अध्यक्षता में हुई केंदूपत्ती सलाहकार समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आयुक्त सह केंदूपत्ती सलाहकार समिति के अध्यक्ष जटा शंकर चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को आयुक्त कार्यालय में केंदूपत्ती सलाहकार समिति की बैठक हुई। इसमें पलामू प्रमंडल के कार्य क्षेत्र के वर्ष, 2023 संग्रहण मौसम के लिए केंदूपत्ती संग्रहण मूल्य प्रति मानक बोरा का परामर्श देने के लिए विचार-विमर्श हुआ।



बैठक में समिति द्वारा सर्वसम्मति से वर्ष 2023 संग्रहण मौसम के लिए प्रति मानक बोरा 100 रुपए की बढ़ोत्तरी करते हुए केन्दूपत्ती संग्रहण मूल्य 1650 रुपए प्रति मानक पूरा का परामर्श दिए जाने का निर्णय लिया गया। इसमें सरकारी भूमि पर उगने वाले केंदूपत्ती एवं रैयती भूमि पर उगने वाले केन्दूपत्ती शामिल हैं। विगत वर्ष, 2022 मौसम के लिए पलामू प्रमंडल के कार्य क्षेत्र अंतर्गत रैयती भूमि एवं वन भूमि के लिए 1550 रुपए प्रति मानक बोरा प्रस्तावित किया गया था, जिसे राज्य सरकार द्वारा 2022 संग्रहण मौसम के लिए संग्रहण मूल्य 1550 रुपए प्रति मानक बोरा निर्धारित किया गया है। केंदूपत्ती सलाहकार समिति ने सर्वसम्मति से परामर्श दिया कि मत दिया गया कि आईएफपी अन्य कोई तकनीकी, वैज्ञानिक संस्थान द्वारा नये तरीके से सर्वे कराकर अधिसूचित मात्रा में संशोधन कराने पर विचार किया जा सकता है।

**खास बातें :** साथ ही केंदूपत्ती की भंडारण क्षमता में वृद्धि के लिए समिति द्वारा परामर्श दिया गया कि केंदूपत्ती के नए गोदामों के निर्माण बरवाडीह, मनिका, धुरकी एवं भवनाथपुर आदि स्थानों पर केंदूपत्ती प्राथमिक संग्राहक समिति के पास उपलब्ध विकास मद की राशि से अथवा वन निगम अपने संसाधन से संयुक्त रूप से करा सकती है। केन्दूपत्ती संग्राहक समिति के पास उपलब्ध विकास मद की राशि से विकास योजनाओं एवं केन्दूपत्ती पौधों के संवर्धन के कार्यों के साथ-साथ नए गोदाम का निर्माण, दोना-पत्तल निर्माण/ मधुमक्खी पालन से संग्राहक समितियों के आय में वृद्धि हो सकती है। समिति का सुझाव है कि झारखंड राज्य केन्दूपत्ती नीति, 2015 के अनुसार संग्रहण मूल्य का भुगतान केंदूपत्ती प्राथमिक संग्राहक समिति से ही कराया जाये।

# पांकी के वर्तमान विधायक डॉ शशिभूषण पूर्व विधायक बिट्टू सिंह व लाल सूरज बरी

बीडीओ ने लेस्लीगंज थाना कांड संख्या 25/ 2016 5 मई 2016 को दर्ज कराया था। इनपर आरोप था कि पार्टी कार्यालय बिना अनुमति के खोला गया था, जो आचार संहिता का उल्लंघन था

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आदर्श आचार संहिता के एक मामले में पांकी विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता, पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह व लाल सूरज को स्पेशल एमपी एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट सतीश कुमार मुंडा की अदालत ने साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया।

इस मामले में बचाव पक्ष के अधिवक्ता राहुल सत्यार्थी ने बताया कि लेस्लीगंज के तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने लेस्लीगंज थाना में उपरोक्त तीनों लोगों के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत बिना अनुमति का पार्टी कार्यालय संचालन करने को लेकर नामजद प्राथमिकी लेस्लीगंज थाना कांड संख्या 25/ 2016 5 मई 2016 को दर्ज कराया था। उपरोक्त लोगों पर आरोप था कि पार्टी कार्यालय बिना अनुमति के खोला गया था जो आचार संहिता का उल्लंघन था।



बरी होने के बाद न्यायालय के बाहर उपस्थित लोग।

पांच मई 2016 को 8 बजे पूर्वाह्न जांच के क्रम में पाया गया था कि बिना अनुमति के पार्टी कार्यालय खोला गया था। इस मामले में अदालत में अभियोजन की ओर से 11 गवाहों की गवाही कराई गई थी। परंतु अभियोजन मुकदमे को साबित करने में असफल रहा। अदालत द्वारा साक्ष्य के अभाव में कुशवाहा शशिभूषण मेहता, लाल सूरज व देवेंद्र कुमार सिंह को रिहा किया गया।

## ग्रामीणों की शिकायत पर नावा बाजार सीओ की स्थलीय जांच, नोटिस जारी

- कुंभी कला में गैरमजरूआ भूमि पर अवैध कब्जा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नावा बाजार पलामू।** नावा बाजार प्रखंड के कुंभी कला पंचायत के कुंभी कला गांव मे गैरमंजूरवा भूमि पर खेल मैदान बनाने पर गांव के ही लखन यादव पिता फगुनी महतो वैगरह के साथ महेंद्र यादव पिता लखन यादव, उदय यादव पिता बरत यादव के द्वारा उक्त भूमि पर झोपड़ी लगा कर झोपड़ी के अंदर ही अंदर मिट्टी के दिवाल दे कर भूमि पर अवैध कब्जा की जा रही है।

सूचना मिलते ही कुंभी कला के आक्रोशित सैकड़ों ग्रामीणों ने लिखित आवेदन पलामू उपायुक्त के साथ नावा बाजार सीओ राकेश श्रीवास्तव एवं थाना प्रभारी को देकर फिलहाल उक्त भूमि को जांच कराते हुए रोकने के साथ खेल मैदान बनवाने का आग्रह किया है। आवेदन के आधार पर बुधवार को सीओ ने स्वयं स्थलीय जांच की। इसके बाद पत्रकारों को बताया कि उक्त भूमि पर दावा पेश करने वालों पर नोटिस जारी की है, जो भी दावा करते हैं उसके लिए अपना अपना पूरे दस्तावेज के साथ अंचल कार्यालय में पेश करें।



## हुसैनाबाद को फुटबॉल हब बनाना ही हमारा लक्ष्य: कर्नल संजय सिंह

- >> कर्नल कप 2022 का उद्घाटन मैच मोहम्मदगंज ने जीता
- >> खिलाड़ियों का नगर मार्च पास्ट रहा मुख्य आकर्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद अनुमंडल कर्पूरी मैदान में कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट 2022 का उद्घाटन समारोह में सभी 32 फुटबॉल टीमों के जपला मार्च पास्ट तदोपरांत मोहम्मदगज बनाम सड़ेया के साथ संपन्न हुआ। जिसमें सड़ेया ने इस मैच को 2-1 से जीता। प्रतियोगिता में भाग ले रही सभी 32 टीमों के लगभग 500 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय धुन पर हाथ में फुटबॉल और राष्टीय झंडा लेकर सभी नगर वासियों को खेल के प्रति जागरूक करने हेतु अनुमंडल मैदान से निकल कर पूरा जपला का भ्रमण किया तथा लोगों को खेलेगा तभी जीतेगा पलामू अभियान से जागरूक किया। यह आकर्षण का केंद्र रहा। कर्नल (डॉ) संजय कुमार सिंह ने कहा कि हमारा लक्ष्य हुसैनाबाद को फुटबॉल हब बनाना है।

## लाभुक आवास जल्द से पूर्ण करें : बीडीओ



**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड के बांसडीह खुर्द पंचायत में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पार्थ नंदन एवं 20 सूत्री उपाध्यक्ष उदय कुमार यादव ने संयुक्त रूप से दर्जनों लाभुकों को फटकार लगाया। बताते चलें कि पीएम आवास योजना, ग्रामीण के अंतर्गत प्रथम व द्वितीय किस्त लेकर अवास नहीं बनाने वाले लाभुकों को एक सप्ताह में कार्य शुरू करने को कहा गया। मौके पर पंचायत सचिव ताहिर अली, स्वयं सेवक पंकज कुमार सिंह, अखिलेश सिंह उपस्थित थे।

## कंडा मुखिया ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल



**नावा बाजार पलामू।** नावा बाजार प्रखंड अंतर्गत कंडा पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने सरकार के द्वारा उपलब्ध कराई गई सैकड़ों कंबल बुधवार को कंडा पंचायत सचिवालय में विधवा, वृद्ध, विकलांग, असहाय, गरीब परिवार के बीच कंबल वितरण किया गया। मौके पर मुखिया नरेंद्र सिंह ने कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए यह कंबल बांटा जा रहा है और आगे भी जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया जायेगा। मौके पर पंचायत सचिव शिव कुमार यादव, उपमुखिया सरस्वती कुमारी, रामनरेश सिंह, रामप्रवेश सिंह, अमरेश सिंह, महेंद्र सिंह, गणेश प्रसाद गुप्ता, मदन राम, नरेश ठाकुर के साथ वार्ड सदस्य मीना देवी, रुणा देवी, चंदन पासवान, केदार राम, शंकर सिंह समेत सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## विधायक ने किया यूथ मोबिलाइजेसन कैंप का उद्घाटन



**तरहसी पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने प्रखंड परिसर में जेएसएलपीएस द्वारा आयोजित यूथ मोबिलाइजेशन कैंप का उदैघाटन किया। विधायक डॉ मेहता ने हि कि युवा वर्ग को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के तहत कई तरह के प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके तहत युवा कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करके खुद को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ इसके माध्यम से बेहतर रोजगार भी देश के विभिन्न हिस्सों में पा रहे हैं। कार्यक्रम में प्रभारी बीडीओ सच्चिदानंद महतो, जेएसएलपीएस के अरविंद कुमार, ममता कुमारी, विकास कुमार, समूह की महिलाएं, सांसद प्रतिनिधि विनोद गुप्ता, संजय चंद्रवंशी, प्रो बच्चन ठाकुर, अनिल सिंह, रोशन सिंह, कार्तिक सिंह समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी पहुंचे बिश्रामपुर, किया भ्रमण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बिश्रामपुर (पलामू)।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी बुधवार को बिश्रामपुर पहुंचे। श्री गोस्वामी बिश्रमपुर के नावाडीह कला स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय प्रांगण में गए। जहां आरसीयू के कुलाधिपति सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने उनका स्वागत किया। श्री चंद्रवंशी ने दिनेशानंद गोस्वामी को विश्वविद्यालय प्रांगण का भ्रमण कराया। विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा श्री गोस्वामी को सम्मानित किया गया। कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने श्री गोस्वामी को शॉल व मेमोंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर दिनेशानंद स्वामी ने कहा कि पूर्व मंत्री सह बिश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी दूरगामी सोच रखते हैं।

### तीन दिवसीय प्रदर्शनी आज से

**मेदिनीनगर।** आजादी का अमृत महोत्सव एवं संविधान दिवस के मौके पर तीन दिवसीय प्रदर्शनी 24 नवंबर से गांधी स्मृति टाउन हॉल में लगाया जायेगा। इसकी जानकारी केंद्रीय केंद्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के मेदिनीनगर संचार ब्यूरो ने दी।

### सतबरवा : बाइक की चपेट में आने से किशोरी की मौत

**सतबरवा पलामू।** डबरा सतबरवा मार्ग पर बुधवार को सतबरवा में देसी शराब दुकान के करीब सुभाष प्रसाद गुप्ता की पुत्री सपना (12) की बाइक की चपेट में आने से मौत हो गयी। बताया जाता है कि दुर्घटना के बाद सपना को गंभीर हालत में तत्काल नवजीवन अस्पताल तुंबागड़ा में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया था। रांची जाने के क्रम में लातेहार के करीब बच्ची की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक बच्ची घर के बाहर खेल रही थी।

## हरिहरगंज में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** शहर के सीता प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान पर बुधवार को खेलों झारखंड कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता हुई। इसमें प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से चयनित प्रतिभागी शामिल हुए। इस दौरान 100, 200, 400,800,1500 तथा 3000 मीटर रिले रेस समेत कई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रखंड स्तर पर बेहतर खेलने वाले खिलाड़ियों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को बीइइओ रामनरेश राम और बीपीएम रेखा कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। बीईईओ ने कहा कि खेलो झारखंड कार्यक्रम से छात्रों को अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। खेल प्रतियोगिता से छात्रों में आत्मविश्वास और संघर्ष करने की क्षमता का विकास होता है।

# बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद बहुत जरूरी: डीएसइ

- खेलकूद प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करनेवाले प्रतिभागी सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** खेलो झारखंड 2022-23 कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत बुधवार को राजकीयकृत सर्वोदय उच्च विद्यालय के मैदान की गई। जिसका उदघाटन मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार, प्रखंड प्रमुख रीमा देवी तथा जिप सदस्य सुधा कुमारी ने फीता काटकर किया।



इस कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के सरकारी प्लस टू उच्च विद्यालय, उच्च विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के अलावा सभी मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान पहले दिन 100, 200, 400 व 600 मीटर की दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेक, कबड्डी समेत कई खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान सभी प्रतियोगिताओं में छात्र संवर्ग तथा छात्रा संवर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान लाने वाले प्रतिभागियों को मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों को मानसिक तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद जरूरी है। इसी को ध्यान में रखकर झारखंड सरकार ने खेलो झारखंड कार्यक्रम तहत पुरे राज्य में खेल प्रतियोगिता करवा रही है ताकि स्कूली बच्चों में खेल के प्रति जिज्ञासा बढ़ सके। बीपीओ डॉ मनोज तिवारी कहा कि सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान लाने वाले प्रतिभागियों को जिला स्तर के खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल किया जायेगा।

**ये भी थे उपस्थित :** मौके पर शिक्षिका श्वेता मिश्रा, अभिषेक तिवारी, सुधीर मिश्रा, सुशील कुमार, अर्पण कुमार, विवेक सिन्हा, अर्जुन मेहता, वीरेंद्र साहू, गोविंद प्रसाद, अनीता भेंगरा समेत कई लोग उपस्थित थे।

# पलामू साहित्य की भूमि, धरोहर को जीवंत रखना हम सबों की जिम्मेदारी है : आयुक्त

- जिस पुस्तकालय में महात्मा गांधी, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, पंडित मदन मोहन मालवीय आये वहां खुद आकर अभिभूत हूं
- आयुक्त मारवाड़ी सार्वजनिक हिंदी पुस्तकालय पहुंचकर साहित्यकार एवं साहित्य प्रेमियों से किया विमर्श

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त जटा शंकर चौधरी श्री मारवाड़ी सार्वजनिक हिंदी पुस्तकालय पहुंचकर साहित्यकार एवं साहित्य प्रेमियों से विमर्श किया। 1917 में स्थापित इस पौराणिक पुस्तकालय पहुंचकर आयुक्त अपने आप को सौभाग्यशाली बताया। उन्होंने कहा कि जिस पुस्तकालय में मोहनदास करमचंद गांधी, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, पंडित मदन मोहन मालवीय जैसे विभूतियों का आगमन हुआ उस पुस्तकालय में आकर वे अभिभूत हैं। उन्होंने पुस्तकालय समिति के सदस्य एवं अन्य को संबोधित करते हुए कहा कि यह पुस्तकालय धरोहर है। इस धरोहर को जीवंत एवं सुरक्षित रखना हमसभी की जिम्मेदारी बनती है। कहा कि पलामू की भूमि साहित्यक की भूमि रही है। उन्होंने पुस्तकालय की उपयोगिता पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि पुस्तकालय ज्ञान का अथाह सागर है। यह अलग बात है कि डिजिटल माध्यमों के इस दौर में पुस्तकालय जाकर या पुस्तकालय पढ़ने वालों की संख्या में थोड़ी कमी आई है। समाज में इसके दुष्परिणाम भी देखने को मिल रहा है। सुविधाएं जितनी बढ़ी है, उतने ही समाज में कुरीतियां, विकृतियां आती है। साथ ही नैतिक मूल्यों का पतन हो रहा है। इसके प्रति चिंतन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय का महत्व हमेशा रहा है और आगे भी रहेगा। इसमें अध्ययन का बेहतर माहौल मिलता है। कार्यक्रम के दौरान पलामू के साहित्यकारों ने आयुक्त को अपनी लिखित पुस्तक भेंट की। पुस्तकालय समिति के सदस्यों ने मारवाड़ी सार्वजनिक हिंदी पुस्तकालय परिसर में संचालित राजकीय विद्यालयों को स्थानांतरण या विलय कर पुस्तकालय परिसर को स्वतंत्र रूप से काम करने के लिए उपलब्ध कराने की मांग रखी।



# मौसम की मार

दुनिया का बड़ा हिस्सा इस वक्त मौसम परिवर्तन की चपेट में है, वहीं कर्नाटक और पूर्वोत्तर से भारी बारिश और भूस्खलन की भयावह खबरें सामने आई हैं। दक्षिण-पश्चिम मानसून तेज बारिश के कारण बंगलुरू शहर के कई हिस्सों में जल-जमाव हो गया, भारी बारिश के कारण कई निचले इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया, जिससे वाहनों की आवाजाही लगभग ठप रही। हर बारिश के बाद, देश के बड़े और आधुनिक शहरों की यही कहानी है। सालों साल एक जैसी कहानी देखते और झेलते हुए भी जनता ने इसे अपने जीवन का सच मान लिया है। बाढ़ का भयावह मंजर असम सहित पूर्वोत्तर में भी देखने मिला है। असम के कई जिलों सहित त्रिपुरा, मिजोरम और मणिपुर के कुछ हिस्सों से सड़क और रेल संपर्क टूट गया है। दीमा हसाओ जिले का हाफलोंग स्टेशन तो पूरी तरह पानी में डूब गया है। अमेरिका, अफ्रिका सहित विश्व के विकसित देशों में स्थिति खराब होती जा रही है। बाढ़ के कारण हजारों हेक्टेयर भूमि पर खड़ी फसल बर्बाद हो गई। संचार और यातायात ठप्प होने से रोजमर्रा के कारोबार पर भी असर पड़ा है। बाढ़, बारिश, सूखा या भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाएं अक्सर अपनी चपेट में आने वालों को जीवन भर का जख्म दे जाती हैं। भूकंप का तो खैर अनुमान नहीं लगाया जा सकता। मगर बारिश और सूखे का अनुमान लगाने के लिए तो मौसम विभाग बना हुआ है। यह आश्चर्य की बात है कि असम में इस बाढ़ की जानकारी समय रहते लोगों को क्यों नहीं दी गई या उन्हें पहले ही सुरक्षित जगहों पर पहुंचाने के इंतजाम क्यों नहीं किए गए। अगर मौसम की सटीक भविष्यवाणी नहीं हो पाई थी, तो फिर इस दिशा में भी सरकार को विचार करना चाहिए कि आखिर हमारी तकनीकों में कहां कमी रह रही है।

# एमबीबीएस की डिग्री

कर्नाटक और गुजरात के मेडिकल कॉलेजों ने गजब कर दिया है। उन्होंने अपने छात्रों की फीस बढ़ा कर लगभग दो लाख रु. प्रति मास कर दी है। यानी हर छात्र-छात्रा को डॉक्टर बनने के लिए लगभग 25 लाख रु. हर साल जमा करवाने पड़ेंगे। यदि डॉक्टरी की पढ़ाई पांच साल की है तो उन्हें सवा करोड़ रु. भरने पड़ेंगे। देश में कितने लोग ऐसे हैं, जो सवा करोड़ रु. खर्च कर सकते हैं? लेकिन चाहे जो हो, उन्हें बच्चों को डॉक्टर तो बनाना ही है। तो वे क्या करेंगे? बैंकों, निजी संस्थाओं, सेठों और अपने रिश्तेदारों से कर्ज लेंगे, उसका ब्याज भी भरेंगे और बच्चों को किसी तरह डॉक्टर की डिग्री दिला देंगे। फिर वे अपना कर्ज कैसे उतारेंगे? या तो वे कई गैर-कानूनी हथकंडों का सहारा लेंगे या उनका सबसे सादा तरीका यह होगा कि वे अपने डॉक्टर बने बच्चों से कहेंगे कि तुम मरीजों को ठगो। उनका खून चूसो और कर्ज चुकाओ।

इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए आजकल निजी अस्पतालों में जबर्दस्त लूटपाट मची हुई है। उनके कमरे पांच सितारा होटलों के कमरों से भी ज्यादा सजे-धजे होते हैं। किसी मरीज की एक बीमारी के कारण का पता करने के लिए डॉक्टर लोग दर्जनों टेस्ट करवा देते हैं। और फिर दवाइयां भी ऐसी बता देते हैं, जिससे रोगी का रोग द्रौपदी का चीर बन जाए ताकि उससे मोटी राशि वसूली जा सके। हमारे डॉक्टर अपना धंधा शुरू करने के पहले यूनानी दार्शनिक के नाम से चली हिप्पोक्रेटिक शपथ लेते हैं, हमारे सर्वोच्च न्यायालय ने इस पर घोर आपत्ति की है। उसने एक याचिका पर अपना फैसला देते हुए कहा है कि जिन कॉलेजों ने अपनी फीस में कई गुना वृद्धि कर दी है, यह शुद्ध लालच का प्रमाण है। यह कॉलेज के प्रवेश और फीस-निर्णायक नियमों का सरासर उल्लंघन है। इस तरह की फीस के दम पर बने डॉक्टरों से सेवा की उम्मीद करना निरर्थक है।


# गुजरात में कांग्रेस का खेल बिगाड़ेगा आप

**गुजरात** के विधानसभा चुनाव में अबकी बार अलग प्रकार की राजनीति होती दिखाई दे रही है। लम्बे समय से गुजरात में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच ही मुख्य मुकाबला होता था, लेकिन अब गुजरात की चुनावी राजनीति में आम आदमी पार्टी (आप) का प्रवेश भी हो चुका है। हालांकि आप गुजरात में कितना कुछ कर पाएगी, यह फिलहाल केवल संभावनाओं पर ही आधारित है, लेकिन वह कांग्रेस के सपनों पर पानी फेरती दिखाई दे रही है। आप ने जिस प्रकार से दिल्ली और पंजाब में अप्रत्याशित रूप से छप्पर फाड़ समर्थन प्राप्त किया, ऐसा कम ही देखने को मिलता है। यह बात सही है कि गुजरात के मतदाताओं का स्वभाव दिल्ली और पंजाब से मेल नहीं खाता, इसलिए आप गुजरात में सफल हो जाएगी, इसकी गुंजाइश कम ही लगती है, लेकिन कहा जाता है कि राजनीति असंभावित दृश्य को भी संभावित कर सकती है।



इसके पीछे का कारण यह भी है कि देश का मतदाता तात्कालिक लाभ पाने के लिए गुमराह हो जाता है और जहां से मुफ्त का लाभ दिखाई देता है, उसे अपना समर्थन भी दे देता है। वास्तव में मुफ्त देने की राजनीति आम आदमी को निकम्मा बनाने का ही काम करती है। इसके बजाय लोगों को स्वावलंबी बनाने के प्रयास तेज करने का काम सरकार की ओर से किया जाना चाहिए, इसकी देश को बहुत ज्यादा आवश्यकता है। जहां तक भारतीय जनता पार्टी की बात है तो यह बात कहने में कोई संकोच नहीं है कि भाजपा अगर सत्ता पर फिर से विराजमान होती है तो यह उसकी नई उपलब्धि नहीं कही जाएगी, क्योंकि जो पहले से ही प्राप्त है, वह उपलब्धि नहीं होती। इसके अलावा कांग्रेस और आप अपनी ताकत बढ़ाने में सफल होती हैं, तो स्वाभाविक रूप से भाजपा कमजोर ही होगी, यही बात भाजपा को सोचने के लिए विवश कर रही है। इसका आशय यह भी है कि कांग्रेस और आप के पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है।

कांग्रेस तो गुजरात में लम्बे समय से विपक्ष की राजनीति करती रही है और अब उसमें आप भी शामिल हो सकती है। वर्तमान में गुजरात की प्रादेशिक राजनीतिक ताकत की बात की जाए तो यह बात सही है कि भाजपा के पास राष्ट्रीय और प्रादेशिक स्तर पर चेहरों की संख्या कांग्रेस और आप से कहीं ज्यादा है। इसलिए यह कहा जाना उचित ही होगा कि प्रचार की दृष्टि से भाजपा अन्य दलों से ज्यादा स्थान पर पहुंच सकती है। जिसका राजनीतिक लाभ भी भाजपा को मिल सकता है। दूसरी बात यह भी है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मातृभूमि भी गुजरात ही है, इसलिए उनकी हर बात का प्रभाव भी मतदाताओं पर होगा। इसके बाद भाजपा में चाणक्य की भूमिका में स्थापित होते जा रहे गृहमंत्री अमित शाह लम्बी दूरी की योजना बनाने में सफल होते रहे हैं, यह भी गुजरात से ही हैं। जब अमित शाह अन्य स्थानों पर जाकर वहां राजनीति की बारीकियां समझ लेते हैं तो गुजरात तो उनका गृह प्रदेश है, यहां की पूरी राजनीति की समझ उनको होगी ही, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता।



-सुरेश हिंदुस्तानी

> गुजरात में क्या होगा, यह कहना अभी जल्दबाजी ही होगी, लेकिन यह भी सही है कि अगर सत्ता के विरोध में हवा का रुख रहा तो भाजपा को फिर से सत्ता प्राप्त करने के लिए अधिक परिश्रम करने की आवश्यकता होगी। वर्तमान में कांग्रेस की राजनीति सत्ता प्राप्त करने की नहीं रही, वह केवल इतनी ही राजनीति करती है कि भाजपा सत्ता से दूर हो जाए, इसके लिए फिर कोई भी सत्ता प्राप्त कर ले, इस प्रकार की राजनीति को सिद्धान्तहीन राजनीति ही कहा जाता है।

गुजरात में पिछले चार विधानसभा चुनाव से भाजपा को लगातार बहुमत मिलता आ रहा है, जिसमें कांग्रेस द्वारा पूरा जोर लगाने के बाद भी सत्ता पाने लायक सफलता नहीं मिल सकी। अब कांग्रेस को यह उम्मीद लगने लगी है कि उसे सत्ता विरोधी मत भी प्राप्त हो सकते हैं। इसका कारण यह भी है कि पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन किया और चुनाव परिणाम के दौरान कई बार ऐसा भी लगने लगा था कि कांग्रेस सत्ता प्राप्त कर सकती है। दूसरी बात यह भी है कि अबकी बार कांग्रेस ने ऐसी सीटों पर ज्यादा फोकस करने की योजना बनाई है, जहां बहुत कम अंतर से कांग्रेस के उम्मीदवार पराजित हुए थे। ऐसे में यही कहा जा सकता है कि कांग्रेस इस चुनाव के प्रति बहुत ही गंभीर दिखाई दे रही है। लेकिन कांग्रेस के लिए इस चुनाव में बड़ी समस्या यह भी है कि उसके पास प्रचार करने वालों में राष्ट्रीय नेता का अभाव है। क्योंकि सोनिया गांधी वर्तमान में राजनीतिक रूप से सक्रिय नहीं हैं और उनके पुत्र राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं। इस यात्रा से राहुल को समय मिलेगा, इसकी संभावना कम ही दिखाई देती है। पिछले चुनाव में कांग्रेस को हार्दिक पटेल के आंदोलन का भी लाभ मिला, लेकिन अब हार्दिक पटेल भाजपा को मजबूत करने के लिए राजनीति कर रहे हैं।

जहां तक आम आदमी पार्टी की बात है तो यह कहा जा सकता है कि वह गुजरात में भी बिल्ली के भाग्य से छींका टूटने की प्रतीक्षा करते दिखाई दे रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपनी लुभावनी नीतियों का सब्जबाग दिखाकर मतदाताओं को सम्मोहित कर देते हैं और फिर उसी धारा में आम मतदाता भी बहने लगता है, लेकिन दिल्ली और पंजाब की भांति गुजरात में स्थापित होने का सपना देख रहे अरविंद केजरीवाल के लिए गुजरात इतना सरल नहीं है, जितना वे समझ रहे हैं। लेकिन इतना अवश्य ही कहा जा सकता है कि आम आदमी पार्टी कांग्रेस की संभावनाओं पर पानी फेर सकती है।

गुजरात में क्या होगा, यह कहना अभी जल्दबाजी ही होगी, लेकिन यह भी सही है कि अगर सत्ता के विरोध में हवा का रुख रहा तो भाजपा को फिर से सत्ता प्राप्त करने के लिए अधिक परिश्रम करने की आवश्यकता होगी। वर्तमान में कांग्रेस की राजनीति सत्ता प्राप्त करने की नहीं रही, वह केवल इतनी ही राजनीति करती है कि भाजपा सत्ता से दूर हो जाए, इसके लिए फिर कोई भी सत्ता प्राप्त कर ले, इस प्रकार की राजनीति को सिद्धान्तहीन राजनीति ही कहा जाता है। इसी प्रकार की राजनीति के कारण ही आज कांग्रेस अपनी दुर्गति करा रही है। राजनीति अपनी नीतियों पर ही की जाती है, वर्तमान में कांग्रेस के पास अपनी स्वयं की कोई नीति ही नहीं है। कांग्रेस द्वारा जो भारत जोड़ो यात्रा निकाली जा रही है, उसका भी आम जन द्वारा यह कहकर विरोध किया जा रहा है कि देश को कांग्रेस ने ही तोड़ा, फिर वह किस मुंह से भारत को जोड़ने की बात कर रही है। कमोबेश यही स्थिति आम आदमी पार्टी की भी है, उसके अपने कोई सिद्धांत नहीं हैं।

## खास बात

# योग सूत्र

**स्वाम मुक्तरथ**



**योगसूत्र,** योग दर्शन का मूल ग्रंथ है। यह छः दर्शनों में से एक शास्त्र है और योगशास्त्र का एक ग्रंथ है। योगसूत्रों की रचना 3000 साल के पहले पतंजलि ने की। इसके लिए पहले से इस विषय में विद्यमान सामग्री का भी इसमें उपयोग किया।योगसूत्र में चित्त को एकाग्र करके ईश्वर में लीन करने का विधान है। पतंजलि के अनुसार चित्त की वृत्तियों को चंचल होने से रोकना (चित्तवृत्तिनिरोधः) ही योग है। अर्थात मन को इधर-उधर भटकने न देना, केवल एक ही वस्तु में स्थिर रखना ही योग है।

योगसूत्र मध्यकाल में सर्वाधिक अनूदित किया गया प्राचीन भारतीय ग्रन्थ है, जिसका लगभग 40 भारतीय भाषाओं तथा दो विदेशी भाषाओं (प्राचीन जावा भाषा एवं अरबी में अनुवाद हुआ। यह ग्रंथ 12वीं से 19 वीं शताब्दी तक मुख्यधारा से लुप्तप्राय हो गया था किन्तु 19 वीं-20वीं-21 वीं शताब्दी में पुनः प्रचलन में आ गया है।

**परिचय---**

छः आस्तिक दर्शनों (षड्दर्शन) में योगदर्शन का महत्वपूर्ण स्थान है। कालान्तर में योग की नाना शाखाएँ विकसित हुई जिन्होंने बड़े व्यापक रूप में अनेक भारतीय पंथों, संप्रदायों और साधनाओं पर प्रभाव डाला।

चित्तवृत्ति निरोध को योग मानकर यम, नियम, आसन आदि योग का मूल सिद्धांत उपस्थित किये गये हैं। प्रत्यक्ष रूप में हठयोग, राजयोग और ज्ञानयोग तीनों का मौलिक यहाँ मिल जाता है। इस पर भी अनेक भाष्य लिखे गये हैं। आसन, प्राणायाम, समाधि आदि विवेचना और व्याख्या की प्रेरणा लेकर बहुत से स्वतंत्र ग्रंथों की भी रचना हुई। योग दर्शनकार पतंजलि ने आत्मा और जगत के संबंध में सांख्य दर्शन के सिद्धांतों का ही प्रतिपादन और समर्थन किया है। उन्होंने भी वही पचीस तत्त्व माने हैं, जो सांख्यकार ने माने हैं। इनमें विशेषता यह है कि इन्होंने कपिल की अपेक्षा एक और छब्बीसवाँ तत्त्व 'पुरुषविशेष' या ईश्वर भी माना है।पतंजलि का योगदर्शन, समाधि, साधन, विभूति और कैवल्य इन चार पादों या भागों में विभक्त है। *सत्यानंद योग मिशन*

# स्वांस की समझ

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**स्वांस** एक ऐसी अनमोल विरासत है जो सभी को मुफ्त में मिली है। यह एक स्वच्छंद लहर है जो आती है और जाती है लेकिन कहां से आती है और कहां जाती है, सिवाय अविनाशी के कोई नहीं जानता। स्वांस का पता तभी चलता है जब वह रूक जाती है। मनुष्य को जो स्वांस का अनमोल प्रसाद मिला है वह सिर्फ जिंदा रहने के लिए ही नहीं है बल्कि यह ऐसा खजाना है जो व्यक्तित्व के गहरे रहस्यों को खोलता है और एक स्वांस में संपूर्ण ब्रह्मांड समाया हुआ है। स्वांस के भीतर की शक्ति को जिन्होंने भी पहचाना उन्होंने ही हृदय में विराजमान परमात्मा के सानिध्य में शांति के अनुभव से अपना मनुष्य जीवन सफल बनाया। पुराने समय में लोगों के व्यक्तित्व में ज्यादा जटिलता नहीं थी और न ही उस समय जीवन में इतना तनाव था। लोग सीधे और सरल थे। आज इस वैज्ञानिक युग के व्यस्त जीवन में व्यक्ति बहुत अधिक तनावग्रस्त व अशांत है। स्वांस का हमारे व्यक्तित्व से इतना गहरा संबंध है कि उस पर जरा सी लगी चोट सब तरफ प्रतिध्वनित हो जाती है। सिमरण क्रिया से जैसे ही मन स्वांसों के साथ एकाकार होता है तो व्यक्ति को स्वयं का बोध हो जाता है। स्वांसों के भीतर की शक्ति की पहचान प्रेमभाव, भाईचारा, अपनत्व और मानवता के लिए बहुत सार्थक है। स्वांसों की यह ऐसी अनमोल विरासत है कि यदि अभ्यास से प्रत्येक व्यक्ति इसके भीतर की शक्ति को पहचान कर परमानंद का सानिध्य प्राप्त कर ले तो संपूर्ण विश्व शांत हो जाये।

चलिए एचईसी के कर्मचारी अपने मुखिया को देख तो पाएंगे। इनकी क्या भूमिका रही है, यह इतिहास बताएगा। पर इस राष्ट्रीय संपत्ति को और बर्बाद ना होने दें।

**-महेश पोद्दार, पूर्व सांसद**

## रोचक ट्वीट

दुनिया में भारत के बढ़ते सम्मान से भारतीय राजनीति में हाशिये पर चली गई जमातें अब भारत विरोध पर उतारू हैं।
झारखण्ड की गठबंधन सरकार भी उस जमात में शामिल है,विकासविरोधी है,चोरों की पहरेदारी कर रही है।

**- अन्नपूर्णा देवी, सांसद**





58 साल बाद भी पंडित नेहरू के विजन से भारत लगातार विकास कर रहा है लेकिन वर्तमान सरकार उस विजन को समाप्त करके देश को नुकसान पहुंचा रही है।

**-राहुल गांधी**

# देश के डिजिटल रुपये की राह अब और आसान

**तमाल बंद्योपाध्याय**

**भारत** 1 नवंबर को उन 50 देशों के समूह में शामिल हो गया जो डिजिटल मुद्रा की संभावनाएं तलाशने के अहम चरण में हैं यानी उन्होंने ऐसी मुद्रा की शुरूआत कर दी है, वहीं कुछ इसे तैयार की प्रक्रिया में हैं या ये देश प्रायोगिक परियोजनाएं शुरू करने के लिए तैयार हैं। आरबीआइ ने सरकारी बॉन्ड में द्वितीयक बाजार कारोबार की थोक श्रेणी के लिए केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी), या ई-रुपया की पहली प्रायोगिक परियोजना शुरू की। पहले दिन 9 बैंक, इसका इस्तेमाल कर द्वितीयक बाजार में 275 करोड़ रुपये के बॉन्ड की खरीदारी करने और बेचने में शामिल थे। उस दिन कुल 20,865 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। वास्तव में कारोबार का एक छोटा सा हिस्सा ही डिजिटल मुद्रा के माध्यम से पूरा किया जा सका लेकिन यह बस एक शुरूआत थी। आरबीआई इसी महीने खुदरा ग्राहकों के लिए इस प्रायोगिक परीक्षण के साथ इसको आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। अंतरराष्ट्रीय मामलों के एक अमेरिकी थिंक टैंक, अटलांटिक काउंसिल के सीबीडीसी ट्रैकर के मुताबिक 95 प्रतिशत वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का प्रतिनिधित्व करने वाले कम से कम 105 देश इस वक्त सीबीडीसी की संभावनाएं तलाश रहे हैं। करीब दो-ढाई वर्ष पहले ही मई 2020 तक (जब दुनिया भर में कोविड महामारी का आतंक फैला था) महज 35 देश ही इस पर विचार कर रहे थे। जमैका ने हाल में सीबीडीसी-जैम-डीईएक्स लॉन्च किया है। इसके साथ,

## समस्या

कम से कम 10 देशों ने पूरी तरह से एक डिजिटल मुद्रा की शुरूआत कर दी है और चीन की प्रायोगिक परियोजना का विस्तार 2023 में दिखने की उम्मीद है। मई 2021 की शुरूआत में पूर्वी चीन में शांघाई के नजदीक के शहर सुजो में खरीदारी के त्योहार 'डबल फाइव' में करीब 181,000 ग्राहकों के डिजिटल वॉलेट में 55 युआन मुफ्त दिए गए थे। उस वक्त से ही यह प्रायोगिक परियोजना के दायरे को बढ़ा रही है खासतौर पर खुदरा भुगतान के लिए। जी-7 अर्थव्यवस्थाओं में अमेरिका और ब्रिटेन पिछड़ रहे हैं जबकि जी-20 देशों में से 19 देश सीबीडीसी के लिए संभावनाएं तलाश रहे हैं। 19 देशों में से दक्षिण कोरिया, जापान और रूस सहित 16 देशों ने पिछले छह महीने में इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। इस सूची में भारत भी शामिल है। भारत के केंद्रीय बैंक, आरबीआई की कम से कम दो आंतरिक समितियों ने सीबीडीसी पर काम किया है और हाल ही में एक अवधारणा नोट जारी किया गया है।

भारत में सीबीडीसी का उपयोग खुदरा और थोक भुगतान दोनों के लिए किया जायेगा। थोक भुगतान के लिए सीबीडीसी का उपयोग आसान है क्योंकि सभी अंतरबैंक लेनदेन पहले से ही डिजिटल स्वरूप में हैं और नकदी का कोई इस्तेमाल नहीं है। जब कोई व्यक्ति विभिन्न तरह के सामान खरीदने के लिए सीबीडीसी का उपयोग करता है तब नकदी के पूरक बनने का मकसद हासिल कर लिया जाएगा। क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग और वॉलेट की तरह, सीबीडीसी भुगतान प्रणाली का हिस्सा होगा जो वॉलेट के माध्यम से वस्तुओं और सेवाओं के लिए भुगतान करने का एक और तरीका है। देश की वित्तीय प्रणाली में ऐसे कई वॉलेट काम कर रहे हैं। सीबीडीसी भी उनमें से ही एक होगा, पर इसमें कुछ अंतर होगा। इसे केंद्रीय बैंक जारी करेगा और इसका वितरण और प्रबंधन वाणिज्यिक बैंकों द्वारा किया जाएगा। आरबीआई केंद्रीय स्तर पर नियंत्रित डेटाबेस का पालन कर सकती है क्योंकि डिस्ट्रिब्यूटेड लेजर टेक्नोलॉजी भारत की इतने बड़े पैमाने की आबादी के लिए ही पूरी तरह सक्षम नहीं हो सकती है जिसमें सहमति के आधार पर साझा और सिंक्रोनाइज डिजिटल डेटा का विभिन्न जगहों पर प्रसार किया जाता है ऐसे में सवाल यह है कि क्या सीबीडीसी नकदीरहित प्रणाली शुरू करेगा?

## कार्टून वर्ल्ड





## लेटर टू एडिटर

### चीन का हठ

तिब्बत में न तो धार्मिक आजादी है, न ही स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल रहा है। वह भले कह रहा हो कि तिब्बत का विकास हुआ है, लेकिन स्थिति उलट है। मठों में कम्युनिस्ट पार्टी के लोगों ने कब्जा कर लिया है। भिक्षुओं को हजारों जगह पुलिस चौकियों पर अपनी पहचान सिद्ध करनी होती है। अब चीन भारत को तंग कर रहा है लेकिन भारत तिब्बत नहीं है।

**-निरंकार सिंह, गढ़वा**

### आत्मनिर्भर भार

विभिन्न आर्थिक सुधारों, 20 लाख करोड़ रुपये के प्रोत्साहन पैकेज और रिजर्व बैंक के उपायों से आने वाली तिमाहियों में अर्थव्यवस्था में धीरे-धीरे पुनरुद्धार किए जाने की संभावनाओं को मुट्ठियों में लिया जाना होगा। अब सरकार के द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य, श्रम, कृषि भूमि, वित्तीय क्षेत्रों में घोषित किए गए सुधारों को आगे बढ़ाना होगा।

**-सुनील, हजारीबाग**

# देश में धर्म के नाम पर जारी अधर्म पर चिंता और विमर्श

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

**भारत** में कोई स्वेच्छा से अपना धर्म बदलना चाहे तो यह उसका मौलिक अधिकार है लेकिन मैं पूछता हूं कि ऐसे कितने लोगों को आपने कोई नया धर्म अपनाते हुए देखा है, जिन्होंने उस धर्म के मर्म को समझा है और उसे शुद्ध भाव से स्वीकार किया है? ऐसे लोगों की आप गणना करना चाहें तो उनमें महावीर, बुद्ध, ईसा, मुहम्मद, शंकराचार्य, गुरुनानक, महर्षि दयानंद जैसे महापुरुषों के नाम सर्वाधिक अग्रगण्य होंगे। लेकिन दुनिया के लगभग 90 प्रतिशत लोग तो इसीलिए किसी पंथ या धर्म के अनुयायी बन जाते हैं, क्योंकि उनके माता-पिता उसे मानते थे।

सारी दुनिया में ऐसे 5-7 प्रतिशत लोग ढूंढना भी मुश्किल हैं, जो वेद, जिंदावस्ता, आगम ग्रंथ, त्रिपिटक, बाइबिल, कुरान या गुरूग्रंथ पढ़कर हिंदू या पारसी या जैन या बौद्ध या ईसाई या मुसलमान या सिख बने हों। जो थोक में धर्म परिवर्तन होता है, उसके लिए या तो विशेष परिस्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं या फिर धर्म परिवर्तन का कारण होता है- लालच, भय, जबर्दस्ती, ठगी, मजबूरी। ईसाइयत और इस्लाम का दुनिया में फैलाव ज्यादा करके इसी आधार पर हुआ है। जिन्होंने पश्चिम एशिया और यूरोप का इतिहास ध्यान से पढ़ा है, उन्हें इन मजहबों की करुण कथा विस्तार से पता है।

## कानून

भारत जैसे प्राचीन राष्ट्रों में ज्यादातर धर्मांतरण डंडे या थैली या कुर्सी के जोर पर हुआ है, जैसा कि आजकल राजनीतिक दलबदल होता है। इसी के विरुद्ध हमारे सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से पूछा है कि वह इस अनैतिक धर्मांतरण को रोकने के लिए क्या उपाय कर रही है? वास्तव में धर्मांतरण विरोधी कानून तमिलनाडु, ओडिशा और म.प्र. की सरकारों ने बनाए हैं लेकिन इनमें और अन्य प्रदेशों में भी ढेरों संगठनों का बस एक ही काम है- लोगों को ईसाई और मुसलमान बनाओ। उन्हें ये पादरी और मौलवी ईसा और मुहम्मद के सन्मार्गों पर चलने की उतनी सीख नहीं देते, जितनी अपना संख्या बल बढ़ाने पर देते हैं।

वे धर्म का नहीं, राजनीति का रास्ता पकड़े हुए हैं। यह वही रास्ता है, जो मुस्लिम बादशाहों और अंग्रेज शासकों ने अपने जमाने में भारत में चला रखा था। इसीलिए गांधीजी ने 1935 में कहा था- ह्यह्यअगर मैं कानून बना सकूं तो मैं धर्मांतरण पर निश्चित ही रोक लगा दूंगा। यदि कोई अपने धर्म के सिद्धांतों का प्रचार करना चाहे तो उसको उसकी पूरी छूट होनी चाहिए, जैसे कि 100 साल पहले तक भारत में विद्वानों के बीच खुलकर शास्त्रार्थ हुआ करते थे लेकिन आजकल धर्म की चर्चा सिर्फ आदिवासियों, गरीबों, पिछड़ों, ग्रामीणों और दलितों के बीच ही होती है, क्योंकि उन्हें ठगना, बेवकूफ बनाना और लालच में फंसाना आसान होता है।

यह धर्म की सेवा नहीं, अधर्म का विस्तार है। इस पर केंद्र सरकार जितनी सख्ती और जल्दी से रोक लगाए उतना अच्छा है। इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं है कि हमारे नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर किसी भी तरह का प्रतिबंध उचित होगा लेकिन धर्मांतरण की स्वतंत्रता के नाम पर अधर्म की गुलामी को क्यों चलने दिया जाए?

**(लेखक, भारतीय विदेश नीति परिषद के अध्यक्ष हैं।)**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### विनोद पांडे को मोजम्मिल ने दी बधाई



**लोहरदगा।** राज्य सरकार की ओर से बीते दिनों झामुमो के कदावर नेता विनोद पांडे को राज्य समन्वय समिति के सदस्य बनाए जाने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं में हर्ष है। विनोद पांडे को राज्य समन्वय समिति सदस्य बनाये जाने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा लोहरदगा जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने रांची स्थित पार्टी कार्यालय में नव चयनित राज्य समन्वय समिति के सदस्य विनोद पांडे को बुके देकर सम्मानित किया एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष ने कहा कि विनोद पांडे को राज्य समन्वय समिति के सदस्य बनाए जाने से राज्य में विकास कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि विनोद पांडे के कुशल नेतृत्व में राज्य के सभी जिलों में विकास योजनाओं को पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने में बल मिलेगी।

### महिला कॉलेज के नये भवन में पढ़ाई शुरू



**लोहरदगा।** रांची यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के द्वारा बुधवार को बरही में नवनिर्मित स्थापित महिला महाविद्यालय लोहरदगा पठन-पाठन का शुभारंभ किया गया। कुलपति श्री सिन्हा ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय में पठन पाठन शुरू होने से जिले को बच्चियों को उच्चातर शिक्षा लेने में आसानी होगी। कार्यक्रम में उपस्थित सीसीडीसी डॉ राजेश कुमार ने भी सभी छात्राओं से नियमित उपस्थिति की बात कहते हुए शैक्षिक वातावरण बनाए रखने की अपील की। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ मीरा कुमारी ने भी क्लास नियमित रूप से करने को बात कही। इस कार्यक्रम में नवनियुक्त प्राध्यापक डॉ जया कुमारी, डॉ श्वेता शाहदेव एवम शिल्पी सिन्हा भी मौजूद रहीं।

### वन धन को लेकर डीसी ने की बैठक

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बुधवार को प्रधानमंत्री वन धन योजना अंतर्गत मॉडल वन धन विकास केंद्र का जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण ईकाई की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला में स्थापित मॉडल वन धन विकास केंद्र के लेकर आवश्यक चर्चा सदस्यों के बीच आवश्यक चर्चा की गई और पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण ईकाई के द्वारा प्रशिक्षण एवं टूल किट के क्रय हेतु अनुमोदन दिया गया। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश रंजन, वनवासी कल्याण केंद्र लोहरदगा के राघव राणा व अन्य उपस्थित थे।

### डांस को लेकर ऑडिशन 27 को

**लोहरदगा।** जीत रॉकस्टेट डांस एकेडमी कोर्ट कंपाउंड लोहरदगा के द्वारा सभी उम्र के प्रतिभागियों के लिए डांस कंपटीशन का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसका ऑडिशन सदर ब्लॉक के समीप स्थित नये नगर भवन में 27 नवंबर रविवार को समय : दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 05 बजे तक लिया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी समय पर आधार कार्ड की छायाप्रति, 02 पासपोर्ट साइज फोटो और आवेदन शुल्क देकर ऑडिशन में हिस्सा ले सकते हैं। ज्यदा जानकारी के लिए मोबाइल संख्या 6202092711 पर संपर्क किया जा सकता है।

### आयुष मेला 26 और 27 नवंबर को

**लोहरदगा।** सेन्हा एवं कुडू प्रखंड परिसर में प्रखण्ड आयुष मेला का दो दिवसीय आयोजन 26 एवं 27 नवंबर को होगा। इस मेला में राष्ट्रीय आयुष मिशन, आयुष्मान भारत हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर, विभिन्न मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, संचारी एवं गैर-संचारी रोगों के रोकथाम, पोषण संबंधी बीमारियां, महामारी के कारण होनेवाली सामुदायिक स्वास्थ्य समस्याएं एवं वैक्टरजनित रोग, नेत्ररोग, दंत रोग आदि बीमारियों के प्रति स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं संगत स्वास्थ्य सेवाएं जन-जन तक पहुंचाने एवं उन्हें लाभान्वित किया जायेगा। मेला का समय 10 बजे पूर्वाह्न से 4 बजे अपराह्न तक है।उक्त जानकारी जिला आयुष पदाधिकारी डॉ रमाशंकर प्रसाद द्वारा दी गई।

### डीडीसी ने सेन्हा प्रखंड का किया निरीक्षण

**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह द्वारा बुधवार को सेन्हा प्रखण्ड कार्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा कार्यालय के विभिन्न पंजियों, 15वां वित्त आयोग अंतर्गत मनरेगा रोकड़ पंजी समेत अन्य पंजियों का अवलोकन किया गया और सभी पंजियों को अद्यतन किये जाने का निर्देश दिया गया।बैठक में मनरेगा परियोजना पदाधिकारी सुधीर मुर्म, अकाउंटेंट अनिल उरांव, समेत अन्य उपस्थित थे।

### किसानों के बीच चना बीज वितरित



**भंडरा।** भौंरो लैंपस कार्यालय में बुधवार को जिला परिषद सदस्य राजमनी उरांव, मुखिया सुमंती तिग्गा ने अनुदानित मूल्य पर 30 किसानों के बीच गेंहू व चना बीज का वितरण किया। जिला परिषद सदस्य राजमनी उरांव ने कहा कि सरकार किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए कई तरह की योजना चला रही है। जिसका लाभ लेकर किसान अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ कर सकते है। उन्होंने कहा कि भंडरा प्रखंड में सहकारिता विभाग की ओर से पंजीकृत किसानों को खेती के माध्यम से स्वालंबन बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक निबंधित किसान को सरकार साढ़े चार रुपये की दर से 40 किलोग्राम गेंहू व चना बीज दें रही है। मुखिया सुमंती तिग्गा ने कहा कि लैंपस कार्यालय में निबंधित सभी किसानों को अनुदानित दर से बीज दिया जा रहा है। मौके पर परमानंद प्रजापति, सामिल उरांव, मोहन यादव, परवेज अंसारी, जगजीवन उरांव सहित किसान मौजूद थे।

# बीडीओ व बीपीओ पर कर्मियों को लाभ पहुंचाने का आरोप

**कामडरा : मनरेगा में घोटाला**

- सामाजिक कार्यकर्ता ने डीसी व डीडीसी को सौंपा ज्ञापन, जांच कर और कार्रवाई की मांग
- रोजगार सेवक और कंप्यूटर ऑपरेटर ने अपने पति व पत्नी के नाम से योजना की निकाली राशि
- बिना किसी तरह के दुकान के ही एस. एन. इंटरप्राइजेज को कर दी गयी लाखों रुपये का भुगतान

खबर मन्त्र संवाददाता

**कामडारा (गुमला)।** कामडारा के समाजिक कार्यकर्ता रोहित कुमार नाग ने उपायुक्त व उप विकास आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर कामडारा बीडीओ व प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी पर प्रखंड क्षेत्र में कार्यरत कर्मियों एवं सरकारी लाभ प्राप्त कर रहे लाभुकों को मनरेगा योजना के तहत गलत ढंग से योजना का लाभ देने का आरोप लगाते हुए उसकी निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

उपविकास आयुक्त गुमला को सौंपे गये आवेदन में समाजिक कार्यकर्ता श्री नाग ने बताया है कि रामपुर पंचायत के रोजगार सेवक पुष्पा धान ने अपने पति अक्षय डांग के नाम से एक बकरी शेड का निर्माण दिखाकर 55 हजार रुपया का अवैध निकासी किया गया है। इसी तरह से सरिता पंचायत के रोजगार सेवक सुशील बरला ने अपनी पत्नी मंजूला होरो के नाम से बकरी शेड का निर्माण के नाम पर 61 हजार रुपया का निकासी किया गया है। कंप्यूटर ऑपरेटर महावीर सिंह ने अपने पत्नी के नाम से पीएम आवास और और कजरा में मनरेगा के तहत आम बागवानी का कार्य की गई है। सुरहू पंचायत के पूर्व मुखिया विश्वासी केरकेट्टा ने अपने पति ग्लेडसन केरकेट्टा के नाम से बकरी शेड का निर्माण कराया है। इसी तरह से रामपुर पंचायत की मुखिया रोसालिया सोरेंग अपना बेटा अर्सेनट सोरेंग के नाम से कूप लेकर मनरेगा के तहत अवैध राशि 274000 का निकासी की है। इसके अलावे कामडारा के एक लाभूक बिलकन केरकेट्टा जो सेंट्रल गोरमेंट से सेवानिवृत्त व पेंशनभोगी है। उसे मनरेगा के तहत कूप निर्माण दिया गया है।

रोहित कुमार नाग का कहना है कि प्रखंड मुख्यालय में कार्यरत एवं सरकारी पेंशन का लाभ पा रहे लाभूकों के द्वारा मनरेगा के अंतर्गत जो व्यक्तिगत लाभ लिया गया है। वह सभी योजना मनरेगा अधिनियम के विरुद्ध है जो भारी अनियमितता को दशार्ता है। इसके अलावे बीडीओ और बीपीओ के द्वारा मनरेगा कंटीजेंसी से एस एन इंटर प्राईजेज को लगभग छः लाख अड़तालीस हजार रुपया का भुगतान किया गया है। इसके अलावे बीडीओ और बीपीओ के चहेते भेंडर एस एन इंटरप्राइजेज, एस.एन इंटरप्राइजेज सोलर पंप, बालू, ईंट, पत्थर, स्टेशनरी,पेन, पेज आदि का अभिकर्ता बनाया गया है। प्रखंड कामडारा के सभी पंचायत में संचालित 15 वें वित्त आयोग से चल रहे विकास योजनाओं में लगभग 80 लाख रुपया भुगतान किया गया है।

एस. एन. इंटरप्राइजेज का न तो किसी प्रकार का दुकान कहीं पर फिर भी उसको भुगतान किया गया है । वहीं विशाल इंटरप्राइजेज एन्ड सर्जिकल एजेंसी शांति नगर भरनो को लगभग 735500 रुपया भुगतान किया गया है। सरकारी राशि का बंदरबांट करने वालो कर्मियों में मुखिया, रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, बीपीओ सभी भागीदार बने हैं।

# राज्य सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया : समीर उरांव

**भाजपा ने निकाली जन आक्रोश रैली, सरकार पर बोला हमला**
**सत्ताधारी दल के नेता खुले मंच से विपक्ष को धमका रहे हैं : सुदर्शन**



खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। जिला भाजपा ने शहर के ब्लॉक मोड़ स्थित क्लब भवन के समक्ष से जिला उपायुक्त कार्यालय तक जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में जन आक्रोश रैली निकाली गई। रैली में मुख्य रूप से भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद समीर उरांव , सांसद सुदर्शन भगत एवं पूर्व भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभय कांत व ओमप्रकाश सिंह उपस्थित थे।

राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। राज्य में लगातार आदिवासियों की हत्या हो रही है। चाईबासा,दुमका ,लोहरदगा गुमला सहित छोटे बड़े शहर गांव में घटनाएं हो रही है। उग्रवादी लगातार अपने मंसूबे में कामयाब हो रहे हैं। नौकरशाह जनता को लूट रहे हैं। अब लूटेरों की सरकार नहीं चलेगी। सरकार में बैठे लोग पटक पटक के मारने की बात करते हैं मैं कहता हूं कि मैं उठा उठा कर पटक दूंगा।आज सरकार गुमराह की नितियों को बनाकर केंद्र के उपर थोपने का कार्य कर रही है जिसे जनता समझ रही है झारखंड को भाजपा ने जन्म दिया है तो राज्य के प्रति सदैव चिंता करते हैं। सरकार ने कई वायदे समाज के सभी युवा युवतियों, महिला वृद्ध,किसान, शिक्षा से संबंधित किया था परंतु एक वायदे पूरे नहीं किया यह पूर्ण रूप से जनविरोधी सरकार है। राज्य में स्थिति यह की गंठबंधन के लोग सरकार में बैठकर संवेदकों को काम के बदले अपने हिस्से की तोलेबाजी की जाती है।

सुदर्शन भगत ने कहा कि वर्तमान सत्ता के नशे में डुबे हुए लोग जनता की आवाज को दबाने व अपने लोगों के माध्यम से खुले मंच से विपक्ष को धमकाने का कार्य कर रही है।इनकी इसी तुष्टिकरण की नीति व विशेष वर्ग के प्रति झुकाव राज्य में हत्या, शोषण, यौनशोषण, युवा ,युवतियों ,जनजाति, अनुसूचित जाति लोगों हत्या घटनाओं की संख्या देश में भर में अन्य प्रदेशों से अधिक है। कल जिले के खखपरता से मिली महिला का शव जिसमें यौन शोषण की संभावना और तेजाब डाला हुआ है यह भी बड़ी उदाहरण है और कहा कि कैरो,घाघरा ,नरकोपी,गुमला सहित पूरे क्षेत्र में महिलाओं के साथ यौणाचार और हत्या व्याप्त है पर न्याय नहीं मिल रहा है। प्रशासन और सरकार को विशेष जांच तेजी से करनी चाहिए पर चैन की नींद सोती नजर आती घटना के बाद औपचारिकता दिखाई पड़ता है। जो बर्दाश्त काबिल नहीं है। सबसे बड़ी बात है यह की इस राज्य के मुखिया ही अपने अपनी उत्थान में लगा है। अब जब प्रमाणित आरोप सिद्ध हो रहे हैं तो वह विपक्ष पर अपने बचाव में दोषारोपण कर रही है।

अभयकांत प्रसाद ने कहा कि सरकार की बहाने अब ज्यादा दिन नहीं चल सकता। इनकी पाप की गठरी अब खुल गई है। परिणाम भुगतने ही होंगे। मनीर उरांव ने कहा कि आज प्रदेश में जनता की सेवा कम और माफियाओं की सेवा नौकरशाहों के द्वारा अधिक हो रही है।प्रशासन केवल बालू घाट पर नजर आती है और असामाजिक तत्व बीच शहर में क्राइम कर चले जाते हैं। भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह , पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, प्रदेश महामंत्री एसटी मोर्चा बिंदेश्वर उरांव, पूर्व अध्यक्ष राकेश प्रसाद, राजकिशोर महतो ,सूरजमोहन साहू,राजकुमार वर्मा, बालकृष्णा सिंह,पशुपतिनाथ पारस कलावती देवी, संजय चौधरी सहित अन्य लोगों ने प्रर्दशन को दौरान सरकार पर बरसे ।

### भूमि जोतक किसानों के लिए कानून बनाये सरकार : सनिया उरांव



**गुमला।** विभिन्न मांगों को लेकर अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा के द्वारा कचहरी परिसर में आयोजित तीन दिवसीय धरना बुधवार को संपन्न हो गया। आदिवासी महासभा के द्वारा धरना के माध्यम से स्थानीय जोतकार किसानों को भूमि पट्टा निर्गत करने, सैकड़ों सालों से गांवों में अनुपस्थित गैर जोतक दस्तावेजी कथित भू स्वामियों की जमीन बिक्री पर रोक लगाने, स्थानीय जमीन दलालों पर नकेल लगाने, मझियस जमीनों की बिक्री पर रोक लगाने, पंजी दो आन लाईन एन्ट्री कराने में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने सहित अन्य मांग किये गये। वहीं मुख्यमंत्री के नाम 13 सूत्री मांग पत्र उपायुक्त को सौंपा गया। जिसमें घाघरा प्रखंड के सलगी लाश डांड़, पोड़ो, बालाखटंगा, गम्हरिया, सिसई अंचल के कामता, रायडीह प्रखण्ड के परसा, सदर प्रखंड गुमला के पुग्गू के जमीन से संबंधित मामलों के निराकरण की मांगें की गई हैं। जिलाध्यक्ष सनिया उरांव ने कहा कि यदि भूमि जोतक किसानों की मांगें सरकार को माननी होंगी अन्यथा आंदोलन को तेज बनाया जायगा। सरकार को भूमि जोतक किसानों के हितों के रक्षार्थ उपलब्ध कानूनों को अमल में लाना होगा।

# नहीं चालू हुआ डुमरडीह का जलमीनार

**मुखिया व महिलाओं ने डीसी को सौंपा ज्ञापन**



खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। यह कैसी व्यवस्था है जहां जिले के मुखिया को भी ज्ञापन देने के बाद सुनवाई या समाधान नहीं होती है। आखिर लोग अपनी समस्याओं के निदान के लिए कहां आवाज मुखर करें कि उनकी बुनियादी समस्या का हल हो सके। मामला गुमला सदर प्रखंड के डुमरडीह के हरिजन बस्ती की है जो शहर मुख्यालय से पांच किलो मीटर दूर है। जहां वर्ष 2019 में जलापूर्ति हेतु जलमीनार का निर्माण कराया गया और नियमित गांव में जलापूर्ति को लेकर मशीन आदि की सुविधा प्रदान की गई। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि एक वर्ष के बाद ही जलमीनार से जलापूर्ति बंद हो गई। अब देखरेख के अभाव में जलमीनार भी फट गया है। जिस कंपनी के माध्यम से जलमीनार व मशीन लगाया गया उसे पांच वर्षों तक उसकी देखरेख करनी है लेकिन कंपनी के लोग काम करने व पैसे निकासी के बाद अपने कार्य को इतिश्री कर दिये। इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा बार-बार पीएचईडी विभाग को लिखित व मौखिक जानकारी दी गई तो मशीन बदला गया लेकिन टंकी का निवारण नहीं किया गया। इसी दौरान 15 अक्टूबर 2022 को जलमीनार का मशीन खोलकर पुराना मशीन लगा दिया गया जो मशीन काम ही नहीं करता है। जिसे स्थिति जस की तस हो गई। स्थानीय निवासी पानी के लिए परेशान हैं। जिसको लेकर पूर्व में उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया था और आज बुधवार को पुनः ज्ञापन सौंपकर जलापूर्ति योजना चालू करने की मांग की है। डीसी से मिलने वालों में मुखिया के अलावे कुंती देवी, प्रतिमा कुमारी, सैयदा खातुन आदि शामिल थी।

### 31 मार्च तक पलमा-गुमला पथ बनाने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

**गुमला।** पथ प्रमंडल की समीक्षात्मक बैठक में उपायुक्त सुशांत गौरव ने पलमा गुमला (एनएच 23) के निर्माण कार्य की समीक्षा की। जिसमें मुख्य रूप से एसडीओ सदर एवं पीडी एनएचएआई उपस्थित थे। उपायुक्त ने युद्ध स्तर पर कार्य प्रारंभ करते हुए 31 मार्च 2023 तक कार्य पूर्ण कर जिले वासियों को पलमा गुमला एनएच 23 भेंट स्वरूप देने की बात कही। उन्होंने 25 दिसंबर से पूर्व तक फाउंडेशन का कार्य पूर्ण करते हुए 28 दिसंबर से हाईवे का कार्य प्रारंभ कर लेने का निर्देश दिया। इस प्रोजेक्ट हेतु नोडल पदाधिकारी के रूप में एसडीओ गुमला को नियुक्त करते हुए उन्हें प्लानिंग के तहत कार्य पूर्ण करवाने हेतु नियमित रूप से निरीक्षण करते रहने का निर्देश दिया । उपायुक्त ने प्रत्येक माह के कार्यों की सूची बनाते हुए योजनाबद्ध तरीके से कार्य को समय पर पूर्ण करने का सुझाव दिया।

# सरस्वती शिशु मंदिर डुमरी में मना जनजाति गौरव दिवस



खबर मन्त्र संवददाता

**डुमरी(गुमला)।** सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल डुमरी में धूमधाम के साथ जनजाति गौरव दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सशिवि मंदिर महुआडांड के प्रधानाचार्य सह संकुल प्रभारी चंद्र कुमार बेसरा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में चैनपुर के प्रधानाचार्य बाबूलाल कुमार शामिल हुए।

सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं अतिथियों को विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय के बच्चों के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। विगत सप्ताह लोहरदगा में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय वनवासी खो खो प्रतियोगिता में चयनित कुल आठ भैया बहनों को विद्यालय परिवार की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिनमें प्रतिभा कुमारी, रिमझिम कुमारी, मनीषा कुमारी, शालिनी कुमारी, रोमिसर लोहरा, रायल कवर, राम भगत एवं लक्ष्मण भगत के नाम शामिल हैं। वहीं मुख्य अतिथि ने जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा की जीवनी पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए खो खो प्रतियोगिता में प्रांत स्तरीय खेल में बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान से जीत हासिल करने हेतु बधाई दी है। वहीं कहा की सरस्वती शिशु मंदिर डुमरी के विद्यालय के बच्चे अब राष्ट्रीय स्तर पर खो खो खेल हेतु

**वनवासी खो खो प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी हुए सम्मानित**

चयनित होकर विद्यालय सहित अपने प्रखंड व जिला का नाम रोशन कर रहे हैं। इसके लिए सभी को शुभकामना दी। वहीं विद्याथीयों से कहा की अगला खेल उत्तर प्रदेश में होगा। इसके लिए खिलाड़ियों से मेहनत कर अच्छी तरह तैयारी करने की अपील की। साथ ही विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष व सचिव सहित अन्यों ने अपने विचार प्रकट किए। मौके पर अध्यक्ष राजेश केशरी, सचिव उदय साहु, संरक्षक सब्जीलाल साहु, अन्नपूर्णा देवी, प्रधानाचार्य दुलार इंदवार, एजरस टोप्पो, आयुष कुमार, सोनम कुमारी, रानी कुमारी, प्रेमा कुजूर, रोसालिया टोप्पो, रीना एक्का सहित विद्यालय के सैंकड़ों भईया व बहन उपस्थित थे।

## एक नजर में

### माताओं के बीच स्वास्थ्य किट का वितरण



**गुमला।** सदर अस्पताल में बच्ची को जन्म देनी वाली दो माताओं के बीच बुधवार को जिप अध्यक्ष किरण माला बाड़ा व अस्पातल उपाध्यीक्षक अनूपम किशोर के द्वारा किट का वितरण किया गया। मौके पर अस्पताल उपाधीक्षक अनूपम किशोर ने कहा कि अस्पताल में बच्ची को जन्म देने वाले बीपीएल परिवार के माताओं को सरकार की ओर से स्वास्थ्य किट प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य किट में कई तरह की दवाओं के साथ कई उपयोगी सामग्री रहती है। जिसे जन्मजात बच्चे का देखभाल माता घर पर भी कर सकती है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि भोला चौधरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### देश में अराजकता का माहौलः शिव कुमार




**घाघरा।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी घाघरा के द्वारा नफरत तोड़ो भारत जोड़ो के तहत बुधवार को पदयात्रा घाघरा प्रखंड मुख्यालय में निकाली गई। पदयात्रा का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे ने की। कार्यक्रम की शुरूआत नवडीहा टाना स्कूल स्थित गांधी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया गया। पदयात्रा के दौरान बिरसा मुंडा व शहीद देवनारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता शिव कुमार भगत टुनटुन ने कहा कि जब से केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आयी है तब से लेकर 8 सालों में देश में अराजकता फैली व नफरत का माहौल बना है। देश आर्थिक मंदी से गुजर रही है। संवैधानिक संरूथाओं का दुरूपयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह पदयात्रा संविधान को बचाने और लोकतंत्र की रक्षा चलायी गयी है। महिला प्रदेश उपाध्यक्ष बॉबी भगत ने कहा कि देश मेंअराजकता और नफरत फैलाने वाले भाजपा के खिलाफ लोगों को आवाज बुलंद करने की बात कही। वहीं कार्यक्रम के प्रभारी संयोजक चैतु उरांव, युवा जिलाध्यक्ष आजाद अंसारी, बिशनपुर विधानसभा उपाध्यक्ष आदित्य भगत, अरुण कुमार पांडे ने कार्यकम को संबोधित किया। इस अवसर पर पदयात्रा के जिला संयोजक चैतु उरांव, बिशनपुर विधानसभा उपाध्यक्ष आदित्य भगत, प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे, दिलबहार अंसारी, पल्लव कुजूर, शहजाद खान, अशोक उरांव, अगस्टिन महेश कुजुर, विनीता उरांव, सरोजिनी किरण भगत सहित कई कांग्रेसी शामिल थे।

### जारी निवासी घायल वृद्ध महिला की रांची में मौत

**गुमला।** जारी प्रखंड के रूद्रपुर निवासी 60 वर्षीय चंपा देवी का इलाज के दौरान रांची रिम्स में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चंपा देवी एक बाईक में बैठकर अपने घर जा रही थी। इसी दौरान वह अपना संतुलन खोकर बाईक से गिर गयी। जिसे उसके सर पर गहरा चोट लगा था। सदर अस्पताल गुमला में प्राथमिक उपचार के बाद उसे इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया था। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। चंपा देवी के निधन पर अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में जगनारायण सिंह, शांतनु सिंह, लाल केश्वनाथ साहदेव, विजय बहादुर सिंह, मनमोहन सिंह, सुरेश सिंह, दिनेश सिंह, निर्मल सिंह, सूरजदेव सिंह, विकास सिंह, सत्यभामा देवी, पूनम सिंह, गौतम सिंह आदि के नाम शामिल है।

### गुमला में ऑटो से गिरकर महिला हुई घायल

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के टैंसेरा निवासी करमा उरांव की 70 वर्षीय पत्नी घर से गुमला ऑटो से आने के क्रम में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे गश्ती कर रही पुलिस की टीम ने सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया। घायल वृद्ध महिला ने बताया कि बैंक से पैसा निकालने के लिए गुमला आ रही थी। इसी क्रम में ऑटो से गिर गई। गिरने से महिला के सर में चोट लगी है। सदर अस्पताल में डॉक्टरों की देखरेख में घायल वृद्ध महिला का उपचार चल रहा है।

### राष्ट्रीय नवाचार का दो दिवसीय कार्यशाला कल से

**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा संचालित परियोजना जलवायु अनुकूल कृषि पर राष्ट्रीय नवाचार (निकरा) अंतर्गत जोन स्तर पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 25 व 26 नवंबर को कृषि विज्ञान केंद्र गुमला में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में आईसीएआर अटारी जोन-4 पटना के डायरेक्टर डॉ अंजनी कुमार सिंह, केंद्रीय बारानी अनुसंधान संस्थान हैदराबाद के डायरेक्टर डॉ वी. के. सिंह, डॉ सोहने डाइरेक्टर कृषि प्रसार बी य यू सबौर, डॉ कुंडू डायरेक्टर कृषि प्रसार बिहार, डॉ जे. उराँव डायरेक्टर कृषि प्रसाद बीएयू रांची के साथ-साथ डॉ जे.वी.न.यस. प्रसाद प्रधान वैज्ञानिक एवं पीआई निकरा प्रोजेक्ट हैदराबाद, डॉ अमरेंद्र कुमार प्रधान वैज्ञानिक अटारी जोन 4 पटना इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ ओंकार नाथ सिंह कुलपति बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची करेंगे। यह जानकारी देते हुए डॉ संजय कुमार ने बताया कि इस कार्यशाला के अंतर्गत बिहार एवं झारखंड के 14 कृषि विज्ञान केंद्र के सदस्य भाग लेंगे।

### बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

**गुमला।** सदर अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक में बजरंग दल गुमला के कार्यकार्तओं के द्वारा बुधवार को मरीजों की जीवन रक्षा के लिए दस यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वालों में बजरंग दल के नगर के संयोजक विनोद साहू, पूर्व संयोजक संतोष यादव, विनोद साहू, अजीत उरांव, मनोज कुमार, विजय गोप, सीताराम बड़ाईक, आर्यन गुप्त, अखिलेश साहू, विवेक बड़ाईक और ओम प्रकाश सिन्हा के नाम शामिल है। रक्तदाता विनोद साहू ने 11 वीं बार, संतोष यादव ने 27 वीं बार, अजीत उरांव ने पहली बार, मनोज कुमार ने तीसरी बार, विजय गोप ने चौथी बार, सीताराम बड़ाईक ने पांचवीं बार, आर्यन गुप्ता ने आठवीं बार, अखिलेश साहू ने पांचवीं बार, विवेक बड़ाईक ने 18 वीं बार और ओम प्रकाश सिन्हा ने पहली बार रक्तदान किया। सभी रक्त दाताओं ने आपातकालीन स्थिति में सदर अस्पताल में इलाज रत मरीजों की जान बचाने के लिए रक्तदान किया। बजरंग दल गुमला नगर संयोजक ने बताया कि संगठन के कार्यकर्ता प्रतिदिन रक्तदान कर रहे हैं ताकि ब्लड बैंक में ब्लड की कमी नहीं हो। गुमला के ब्लड बैंक में ब्लड की खपत बहुत ज्यादा है इसलिए उन्होंने सभी से अपील की कि सभी लोग रक्तदान के प्रति जागरूक हो और हर 3 महीने में रक्तदान कर जरूरतमंद मरीज की मदद करें। मौके पर विनोद कुमार, मुकेश सिंह, रविंद्र सिंह, संतोष यादव, यशराज सिंह, लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार, अंजू किंडो, रोहित खंडेलवाल आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### उच्च विद्यालय के समीप सब्जी मंडी लगने से लोग परेशान

**भवनाथपुर।** प्रखंड के टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के समीप सब्जी मंडी से प्रखंड वासी परेशान है। यह सब्जी मंडी निर्धारित स्थान पर न लगाकर सड़क किनारे लगा लेते हैं। इससे सड़क सिकुड़ कर सकरी रह जाती है। यहां से निकलने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### बीडीओ ने की बैठक

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर में दो दिवसीय आयोजित आयुष स्वास्थ्य मेला की तैयारी को लेकर भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में चिकित्सकों व जनप्रतिनिधियों के साथ बीडीओ जयपाल महतो ने बुधवार को बैठक किया। बैठक में आयुष स्वास्थ्य मेला में ग्रामीण क्षेत्रो में प्रचार प्रसार के लिए सभी जनप्रतिनिधियो से अपील किया गया। ताकि अधिक से अधिक लोग भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय के बगल में स्थित आयुष अस्पताल पहुंच कर स्वास्थ्य संबंधित जानकारी प्राप्त कर निरोग हो।

### डीएवी में गीत संगीत कार्यक्रम का आयोजन

**भवनाथपुर।** डीएवी विद्यालय भवनाथपुर में केंद्र सरकार के निर्देशानुसार क्रियाकलाप के इंचार्ज अरुण कुमार सिंह एवं संजय राय भट्ट के मार्गदर्शन में सांप्रदायिक सद्भावना सप्ताह कार्यक्रम के तहत बुधवार को गीत संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य राकेश सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में संगीत शिक्षक गणेश त्रिवेदी द्वारा तैयार किए गए संगीत पर विद्यालय के अलग-अलग कक्षाओं के बच्चों ने गीत और नृत्य का प्रदर्शन किया गया जो सांप्रदायिक सद्भावना पर आधारित था। शिक्षक ब्रजेंद्र कुमार ने भी एक गीत प्रस्तुत की।

### सौ से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन

**गढ़वा।** जिले के रंका प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से करीब एक सौ से अधिक महिला, पुरुषों ने अन्य राजनीतिक दलों को छोड़कर झामुमो का दामन थाम लिया। लोगों ने भाजपा, बसपा एवं राजद को छोड़ कर झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। बुधवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा स्थित अपने आवास पर सभी को माला पहना कर स्वागत करते हुए पार्टी में शामिल कराया।

### मंदिर का जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण

**गढ़वा।** युवा समाजसेवी दौलत सोनी ने बजरंगबली मंदिर का सुंदरीकरण कराया। उनके द्वारा गढ़वा शहरी क्षेत्र में लगातार विकास का कार्य किया जा रहा है। चाहे गर्मी के दिनों में लोगों के घरों तक टैंकर के मायम से स्वच्छ जल पहुंचना हो या छठ घाट के पास पीपा पुल का मरम्मती या छठ घाट की जेसीबी के माध्यम से सफाई मेन रोड में उड़ते धूल से निजात दिलाने के लिए सड़कों पे टैंकर से पानी का छिड़काव या हर जरूरतमंद की सेवा चाहे रक्तदान हो या इलाज आधी रात को भी ये हर किसी की मदद के लिए उपस्थित रहते हैं।

## देश का सबसे विकसित राज्य बनेगा झारखंड

# विकास विरोधी पंचायत चुनाव भी नहीं जीत सकते : मिथिलेश ठाकुर

### 13 करोड़ की लागत से बनेगा बिरसा मुंडा स्मारक सह हेलीपैड पार्क, मंत्री ने किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**





शिलापट्ट का अनावरण करते मंत्री, शिलान्यास मौके पर उपस्थित जनसमूह

**गढ़वा।** शहर के कल्याणपुर स्थित हेलीपैड के समीप बिरसा मुंडा स्मारक पार्क सह हेलीपैड पार्क, विकास भवन एवं रिसेप्शन भवन का निर्माण किया जाएगा। बुधवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर व भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। 13 करोड़, 15 लाख, 50 हजार रुपए की लागत से इसका निर्माण किया जाएगा। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि शहरी जीवन में स्वास्थ्य जीवन शैली के लिए पार्क की महत्वपूर्ण भूमिका है।

पार्कों में ही शहरवासी शुद्ध हवा में सांस लेते हैं। जीवन की भागदौड़ से दूर सुकून के पल पार्क में ही बिताते हैं। इस तरह के पार्क की गढ़वा में कमी थी। जो आज पूरा किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि उन्होंने पिछले वर्ष स्थापना दिवस मौके पर ही पार्क बनवाने की घोषणा की थी। उन्होंने मुख्यमंत्री को जब बताया गया कि गढ़वा में कहीं भी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा नहीं है। तब उन्हें घोर आश्चर्य हुआ। मुख्यमंत्री ने तत्काल बिरसा मुंडा स्मारक पार्क निर्माण स्वीकृति प्रदान किया। मंत्री ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में झारखंड सरकार काफी बेहतर कार्य कर रही है। यदि किसी भी जनप्रतिनिधि के पास इच्छाशक्ति हो तो विकास कार्य में कोई भी बाधा आड़े नहीं आ सकती है। मंत्री ने कहा कि आज विकास विरोधी लोग हर कदम पर विकास कार्यों का विरोध कर रहे हैं।

परंतु विकास विरोधी लोग विधानसभा तो क्या पंचायत चुनाव भी नहीं जीत सकते हैं। इतना सुनिश्चित है कि अब ऐसे विकास विरोधी आजीवन विधानसभा का मुंह नहीं देख पाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता का अपमान कर रही है। इसे हमेशा भाजपा के लोग उखाड़ फेंकने की बात करते हैं। यह सरकार जनता की चुनी हुई जन सरोकार की सरकार है, कोई गाजर मूली नहीं है। जनता सब जान चुकी है। आगामी चुनाव में भाजपा विपक्ष में भी बैठने के लायक भी नहीं रहेगी। गढ़वा की जनता ने जिन्हें 10 वर्षों तक मौका दिया। उनका एक भी कार्य आज देखने लायक नहीं है।

मंत्री ने कहा कि निर्माण के साथ ही नीलांबर पीताम्बर पार्क एवं घंटाघर की बेहतर देखरेख एवं रखरखाव की जिम्मेवारी ग्रासिम इंडस्ट्रीज रेहला को दे दी गई है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई जाती है। लोग उनके नाम पर राजनीति करते हैं। परंतु आज तक गढ़वा में उनकी एक भी प्रतिमा नहीं थी। मंत्री ने कहा कि पार्क के निर्माण का समय एक साल निर्धारित है, परंतु आगामी छह माह के अंदर इसका निर्माण कार्य पूर्ण कर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। मौके पर डीडीसी राजेश राय, जुडको के प्रोजेक्ट चेयरमैन अनुराग कुमार, जिप अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, प्रमुख विमला देवी, मुखिया अशोक चंद्रवंशी आदि ने विचार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से एसडीओ राज महेश्वरम, एसडीपीओ अवा कुमार यादव, नप अध्यक्ष पिंकी केशरी, झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, जितेंद्र सिन्हा, अनिता दत्त, परेश तिवारी, मुन्ना सिंह, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, दिव्य प्रकाश केशरी, मदनी खान, झामुमो महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अंजली गुप्ता, रेखा चौबे, दीपमाला आदि सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। इस पार्क का निर्माण 13 करोड़, 15 लाख, 50 हजार रुपए की लागत से किया जाएगा। इसके तहत करीब छह एकड़ भूमि में पूरे क्षेत्र के चहारदीवारी, भव्य प्रवेश द्वार, कियोस्क, टिकट काउंटर एवं सिक्योरिटी, रिसेप्शन बिल्डिंग, हेलीकॉप्टर से आने जाने वाले लोगों के लिए प्रतीक्षालय कक्ष, पुरुष, महिला शौचालय की व्यवस्था, वाटर फाउंटेन का निर्माण, सोलर स्ट्रीट लाइट, ड्रेन, वाटर हार्वेस्टिंग, अंडर ग्राउंड वाटर टैंक निर्माण सहित पूरे ग्राउंड में फूल, पौाा, औषधीय पौधे, घास लगाया जाएगा।

साथ ही सुबह शाम टहलने वाले लोगों के लिए वाकिंग ट्रेक, योगा के लिए शेड तथा गजीबो का निर्माण, बच्चों के लिए पार्क, ओपन जिम, पार्क में बैठने के लिए बेंच, ओपन एयर थेटर, कैफेटेरिया, दो पहिया, चार पहिया वाहन वाहनों के लिए पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। साथ ही पार्क में भगवान बिरसा मुंडा की आदम कद प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

## राज्य सरकार के खिलाफ आक्रोश रैली, समाहरणालय के समक्ष भाजपा का धरना

# प्रदेश में लूट का खेल और मुखिया गद्दी बचाने में : पीएन

### ब्लू स्टोन और ढिबरा के आड़ में जिला प्रशासन लोगों को परेशान कर रही है : अन्नपूर्णा

**खबर मन्त्र संवादाता**



**कोडरमा।** राज्य सरकार के जनविरोधी नीतियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा ने बुधवार को समाहरणालय के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इसके पूर्व पार्टी के जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी के नेतृत्व में आक्रोश रैली निकाली गई, जिसमे भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए, आक्रोश रैली स्थानीय हनुमान मंदिर से होते हुए समाहरणालय पहुंचकर धरना में तब्दील हो गया। धरना को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता धनबाद सांसद पीएन सिंह ने कहा कि राज्य में हर तरफ लूट खसोट का खेल चल रहा है, जनता त्रस्त है और मुख्यमंत्री अपनी गद्दी बचाने में लगे हुए है। श्री सिंह ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नही है, हर जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला है। राज्य की जनता सुरक्षित नही है, महिलाओं का उत्पीड़न हो रहा है और यह सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि हेमंत सरकार के राज में महिलाओं पर अत्याचार बढ़ा है, बलात्कार की घटना बढ़ गयी है, जिससे राज्य की बेटियां स्वयं को सुरक्षित महसूस नही कर रही है, हर वर्ग में असुरक्षा का भावना है। केंद्रीय मंत्री ने जिला प्रशासन के क्रिया कलापों पर सवाल उठाते हुए कहा कि कोडरमा में रोजगार के मुख्य साधन ढिबरा, पत्थर, ब्लू स्टोन है, जिससे हजारों लोगों के घरों में चूल्हा जलता है, इसके बावजूद भी जिला प्रशासन इसके आड़ में लोगों को परेशान करने का काम कर रही है।

### मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण

**कोडरमा।** मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बुधवार को प्रमंडलीय आयुक्त सह मतदाता सूची प्रेक्षक चन्द्र किशोर उरांव झुमरीतिलैया पहुंचे और नगर पर्षद क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का भ्रमण किया। स्थानीय मतदाताओं से बातचीत कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी ली। आयुक्त ने युवा मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के युवा जिनका नाम वोटरलिस्ट में दर्ज नही है, वे फॉर्म भरकर निकट के बीएलओ को दें। उपायुक्त आदित्य रंजन, एसडीओ सन्दीप कुमार मीणा, उप निर्वाचन पदाधिकारी जयपाल सोय, नगर प्रशासक, सीओ अनिल कुमार आदि मौजूद थे।

# 10 लाख की लागत से बना सुलभ शौचालय महीनों से बंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में 10 लाख की लागत से बना सुलभ शौचालय कई महीनों से बंद पड़ा है। यह एक शोभा की वस्तु बनकर रह गया है। इसका उद्घाटन पूर्व शिक्षा मंत्री वर्तमान कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव द्वारा वर्ष 2018 में किया गया था। उद्घाटन के बाद इसका उपयोग सुचारू रूप से हो रहा था और मुख्यालय आने जाने वाले लोग इस्तेमाल कर रहे थे। वहीं सुलभ शौचालय में लगे मोटर की चोरी विगत कुछ वर्षो पूर्व पहले चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। मोटर चोरी होने के बाद सुलभ शौचालय में पानी की दिक्कत होने लगी। जिसके कारण शौचालय गंद्गी में तब्दील होने लगा। अंन्तः इसे बंद कर दिया गया। जो लंबे समय से आज कई वर्षो से बंद पड़ा है। शौचालय बंद रहने के कारण दूरदराज से प्रखंड कार्यालय में अपने कार्य को लेकर आने-जाने वाले महिला पुरुष ग्रामीण व आसपास के दुकानदारों मुख्यालय परिसर के सामने स्थित बैंक में आने जाने वाले महिला पुरुष-ग्रामीण को शौच करने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड परिसर में बंद शौचालय रहने के कारण भी प्रखंड पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि इसका कोई समाधान नहीं निकाल पाए हैं। वहीं शौचालय के सफाई कर्मी ने मोटर चोरी होने को लेकर थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला भी दर्ज कराया था। मगर आज तक ना तो चोर पकड़ाया और ना ही सुलभ शौचालय चालू हुआ। सरकार द्वारा शौचालय निर्माण में लगाया गया लाखों की राशि का दुरुपयोग होता दिख रहा है। जबकि शौचालय जाने के लिए रास्ता को भी बाउंडरी बनाकर बंद कर दिया गया है, जो प्रखंड वासियों के लिए एक बड़ी समस्या बनी हुई है।

## संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न

# सभी कार्यों को ससमय नियमानुकुल पूर्ण करें: डीसी




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त चतरा अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला योजना विभाग अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं कि समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से केन्द्रीय सहायता मद अंतर्गत अपूर्ण योजना की समीक्षा,वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्राप्त आवंटन के विरूद्ध क्रियान्वित योजना की समीक्षा, सीएसआर मद अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा, जिला योजना से अनाबद्ध निधि द्वारा अपूर्ण योजनाओं की समीक्षा एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्राप्त आवंटन के विरूद्ध ली जाने वाली योजनाओं पर विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सीएसआर मद अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग में आपूर्ति की जाने वाली सामग्रियों समेत अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए उनके आपूर्ति से संबंधित कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया।

### 407 वाहन ने एक व्यक्ति को रौंदा दर्दनाक मौत

**सिमरिया।** थाना क्षेत्र के बन्हे स्थित विद्यालय के पास एक तेज रफ्तार 407 वाहन ने एक व्यक्ति को रौंदा दिया है ।जिससे व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई है ।मृतक में बन्हे गांव निवासी मो उद्दीन मियां का नाम शामिल है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वाहन संख्या खल02अर 2381 चार सौ सात वाहन काफी तेज रफ्तार से सिमरिया की ओर से आ रही थी तेज रफ्तार होने के कारण वाहन ने अपने चपेट में ले लिया जिससे उद्दीन मियां घायल हो गया। ग्रामीणों और स्थानीय लोगों के मदद से घायल को सिमरिया रेफरल अस्पताल लाया जन्हा चिकत्सको ने घायल व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने वाहन और वाहन चालक को अपने कब्जे में लेकर सिमरिया पुलिस को सौंप दिया है। उद्दीन मियां के मौत हो जाने से परिजनों में रो रो कर बुरा हाल है।

# जनवितरण दुकानदार पर कालाबाजारी व बदसलूकी का आरोप, प्रमुख ने लिया जायजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिमरिया।** डीलर के खिलाफ ग्रामीणों के आवेदन पर जायजा लेने प्रखंड के जांगी पंचायत के डिलर मुनिया देवी के जनवितरण दुकान पर बुधवार को प्रखंड प्रमुख एवं उप प्रमुख पहुंचे जहां मौजूद कार्डधारियों से मिलकर उनका समस्या सुना। जहाँ मौजूद दर्जनों कार्डधारीयों ने डिलर के खिलाफ जमकर बवाल काटा। कार्डधारीयों ने प्रमुख एवं उपप्रमुख से शिकायत कर डिलर की मनमानी खत्म करवाने की मांग की। मौके पर बवाल काट रहे लाभुकों का कहना था कि डीलर मुनिया देवी के द्वारा कभी भी लाभुकों को समय पर राशन व किरासन नहीं दिया जाता है। लाभुकों को एक महीने का राशन किरासन देकर पंजी पर दो तीन महीने के कॉलम में हस्ताक्षर व निशान लगवा लिया जाता है। राशन माप से कम देने, केंद्र सरकार के द्वारा दी जाने वाली राशन कभी भी नहीं दिया जाना, ग्रामीणों को तरह-तरह के केस में फंसाने की धमकी देना, ग्रामीणों के साथ बदसलूकी करना, अपने पुत्र के मृत्यु का आरोप शिकायतकताओं पर लगान, पदाधिकारियों से पहूँच का धौस दिखाना सहित अनेकों आरोप लगाया है। लाभुकों ने बताया कि जब अपना राशन और किरासन लेने के लिए डीलर के यहां पहुंचते हैं, तो उक्त डीलर के द्वारा ग्रामीणों के साथ बहुत ही उदंडता पुर्वक व्यवहार किया जाता है। पर्ची नहीं दिया जाता है।

## एक नजर में

### अवैध कोयला लदे हाइवा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**चतरा।** जिले में अवैध कोयला तस्करों पर पुलिसिया नकेल निरंतर जारी है। अंतरराज्यीय गिरोह के तीन कोयला तस्करों को अवैध कोयला लदे हाइवा के साथ पुलिस ने दबोचा है। तस्करों की गिरफ्तारी सिमरिया-हजारीबाग मुख्यपथ स्थित शिला पिकेट के समीप से हुई है। एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि एसपी राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि टंडवा थाना क्षेत्र से एक हाइवा पर अवैध कोयला लोड कर तस्कर सिमरिया के रास्ते तस्करी के लिए ले जा रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीपीओ के नेतृत्व में सिमरिया थाना व शिला पुलिस पिकेट की संयुक्त टीम बनाकर एनएच 100 पर नाकाबंदी करते हुए वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था।

### सीओ ने कराया केंद्रीय विद्यालय को अतिक्रमण मुक्त

**सिमरिया।** चतरा जिले के एक मात्र केंद्रीय विद्यालय चतरा सिमरिया का विद्यालय निर्माण जारी है। जिसमें विद्यालय के प्रांगण में पूर्व से लगभग दो डिसमिल जमीन प्रकाश ठाकुर का कब्जा था। जिसे लेकर न्यायालय में वाद प्रतिवाद जारी था। सीओ छुटेश्वर दास को अतिक्रमण हटाने को लेकर केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य द्वारा एक लिखित पत्र सौपा गया था। अंचलाधिकारी छुटेश्वर दास द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तथा प्रकाश ठाकुर का कागजात अवलोकन कर उक्त जमीन पर बने मकान को हटाने की नोटिश 6 बार दिया गया था। उक्त व्यक्ति द्वारा मकान नहीं हटाने पर मजिस्ट्रेट नियुक्त करते हुए सीओ छुटेश्वर दास ने महिला पुलिस व पुरुष पुलिस बल को लेते हुए तथा थाना प्रभारी के मौजूदगी में उक्त मकान को धाराशाही किया गया और उक्त विद्यालय के प्रांगण में बने मकान को अतिक्रमण मुक्त किया गया।

### विभिन्न इंडिकेटरों की समीक्षा बैठक संपन्न

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा निर्धारित इंडिकेटर की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, बेसिक इन्फ्रास्ट्रचर, कौशल विकास से संबंधित सभी इंडिकेटरों की बारी बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, सिविल सर्जन श्याम नन्दन सिंह, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, जिला शिक्षा पदाधिकारी, दिनेश मिश्रा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सुरजमुनी कुमारी, जिला कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट, पिरामल फाउण्डेशन टीम के दीपक मिश्रा,अमित भारती, नेहा ठाकुर, दीपांशी निगम, अपसर आजाद, घनश्यमा शर्मा समेत अन्य उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंच प्रशिक्षण की गुणवत्ता की जानकारी ली

**चतरा।** डीआरडीए स्थित प्रशिक्षण भवन हॉल में कुपोषण उपचार परियोजना सह पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ दिनांक 22.11.2022 को किया गया था। जिसे लेकर कार्यशाला के आज दूसरे दिन डीएमएफटी अन्तर्गत चयनित नूट्रिशनिस्ट, पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट एवं एमआईएस एक्सपर्ट कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। चल रहे कुपोषण उपचार परियोजना सह पांच दिवसीय कार्यशाला में उपायुक्त श्री अबु इमरान ने स्वयं पहुंच चयनित प्रशिक्षणार्थियों के बीच बैठ कर मास्टर ट्रेनर द्वारा दी जा रही प्रशिक्षण कि गुणवत्ता की जानकारी ली। वहीं मौके पर उन्होने सभी प्रशिक्षणार्थियों को कहा कि लग्न एवं मेहनत से प्रशिक्षण प्राप्त करें। जिससे कि जिले को प्रशिक्षण के पश्चात कुपोषण मुक्त किया जा सके। उक्त प्रशिक्षण कार्यशाला में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता उपस्थित थे।

### छात्रोपस्थिति एवं शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए प्रधानाध्यापक का विशेष अभियान शुरू

**टांड़वा (चतरा)।** बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं शैक्षणिक स्तर में सुधार के उद्देश्य से राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय गाडीलौंग के शिक्षकों द्वारा अभिभावकों एवं ग्रामीणों से संपर्क कर उन्हें प्रोत्साहित करने का सराहनीय कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसका नेतृत्व प्रधानाध्यापक जगदीश राम ने किया है।

### प्रतियोगिता में सफल बच्चो को किया गया पुरस्कृत

**सिमरिया।** खेलो झारखंड के तहत बुधवार को इलेवन स्टार फुटबॉल मैदान में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ नीतू सिंह और बीईओ संतोष कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया ।इस दौरान प्रतियोगिता का शुरूआत किया गया। प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न मध्य विद्यालय के बच्चे शामिल हुए ।जिसमे 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर दौड़, रिले दौड़, ऊंची छलांग, लंबी छलांग, गोला फेंक, भाला फेंक, कबड्डी, फुटबॉल आदि खेल प्रतियोगिता कराया गया।

### खेलो झारखण्ड के तहत खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**डोमचांच (कोडरमा)।** समग्र शिक्षा अंतर्गत खेलो झारखण्ड के तहत बुधवार को सीएम हाई स्कूल मैदान में विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें दौड़, रिले दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला फेंक, चक्का फेंक, गोला फेंक, कराटे, फुटबॉल, कबड्डी, आदि प्रतियोगिताएं शामिल थीं। वहीं अतिथि के रूप में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण यादव, बीडीओ उदय कुमार सिन्हा, बीईओ शेख शकील अहमद व बीपीओ प्रभुदेव यादव मौजूद रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेश्वर पांडेय ने किया। वहीं प्रतियोगिताएं शारीरिक शिक्षक बिंदु प्रसाद, नूतन पांडेय, के देख-रेख में सम्पन्न हुई।

### पूर्व मुख्यमंत्री को गर्व से कहो हम भारतीय हैं का फ्रेम सौंपा

**कोडरमा।** सामाजिक कार्यकर्ता विशाल भदानी ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को गर्व से कहो हम भारतीय हैं का फ्रेम सौंपा। चलकुशा में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने विशाल भदानी भारतीय के इस मुहिम को जाना और इसकी सराहना की। सामाजिक कार्यकर्ता और भारतीयता की मुहिम चला रहे विशाल भदानी भारतीय ने इन्हें गर्व से कहो हम भारतीय हैं का फ्रेम भी भेंट किया।

### सुंदर स्वभाव के मालिक बनो : जैन मुनि विशल्य सागर जी

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** श्री दिंबर जैन बड़ा मंदिर में झारखंड राज्य के राजकीय अतिथि परम पूज्य मुनि श्री 108 विशल्य सागर जी महाराज के परम सानिध्य में मगसिर अमावस्या को विश्व शांति प्रदाता देवाधिदेव 1008 श्री शांति नाथ भगवान की प्रतिमा पर अभिषेक एवं शांतिधारा समाज के पदाधिकारी गण ने किया। इसके पश्चात मुनि श्री का पाद प्रक्षालन समाज के गणमान्य लोगों ने किया। ततपश्चात मुनि श्री का मंगल उदबोधन हुवा, जिसमे मुनि श्री ने कहा कि सुंदर स्वभाव के मालिक बनों। हमारे जीवन में प्रगति कैसे हो, संकल्प कर लो जीवन में तो सारे काम आसान हो जाएंगे। संकल्प जीवन में प्रतिभा को जगाता है, संकल्प जीवन को महान बनाता है जितने भी महापुरुष हुए वो संकल्प से हुए।

### उप मुखिया पर दुष्कर्म का आरोप, मामला दर्ज

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना में एक विवाहिता ने आवेदन देकर सतडीहा निवासी उप मुखिया उमेश यादव पर जबरन घर घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। आवेदन में महिला ने कहा है की 4 नवंबर की रात घर में सोई हुई थी। इसी बीच उमेश यादव उनके घर घुसकर जबरन उनके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद उमेश यादव द्वारा बार-बार धमकी दिया जा रहा था कि यदि किसी को मामला को बताया तो तुम्हें और तुम्हारे परिवार को जान से मार दूंगा, जिससे वह काफी भयभीत हो गई थी। इस कारण कुछ दिनों तक किन्ही को नही बताया। बाद में पीड़िता ने जयनगर थाना में आवेदन देकर उमेश यादव पर दुष्कर्म करने मामला दर्ज कराया है। इस मामले में थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि पीड़िता के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## चंदवा में रेलवे कन्स्ट्रक्शन साइट पर माओवादी हमले के बाद दिखा भयावह मंजर

# 15 करोड़ रुपये की क्षति होने का अनुमान, कामकाज ठप

**मंगलवार की शाम महत्वाकांक्षी तीसरी लाइन निर्माण कार्य मे लगी टीटीपीआईएल कंपनी के साइट पर हुआ था माओवादी हमला**

- माओवादी हमले का जायजा लेने पहुंचे लातेहार एसपी अंजनी अंजन, एसडीपीओ के साथ लिया घटना स्थल का जायजा
- माओवादियों द्वारा स्पाइरल मशीन, जेसीबी, हाइड्रा, पोकलेन समेत एक दर्जन वाहनों को किया गया है आग के हवाले

**राजेश प्रसाद/कमलेश प्रसाद**


**लातेहार/चंदवा।** सीआईसी सेक्शन बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी जंक्शन के पश्चमी दिशा पर स्थित ब्रिज संख्या 188 डगडगी पुल के पास कॉमर्शियल कॉरिडोर के तहत पतरातू से सोन नगर तक बन रहे महत्वाकांक्षी तीसरी लाइन निर्माण कार्य मे लगी टीटीपीआईएल कम्पनी के कन्स्ट्रक्शन साइट पर मंगलवार की शाम नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के लगभग 50 की संख्या में आये दस्ते के द्वारा जमकर तांडव मचाये जाने के बाद घटना स्थल पर भयावह मंजर देखने को मिला। घटना स्थल पहुंचने के बाद बुधवार सुबह तक माओवादियों द्वारा जलाए गए करोड़ों के कीमती मशीनों से धुंआ उठ रहा था, वहीं मौके-ए-वारदात पर मौजूद कर्मियों के चेहरे पर खौफ का मंजर साफ झलक रहा था। घटना के बाद बुधवार को लातेहार एसपी अंजनी अंजन भारी संख्या में सुरक्षा बल के साथ घटना स्थल पहुंचे व एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा व प्रभारी थाना प्रभारी बबलू कुमार से साथ घटना स्थल का मुआयना किया साथ हीं कन्स्ट्रक्शन कार्य मे लगी कंपनी टीटीपीआईएल के लोगो व घटना के चश्मदीद कर्मियों से घटना की जानकारी ली।


घटना स्थल का जायजा लेते एसपी, एसडीपीओ व अन्य।

### माओवादी कमांडर रविंद्र गंझू के मौजूद होने की चर्चा

इधर घटना के प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो घटना स्थल पर 15 लाख का इनामी माओवादी रीजनल कमांडर रविंद्र गंझू भी मौजूद थे। उन्ही के नेतृत्व में पूरे घटना को अंजाम दिया गया है। हालांकि उसकी पुष्टि प्रशासन की ओर से नही की गई थी। बता दें कि एक माह पूर्व 21 अक्टूबर को भी माओवादी रविन्द्र गंझू के दस्ते ने चंदवा के माल्हन के केंदुआटांड स्थित तीसरी लाइन निर्माण कार्य मे लगी केईसी कम्पनी के साइट पर हमला बोल दिया था व एक इंजीनियर व 2 कर्मचारियों को गोली मारकर घायल कर दिया था। एक माह के दौरान दूसरी बार बड़ी माओवादी वारदात ने क्षेत्र में रविन्द्र गंझू के मौजूदगी की ओर इशारा कर रहा है। बताते चलें कि ऑपरेशन ऑक्टोपस के तहत नक्सलियों के गढ़ कहे जाने वाले बूढ़ा पहाड़ में सुरक्षा बलों के अभियान तेज होने के बाद माओवादियों का दस्ता वहां से निकलकर कर चंदवा व लोहरदगा के सीमावर्ती जंगलों में लगातार धमक दिखा रहे हैं। क्योंकि फिलवक्त में घटित माओवादी घटनाएं इसी ओर पुख्ता इशारा कर रही है।

### घटना को लेकर क्या कहते हैं एसपी अंजनी अंजन



मामले को लेकर एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि मंगलवार की शाम टीटीपीआईएल कम्पनी के साइट पर कुछ उग्रवादी तत्वों के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। हमलोग जांच पड़ताल कर रहे हैं कि किस संगठन के द्वारा उक्त घटना को अंजाम दिया गया है। चुकी लातेहार जिले भाकपा माओवादी के साथ जेजेएमपी, टीएसपीसी व पीएलएफआई संगठन भी है। हम लोग के द्वारा पड़ताल किया जा रहा है कि घटना में किस संगठन का हांथ है और उद्देश्य क्या है। प्रतीत हो रहा है कि भय बनाकर लेवी वसूलने को लेकर उक्त घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस सभी बिंदुओं व साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए जांच पड़ताल कर रही है, जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा। इस दौरान काम कर रही कंपनी व कर्मियों की सुरक्षा को लेकर उचित कदम उठाने की बात एसपी श्री अंजन ने कही है।

### कंपनी के नाम छोड़ा गया है धमकी भरा पर्चा

घटना स्थल पर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) कोयल शंख जोनल कमिटी के द्वारा निर्माण कार्य में लगी कंपनी टीटीपीआईएल के नाम धमकी भरा पर्चा छोड़ा गया है। पर्चा में धमकी भरे लहजे में कहा गया है कि कंपनी को सूचनार्थ करने के बाद भी नही सुना जा रहा है, जिस कारण बाध्य होकर सांगठनिक कार्य किया गया है। यह कार्रवाई एक चेतावनी है, अनदेखी कर मनमाने ढंग से कार्य किया गया तो फौजी कार्रवाई की जाएगी साथ रेलवे के ठेकेदारों को बिना अनुमति के कार्य नही करने की चेतावनी भी दी है।


जलाया गया हाईवा।


नक्सलियों के द्वारा जलाया गया स्पाइरल मशीन।

### घटना की कहानी चश्मदीदों की जुबानी

कर्मियों ने नाम नही छापने के शर्त पर बताया कि मंगलवार की शाम लगभग 4 बजे के करीब जंगल के चारो ओर से लगभग 4-4 व 5-5 की संख्या में नक्सलियों का दस्ता उन्हें घेर लिया। इस दौरान निर्माण कार्य स्थल पर मौजूद कर्मियों व मजदूरों को कब्जे में लेकर सभी को घण्टो गन पॉइंट पर रखा। इस दौरान चारो ओर से नक्सली घेरा बंदी किये हुए थे। कर्मियों को कब्जे में लेने के बाद एक-एक कर सभी मशीनों व वाहनो में डीजल छिड़कर आग लगावा दिया और तब तक घटनास्थल से नही हिले जबतक वाहन आग से पूरी तरह से नही जल गये। इस दौरान रात्रि लगभग 7 बजे के बाद तक नक्सलियों का दस्ता घटना स्थल पर ही जमे थे। इस क्रम में लगातार वे वायरलेस फोन (ओकीटोकी) से एक दूसरे के साथ संपर्क स्थापित कर रहे थे व एक दूसरे को दिशा निर्देश भी दे रहे थे। घटना को अंजाम देने के बाद 3-4 राउंड हवाई फायरिंग करते हुए नक्सली जंगल की ओर निकल गए। जंगलों की ओर जा रहे नक्सली जंगली कोडवर्ड भाषा में अपने साथियों को कुछ संदेश भी साझा कर रहे थे।


आग के हवाले किया गया हाईड्रा व पोकलेन।

### दर्जनों मशीनों व वाहनों को फूंक गए नक्सली

इस माओवादी वारदात में नक्सलियों के द्वारा दो स्पाईलिंग मशीन, जेसीबी, हाइवा, पोकलेन, हाइड्रा, 3 बेंच मशीन, 1 डीजी व 3 बाइक समेत लगभग 13 वाहनो व मशीनों को फंक दिया गया है। जिस कारण लगभग 15 करोड़ रुपये का नुकसान होने की बात सामने आ रही है।

## स्पीड न्यूज

### महिला ने आत्महत्या का किया प्रयास

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ ब्लॉक कॉलोनी में रहने वाली एक महिला ने पारिवारिक विवाद में जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया की बुधवार दोपहर को गीता देवी 26 वर्ष पति मुकेश प्रजापति दोनों पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था जिसके बाद आवेश में आकर महिला ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से महिलाओं को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेश राम की देखरेख में महिला का प्राथमिक उपचार किया गया। जहां महिला की स्थिति फिलहाल सामान्य बताई जाती है।

### विजेंद्र अग्रवाल के निधन पर शोक

**चंदवा।** शहर के प्रसिद्ध व्यवसायी विजेंद्र अग्रवाल 82 वर्ष का निधन बुधवार की सुबह हो गया। वे पिछले 3 दिनों से वे बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर समाज के सभी वर्गों एवं राजनीतिक दलों के लोगों ने गहरा शोक प्रकट किया है। शोक प्रकट करने वालों में चंदवा उपप्रमुख आश्विनी मिश्रा, हरिनन्दन दुबे, लाल अमित, संजीव आजाद, रामयश पाठक, राघो तिवारी, राजकुमार पाठक, अमित गुप्ता, महेंद्र साहू, प्रयाग पाठक, प्रमोद दुबे, संजय दुबे, निर्मल शर्मा, प्रभाकर मिश्र, रामकृष्ण मिश्रा समेत अन्य शामिल हैं। बता दें कि उनका अंतिम संस्कार देवनद नदी तट पर गुरुवार को 10 : 00 बजे पूर्वाहन किया जाएगा।

### पांच लाख का समान जलकर खाक




**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के गोबरीटोला में छोटू वर्क शॉप नामक दुकान में मंगलवार देर रात आग लगने से दुकान में रखा लाखो का समान जलकर खाक हो गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए दुकान संचालक मो. इबरार ने बताया कि वह नित्य दिनों की तरह दुकान बंद कर शाम को वापस अपने घर होलंग चला गया था। जहां देर रात उसके दुकान में अचानक आग लग गई। जिसकी सूचना उसे मकान मालिक द्वारा दी गई। जब तक वह दुकान पहुंचा तब तक दुकान में रखा सारा समान जलकर खाक हो गया। दुकान संचालक ने बताया की दुकान में तीन लाख का मोटर पाट्र्स का सामान वही एक डिस्कवर बाइक और एक होंडा कंपनी का बाइक भी बनने के लिए आया हुआ था वह भी जलकर खाक हो गया। दुकान संचालक ने मामले की लिखित सूचना बालूमाथ थाना में दिया है।

### मृतक के परिजनों को मिला राशन


राशन उपलब्ध कराते जिप सदस्य।

**बारियातू।** प्रखंड के अमरवाडीह गाँव पहुंचकर जिला परिषद सदस्य रमेश राम ने बुधवार को मृतक सुरेश उरांव के परिजनों से मुलाकात कर कुशल क्षेम पूछते हुए राशन उपलब्ध कराया। सुरेश उरांव का लम्बे समय से रिम्स मे ईलाज चल रहा था। जहाँ उसकी मौत हो गई। मृतक के पत्नी सहित एक पुत्र व पांच पुत्री हैं। सुरेश उरांव की मौत के बात सुनकर जिला परिषद सदस्य रमेश राम ने आश्रितों के घर जाकर राशन उपलब्ध कराते हुए हरसंभव मदद करने का आश्वाशन दिया। मौके पर सोमनाथ गंझु, प्रदीप गंझु, महेंद्र उरांव, प्रभु गंझु, रोहन प्रजापति, जतन प्रजापति सहित कई लोग मौजूद थे।

**बरवाडीह से मंडल और छिपादोहर के साथ अन्य महत्वपूर्ण सड़कों के कायाकल्प की कवायद शुरू**

## विधायक ने निर्माण को लेकर अभियंता से की मुलाकात

- विधानसभा क्षेत्र के सभी महत्वपूर्ण सड़कों का कराया जाएगा निर्माण: रामचंद्र सिंह
- लंबे समय से हो रही है इन सड़को को सुदृढ़ करने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**


रामचंद्र सिंह (विधायक मनिका)।

**बरवाडीह।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों की कुछ महत्वपूर्ण सड़कों का कायाकल्प जल्द होने के आसार दिखने लगे हैं। ग्रामीण कार्य विभाग कि चार महत्वपूर्ण सड़कें पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करने की कवायद शुरू कर दी गई है। विधायक रामचंद्र सिंह के प्रस्ताव पर पथ निर्माण विभाग के अभियंता प्रमुख ने इन सड़कों के निर्माण को लेकर सार्थक संकेत दे दिए है। अब इन सड़कों को नया स्वरूप देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इन महत्वपूर्ण सड़कों में बरवाडीह से मंडल तक लगभग 28 किलोमीटर तक पथ निर्माण। बरवाडीह से छिपादोहर तक 15 किमी पथ निर्माण। भूषाढ़ -केचकी -कुटमू पीडब्ल्यूडी पथ से हड़पड़वा, ग्राम सरईडीह, पोखरी चौपाल और अखरा होते हुए पीडब्ल्यूडी पथ तक 7 किमी सड़क निर्माण तथा बरवाडीह आरसीडी पथ (रेलवे क्रॉसिंग) से लंका बिचला बधार, मंगरा, ओछवाही और कोयल नदी होते हुए पीढ़े (पलामू जिला) पीडब्ल्यूडी पथ तक 14 किमी तक पथ निर्माण के साथ- साथ कोयल नदी पर पुल निर्माण की मांग शामिल हैं। वहीं विधायक ने इन महत्वपूर्ण सड़कों को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग में हस्तांतरित कराते हुए पथ निर्माण विभाग से कराने की मांग की हैं। विधायक ने अभियंता प्रमुख को बताया है कि इन सड़कों का निर्माण जनहित में अत्यंत आवश्यक है। उक्त सड़क एक प्रखंड से दूसरे प्रखंड तथा एक जिले से दूसरे जिले को जोड़ता है। इन पथों के निर्माण से स्थानीय लोगों को आवागमन, क्षेत्र के समुचित विकास में सहयोग के साथ-साथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन को आवागमन में मदद मिलेगी।

### लाइफलाइन है बरवाडीह: मंडल सड़क

यहां जानकारी देते चलें कि उक्त चारों सड़क मनिका विधानसभा क्षेत्र के लिए काफी महत्वपूर्ण सड़कें है। कई सड़कें तो लाइफ-लाइन जैसी है। इन सड़कों का निर्माण होने के बाद यातायात सुविधाओं में वृद्धि होगी। सड़क मार्ग का नेटवर्क जिले में काफी मजबूत हो जाएगा। इन सड़को को सुदृढ़ करने की मांग लंबे समय से होती रही है। इधर विधायक ने खबर मंत्र को बताया कि इन महत्वपूर्ण सड़कों के हस्तांतरण की प्रक्रिया पूर्ण होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त सड़को के निर्माण को लेकर पथ निर्माण विभाग के अभियंता प्रमुख से वार्ता हुई है, और सार्थक संकेत मिलें है। सभी प्रक्रियाएं पूरी करने को लेकर पथ निर्माण विभाग द्वारा आश्वस्त किया गया हैं।

### प्रखंड प्रमुख ने बीडीओ पर लगाया दुर्व्यवहार का आरोप

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड की प्रखंड विकास पदाधिकारी ललिता बाखला पर बालूमाथ प्रखंड प्रमुख ममता देवी ने दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। आरोप लगाते हुए कहा कि बीडीओ द्वारा आये दिन पंचायत प्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। उनके बिना सहमति के योजनाओं का चयन कर लिया जाता है ।पूछने पर दुर्व्यवहार किया जाता है। बुधवार को बालूमाथ बीडीओ द्वारा मुझे अपने चेंबर में बुलाकर कहा कि तुम लोग लातेहार क्यों गए थे। तुम बहुत बड़ा नेता बन गई हो क्या जो लातेहार जाकर मेरी शिकायत करती हो। तुम्हारा चेहरा बहुत चमक रहा था और अपने चेंबर से बाहर भगा दिया। ज्ञात हो कि एक दिन पूर्व बालूमाथ प्रखंड प्रमुख ममता देवी,उप-प्रमुख कामेश्वर राम के नेतृत्व सभी पंचायत समिति सदस्यो ने मंगलवार को लातेहार उपायुक्त को बीडीओ की मनमानी के खिलाफ ज्ञापन सौंपा था। आवेदन में कहा था कि बीडीओ द्वारा तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है। बिना पंचायत प्रतिनिधियों की समितियों की सहमति से योजनाओं का चयन किया जा रहा है। बीडीओ के इस तानाशाही रवैया के कारण विकास का कार्य प्रभावित हो रहा है। वही इस सबंध में बालूमाथ बीडीओ से उनका पक्ष लिया गया तो कहा उनके ऊपर लगाया गया आरोप बेबुनियाद है। उनलोग सब के पास दिमाग नही है उनलोगों का कहना कि पैसा पंचायत-पंचायत बंटवारा कर दीजिए योजना हमलोग लेंगे। जो संभव नही है ।

### प्रशासन से अलाव की व्यवस्था देने का मांग


**चौक चौराहे पर अलाव की व्यवस्था होने से लोगों को ठंड के मौसम में मिलेगी राहत: मिथिलेश पासवान**

**मनिका।** मनिका प्रखंड क्षेत्र में ठंड के मौसम से बचाव हेतु युवा कांग्रेस मनिका विधानसभा के अध्यक्ष मिथिलेश पासवान ने दिन बुधवार को प्रखंड प्रशासन व उपायुक्त लातेहार से चौक चौराहे पर अलाव (लकड़ी की आग) का व्यवस्था करवाने का मांग किया है ताकि क्षेत्र के लोगों को ठंड के मौसम से राहत मिल सके। मौके पर मिथिलेश पासवान ने कहा कि मनिका प्रखंड क्षेत्र में ठंड की मौसम करवट बदल रही है। इन दिनों लगातार ठंड बढ़ती जा रही है। जिसके कारण लोग चौक चौराहों पर सुबह और संध्या के समय काफी कम संख्या में घर से बाहर देखे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर प्रखंड क्षेत्र में जगह-जगह पर अलाव की व्यवस्था दे दी जाती है तो लोगों को इस मौसम में राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मैं प्रखंड प्रशासन और उपायुक्त लातेहार से निवेदन करता हूं कि क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल व गर्म वस्त्र का वितरण किया जाए। ताकि लोग इस मौसम में खुद को सुरक्षित रख सकें।

## सड़क निर्माण में गड़बड़ी की जांच करने पहुंची टीम

**पारस यादव**

**गारु।** लातेहार जिला अंतर्गत गारू प्रखंड अंतर्जगत बस स्टेंड बारेसाढ़ से मायापुर तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 4 किमी सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर रामसेली से पहाड़कोचा तक लगभग 5.23 किमी सड़क का निर्माण कराया जा रहा हैं, इन योजनाओं में संवेदक द्वारा काफी अनियमितता बरती जा रही है, उक्त खबर को खबर मन्त्र द्वारा प्रमुखता से उठाया गया था। जिसका नतीजा बुधवार को देखने को मिला। कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार, जेई जनेश्वर राम, उपप्रमुख रामदास यादव आदि की संयुक्त टीम स्थलीय जांच में खबर को सत्य पाया गया। पथ के निर्माण कार्य में लगे ए. के एन्ड आर०के. वेंचर के संवेदक द्वारा बरती गई अनियमितता को लेकर आरइओ के अभियंता दीपक कुमार, जेई जनेश्वर राम, उपप्रमुख रामदास यादव आदि निर्माण स्थल बारेसाढ़ पहुंचे। अधिकारियों ने शिकायतकर्ता ग्रामीणों को निर्माण स्थल पर बुलाकर पूछताछ की। इस क्रम में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पूर्व में बनी सड़क की मिट्टी को संवेदक द्वारा हटाया नहीं गया । इसके अलावा गड्ढों में मेटल की जगह मिट्टी डाल दिया गया। जिस पर बगैर पानी डाले एवं रोलर चलाए बिना ढलाई कर दिया गया। वही निर्माण कार्य में उपयोग किये जा रहे सामग्री भी बेहद निम्न दर्जे का उपयोग किया जा रहा है।


सड़को की जांच करते अधिकारी

### तय मानकों में सड़क का निर्माण ना होना चिंताजनक: जीरा देवी

बताते चले की घटिया निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा जिला परिषद सदस्य जीरा देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष कमरुद्दीन खलिफा, विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव आदि के पास बार-बार शिकायत मिल रही थी कि सड़कों के निर्माण में घटिया गुणवत्ता वाली सामग्री का प्रयोग कर रहा है। कुछ दिन पहले सोशल नेटवर्किंग साइटों पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें यह आरोप लगाया गया था कि सड़कों के निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है।

### जेसीबी से कलवर्ट को उखाड़ कर दुबारा लगाने का निर्देश

सबसे पहले रामसेली से नावाटोली होते हुए पहाड़कोचा तक 5 .23 किमी सड़क निर्माण की जाँच किये। जाँच में पुलिया व कलवर्ट की भी जाँच किया गया। पहला कलवर्ट जो बनने के साथ ही धस गया था उसे जेसीबी लगाकर उखाड़ने का निर्देश दिया। कार्यपालक अभियंता संवेदक के प्रतिनिधि (मुंशी ) अरुण चौबे को बोले प्राक्कलन के अनुरूप निर्माण कार्य करना है उसके बाद जेसीबी से कलवर्ट को हटाया गया अब वहाँ दुबारा कलवर्ट बनाया जाएगा, आगे उसी सड़क पर बढ़ने पर एक 90 डिग्री एंगल का कलवर्ट मिला उसकी जाँच की गई जाँच में भारी अनियमिताएं पाई गईं और इसे भी तोड़ने का आदेश दिया गया और जेई के निगरानी में ढलाई करने, मिट्टी जो भरा हुआ है उसे हटाकर जेएसबी भरकर पीसीसी बनाने और वाईब्रेटर का भी प्रयोग करना है।

## एक नजर में

### हाथियों की झुंड ने घर व घर में रखे सामान को किया नष्ट, कई मवेशी को मार डाला


पीड़ित परिवार से मुलाकात करते भाजपा नेता।

**बारियातू।** मंगलवार की रात्रि करीब एक बजे बसिया पंचायत के बड़का आहार टोला में एक बार फिर हाथी का आतंक प्रारंभ हो गया है। बड़का आहार निवासी सोहरी माशोमत के घर को पूरी तरह से ध्वस्त कर घर में रखे अनाज, महुआ, चावल, आलू, प्याज, गेहूं इत्यादि को चट कर गए और घर में रखे पूरे सामान को तोड़ फोड़ दिए। घर के बाहर बंधे मवेशी गाय को कुचल कर बुरी तरह से मार डाला। घटना से पूरा परिवार दहशत में है। लाखो रुपए के संपत्ति जान मॉल का नुकसान हो जाने से पूरा परिवार शोक में है। भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने मौके पे पहुंच पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए वन विभाग से उचित मुवावजे की मांग करते हुए कहा की इस तरह आखिर कब तक गरीब लोगो को हाथी के आतंक के साए में जीवन गुजारना पड़ेगा। वन विभाग के द्वारा अभी तक संवेदनशील जगहों पर टॉर्च मसाल पटाखे इत्यादि का वितरण नहीं किया गया। जिससे तत्काल हाथियों को भागने में ग्रामीणों को जान का खतरा बना रहता है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, सुरेश गंझू, आशिक गंझू, मुकेश गंझू, मतलू गंझू, टेपर गंझू सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### चाइल्ड लाइन ने मनाया दोस्ती सप्ताह

- मुसीबतों में फंसे बच्चों की मदद के लिए किया जा रहा है प्रेरित : शंभू कुमार


जागरूक करती चाइल्ड लाइन की टीम।

**बरवाडीह।** रेलवे चाइल्ड लाइन बरवाडीह के द्वारा बरवाडीह स्टेशन पर बुधवार को दोस्ती सप्ताह का आयोजन किया। कार्यक्रम को लेकर टीम मेंबर शंभू कुमार ने बताया कि चाइल्ड लाइन द्वारा पूरे भारतवर्ष में हर वर्ष चाइल्डन से दोस्ती सप्ताह का आयोजन किया जाता है। जिसका मूल उद्देश्य चाइल्डलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 का व्यापक प्रचार- प्रसार करना है। साथ ही साथ लोगों को चाइल्ड लाइन की गतिविधियों के संबंध में अवगत कराना है। कार्यक्रम में चाइल्ड लाइन के सदस्यों ने बाल शोषण, बाल मजदूरी और बाल विवाह जैसी मुसीबतों में फंसे बच्चों की मदद के लिए प्रेरित किया गया। वहीं यात्रियों से अपील की गई कि कभी भी कोई बच्चा अकेले भटकते हुए या गुम मिलता है तो इसकी सूचना स्टेशन पर मौजूद चाइल्ड लाइन के सदस्यों को दें या फिर टोल फ्री नंबर 1098 पर कॉल कर इसकी जानकारी दें। इसके अलावा कार्यक्रम के द्वारा बाल विवाह, बाल श्रम, बाल मजदूरी, बाल यौन शोषण के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया। वहीं इस कार्यक्रम में टीम मेंबर निर्मला कुमारी, शंभू कुमार, रिया कुमारी, शिखा कुमार, प्रेमा कुमारी, सोनू गोस्वामी एवं रवि कुमार आदि शामिल थे।

### तमिलनाडु से आए प्रबुद्धजनों ने सीएम स की मुलाकात



**लातेहार।** इश्तियाक खान उर्फ पप्पन केंद्रीय सदस्य सह जिला 20 सूत्री सदस्य लातेहार के द्वारा तमिलनाडु से आए वीवीके बालाचंद्रन, बी गुनासुंदरी, सेल्वाकुमार, अन्ना मली, मोहम्मद अर्श खान एवं गुड्डू खान ने मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर उनका विशेष अभिनंदन किया गया। वीवीके बालाचंद्रन द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष एक प्रस्ताव रखा गया कि झारखंड के लोग गंभीर बीमारी का इलाज के लिए भिल्लोर जाते हैं। वहां ईलाज से ज्यादा लोगों को रहने खाने में खर्च हो जाता है। इसलिए मुख्यमंत्री द्वारा विल्लोर में एक शरणार्थी भवन का निर्माण किया जाए। तो यहां से जाने वाले लोगों को काफी सहायता प्राप्त होगी। इसके लिए बालाचंद्रन ने कहा कि मैं सीएमसी हॉस्पिटल से 10 किलोमीटर की दूरी में शरणार्थी भवन निर्माण के लिए सरकारी जमीन उपलब्ध कराने का वादा किया गया। सभी बातों का समर्थन करते हुए पप्पन खान ने भी गरीब जनताओ की समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। वहीं मुख्यमंत्री ने सभी बातों को लगभग आधा घंटा ध्यान पूर्वक सुनने के बाद आश्वस्त किया कि मेरा प्रयास रहेगा कि मैं वहां पर शरणार्थी भवन निर्माण करा सकूंगा।

स्पीड न्यूज

## कंपनी का अनिश्चितकालीन चक्का जाम

**झरिया।** विस्थापित किए हुए लगभग 180 विस्थापितों को एसपी कोलियरी प्रबंधन के द्वारा मुआवजा नहीं दिए जाने एवं वादाखिलाफी के खिलाफ ग्रामीण विस्थापितों ने जनता मजदूर संघ के बैनर तले जमसं कार्यकर्ता ममता सिंह के नेतृत्व में ग्रामीण महिला पुरुषों ने एएसपी कोलियरी आउटसोर्सिंग का चक्का जाम कर आंदोलन शुरू कर दिया है। मौके पर वक्ताओं का कहना है कि प्रबंधन के द्वारा यहां के स्थानीय लोगों को विस्थापित किया गया है जो आज लगभग 2 वर्ष होने को आए हैं अभी तक उन लोगों को मुआवजा ही दिया गया है न किसी प्रकार का पहल किया जा रहा है । जिसके विरोध में आज हम लोगों ने आंदोलन को बाध्य हैं, अगर हमारी मांगों पर प्रबंधक तत्काल पहल नहीं किया तो आंदोलन अनिश्चितकालीन चलता रहेगा। जब तक हमारी मांगों पर पहल कर वार्ता नहीं करता है आंदोलन चलता रहेगा। मौके पर जमसं नेता सुग्रीव सिंह ममता सिंह सुनीता देवी माया चक्रवर्ती निशा देवी सविता देवी कुसुम देवी कमली देवी रंजू देवी मीना पांडे पूजा देवी गुड़िया देवी, नैना देवी, चंडी देवी, बिजली देवी आदि लोग मौजूद थे।

## जलापूर्ति पाईप क्षतिग्रस्त दो दिनो से जलापूर्ति ठप

**चिरकुंडा।** पेयजल व स्वच्छता विभाग का जलापूर्ति पाईप संजय चौक में क्षतिग्रस्त हो जाने के कारन चिरकुंडा नगर परिषद में दो दिनो से जलापूर्ति ठप हो जाने के कारन आधी आबादी को पेय जल उपलब्ध नही हो पा रहा है। जिस कारन क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस संबंध में चिनप के सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने बताया कि पीएचईडी विभाग का जलापूर्ति पाइप संजय चौक में एनएचआई के कार्य के दौरान पाईप लाईन क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे जलापूर्ति दो दिनो से ठप है।जिस कारन चिनप की आधी आबादी करीब 25हजार लोग जलापूर्ति नही होने से त्रस्त हैं। इस संबध मे नगर परिषद के सिटी मैनेजर क्षतिग्रस्त पाईप का निरिक्षण किए व कहा कि तकनिशियन क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मती के कार्य मे लगे हुए हैं।

## राजगंज पैक्स कार्यकारिणी समिति का चुनाव सम्पन्न

**राजगंज।** राजगंज पैक्स कार्यकारिणी समिति का चुनाव बुधवार को सम्पन्न हुआ।सम्पन्न चुनाव में वर्तमान अध्यक्षा वन्दना देवी ने पुनः जीत दर्ज करते हुए अपने प्रतिद्वन्दी सुदीप कुमार अड्डी को 213 मतो से पराजित किये। साथ ही समिति सदस्यों के चुनाव में अवधेश कुमार चौरसिया,सुरेश प्रसाद चौरसिया,संत जायसवाल, सुदीप कुमार दे,हनुमान अग्रवाल,अजय चौरसिया ने जीत दर्ज की है।

## बोकारो में आवासों को कराया गया कब्जा मुक्त

**बोकारो।** पूर्व घोषित अभियान के तहत कब्जा वाले आवासों को बोकारो इस्पात प्रबंधन ने कब्जा मुक्त कराया।मजिस्ट्रेट प्रवीण रोहित कुजूर के नेतृत्व में सेक्टर दो के क्वार्टर नंबर 3066 एवं तीन के क्वार्टर नंबर 3066, 756, 803, 804, 840, 654, 688, 308, 507, 534 व 539 को खाली कराने के अलावा अवैध कब्जाधारियों का सामान भी सम्पदा न्यायालय द्वारा जब्त कर लिया गया है।

## बगदा में हुआ गांव गराम, बड़अ पहाड़, माझीथान, दुवार सिनि पूजा

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के बगदा गांव में गांव गराम, बड़अ पहाड़, माझीथान, दुवारसिनि पूजा किया गया। इसी के साथ सोहराइ परब का शुरूआत भी हुआ।आज गोठ पुजा हुई । बृहस्पतिवार को गोहाइल पुजा, गोरइया पुजा होगी। शुक्रवार को बरदखूंटा का आयोजन भी होगा। इस दौरान नाया नारायण मरांडी ने बताया कि आदिवासी संथाल का मूल त्योहार सोहराय परब है जिसमें खेती-बारी के उपकरण सहित गाय-बैल की भी पूजा की जाती है।मौके पर नाया नारायण मराण्डी, सहयोगी मिथुन मराण्डी, तीजन मराण्डी, चुनीलाल मराण्डी, चांदमुख महतो, प्रकाश महतो, सुकदेव जालबानुआर, सृष्टिधर महतो, तुलसी महतो, ठाकुर दास महतो, सिधेश्वर प्रजापति, गोबिंद महतो, जानकी महतो और भी आदिबासि-मुलनिवासी उपस्थित थे।

### बाघमारा पुलिस ने कोयला ले जा रहे दर्जनों बाइक को किया जप्त, आठ हिरासत में

# अंगारपथरा ओपी मे अवैध माइनिंग की गई भराई

खबर मन्त्र संवाददाता

खबर मन्त्र असर

**बाघमारा।** पिछले दिनों हिंदी दैनिक खबर मन्त्र अखबार में बाघमारा अनुमंडल में चल रहा है अवैध खनन को लेकर प्रमुखता से खबर छापी गई थी जिसको लेकर बाघमारा पुलिस एक बार फिर से रेस हो गई है। बाघमारा अनुमंडल के बाघमारा थाना क्षेत्र बेनीडीह कोयला चोरों और सीआईएसएफ के बीच हुए मुठभेड़ में 4 मौतों के बाद बाघमारा पुलिस प्रशासन एक बार फिर से क्षेत्र में कोयला चोरी पर रोक लगाने के लिए कमर कस लिया है बाघमारा क्षेत्र में. कोयला के काले कारोबार को बंद करने के लिए बुधवार को अहले सुबह बाघमारा एसडीपीओ निशा मुर्मू ने अपने दल बल के साथ अवैध कोयला ले जा रहे दर्जनों बाइक सवार को पकड़ा।

छापेमारी अभियान बाघमारा अनुमंडल की तेतुलमारी सोनारड़ी कतरास राहुल चौक में चलाया गया जिसमें दर्जनों कोयला लोड बाइक के साथ 8 लोगों को हिरासत में लिया गया है। बताते चलें कि बाघमारा अनुमंडल के तेतुलमारी थाना क्षेत्र रामकनाली ।



ओपी क्षेत्र धर्मा बांध ओपी भाटडी ओपी अंगार पत्रा ओपी सहित कई क्षेत्रों में अवैध माइंस धड़ल्ले से चलाए जा रहे हैं। इस छापेमारी कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिस अक्सर कोयला बेचकर पेट चलाने वाले लोगों को ही पकड़ती है जबकि बड़ी मछलियों को हमेशा छोड़ दिया जाता है। वही मामले को लेकर बाघमारा एसडीपीओ निशा मुर्मू ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा क्षेत्र में इस छापेमारी अभियान के बाद कोयला तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

बाघमारा डीएसपी के आदेशनुसार बुधवार बाघमारा अनुमंडल के अंगारपथरा ओपी अंतर्गत गजलीटांड मे अवैध माइनिंग की गई भराई। जिसमे अगारपथरा ओपी प्रभारी व सीआईएसएफ भी मौजूद थे। कृष्ण कुमार ने बताया वरीय अधिकारी के आदेशनुसार अवैध कोल माइनिंग में छापेमारी की गई है और किसी भी कीमत में अगारपथरा ओपी अंतर्गत अवैध कोयला का कारोबार नहीं चलने दिया जाएगा।

## 48 घंटे में संघ से वार्ता नहीं तो प्रबंधन के साथ होगी अनहोनी : अमर बाउरी



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी।** पूर्वघोषित कार्यक्रम के तहत हर्ल सिन्दरी मुख्य द्वार पर बुधवार को आयोजित भारतीय उर्वरक श्रमिक संघ के एकदिवसीय धरना प्रदर्शन में मौजूद मुख्य अतिथि चंदनकियारी विधायक सह पूर्व मंत्री अमर बाउरी ने जोरदार आवाज में हर्ल प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि आगामी 48 घंटे में संघ के लोगों को वार्ता के लिए प्रबंधन नहीं बुलाती है तो प्रबंधन के साथ होने वाली अनहोनी की जिम्मेदार जिला प्रशासन, झारखंड सरकार व हर्ल प्रबंधन होगी। उन्होंने कहा कि हर्ल को प्रोजेक्ट से खाद कारखाना बनाने वाले स्थानीय युवाओं को कारखाने में बोरा ढोने व बोरा पैकिंग का काम में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उन्होंने संघ को विश्व की सबसे बड़ी मजदूर संगठन बताते हुए हर्ल प्रबंधन को समझाया कि जिस जमीन पर बैठे हो, वह हमारे लोगों ने दिया है। आप नौकरी करने आए हैं। नौकर मालिक बनने का काम नहीं करे। स्थानीय लोगों के सहयोग से प्लांट बना है।

उसे चैलेंज नहीं किजिए। उन्होंने कहा कि हम आइन यानी कानून मानने वाले लोग हैं। हमारी सोच उद्योग को बंद करना नहीं है। हर्ल प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि निरंकुश हर्ल प्रबंधन सहित उसके पीछे से सपोर्ट करने वालों को भी हिला देंगे। उन्होंने हर्ल में श्रमिक की न्यूनतम मजदूरी पर भी सवाल उठाए। हर्ल प्रोजेक्ट से हर्ल खाद कारखाना बनाने वालों को ही रोजगार मिलेगा।

### बेनीडीह पहुंचे बगोदर विधायक बिनोद सिंह एवं निरसा पूर्व विधायक अरूप चटर्जी

# आयोग बना कर मामले की जांच की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बाघमारा।** बेनीडीह केकेसी मेन साइडिंग घटना के बाद बुधवार को बगोदर विधायक विनोद सिंह निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी बेनीडीह पहुंचे जहां से वह रथटांड स्थित मृतक युवकों के घर एवं घायलों के घर जाकर परिजनों से मिले और सांत्वना दिया। मीडिया को संबोधित करते हुए निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि पूरा का पूरा एके-47 खाली कर देना यह जांच का विषय नहीं है सीधे दफा 302 के तहत मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

आगे उन्होंने बताया कि कोयला चोरी में जीएम भी महाप्रबंधक भी इंवॉल्व है उन्हें मंथली मिलता है, सीआईएसएफ के डीजी मंथली ले रहे हैं और उनके जवान महत्व पर गोली चला रहे हैं इस घटना को लेकर पूरा सिस्टम जिम्मेवार है चाहे वह पुलिस ओ बी सी सी आई सी आई एस एफ और आउटसोर्सिंग कंपनियां हो सभी के मिलीभगत से क्षेत्र में कोयला चोरी हो रहा है ,वही आगे उन्होंने बताया कि बाघमारा में काम करने वाली सभी



आउटसोर्सिंग कंपनियां लोकल लोगों को काम नहीं दे रही है नेताओं के द्वारा आउटसोर्सिंग कंपनियों में लिस्ट भेज दिया जा रहा है किसी का 10 आदमी किसी का 15 आदमी किसी का 20 आदमी और उन्हें उनका पैसा घर बैठे मिल रहा है क्षेत्र में बेरोजगारी बढ़ी है।

300 करोड़ रुपैया घर बैठे प्रशासन को दिया जा रहा है इससे पहले भी कितने एसपी आए लेकिन इस तरह से खुलेआम कोयला का कारोबार कभी नहीं चला है। वही बगोदर से माले विधायक विनोद सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि अगर मां अंबे आउटसोर्सिंग कंपनी के द्वारा स्थानीय लोगों को 75% रोजगार मुहैया करा दिया जाता प्रशासन पहल करती तो इस तरह की घटना नहीं घटती। पूरे बीसीसीएल में पुलिस प्रशासन बीसीसीएल प्रबंधन एवं सीआईएसएफ की मिलीभगत से हाईवा से संरक्षित तरीके से कोयले निकाले जाते हैं। इन लोगों पर कभी कोई कार्रवाई कभी कोई गोलियां आप लोगों ने नहीं सुना होगा ,जब भी इस तरह का कोई घटना घटती है तो साइकिल चलाने वाले, मोटरसाइकिल चलाने वालों के साथ घटती है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए ,एवं मां अंबे आउटसोर्सिंग में 75% स्थानीय लोगों को रोजगार की गारंटी दी जाए, तथा एक आयोग बना कर मामले की जांच की जाए।

# शहरी क्षेत्रों के लोगों की स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार का हुआ निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** नगर स्तरीय अन्तर्विभागीय अभिसरण समिति की बैठक अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से जिले के सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद, एसीएमओ डॉ हरेंद्र कुमार मिश्रा, डीआरसीएचओ डॉ एन पी सिंह, डीएलओ डॉ सेलिना टुडू, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ बी पी



गुप्ता,बीजीएच के डीजीएम डॉ अशोक कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रदीप सिन्हा, शहरी क्षेत्र के स्वास्थ्य प्रबंधक विश्वरंजन, फुसरो एसडीएच के डॉ नवीना बारला, आईसीडीएस सीडीपीओ ममता शाह और राजकिशोरी खलखो, डब्ल्यूएचओ एसएमओ, पीएसआई इंडिया के सीनियर इंप्लीमेंटेशन लीड, सुनील कुमार और सिटी इंप्लीमेंटेशन लीड, मंजूर रहमान खान मौजूद रहे। मौके पर अनिल कुमार सिंह ने कन्वर्जेंस कमेटी के महत्व को समझाया ताकि शहरी क्षेत्रों के लोगों की स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार किया जा सके और झुग्गियों में रहने वाले लोगों को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा सकें।सिविल सर्जन ने कहा कि किसी भी कार्यक्रम को बेहतर ढंग से करने के लिए एक समावेशी दृष्टिकोण और समन्वय दिया।डॉ एन पी सिंह ने एनएसवी पखवाड़े के दौरान स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोस्टर लगाने का सुझाव दिया। प्रेजेंटेशन के माध्यम से शहरी स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में अवगत कराया गया ।पी.एस.आई. इंडिया के राज्य कार्यालय से आये सुनील कुमार, मंजुरूर रहमान खान सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय योगदान दिया।

## सरकारी विद्यालयों में बच्चों हेतु गिफ्ट मिल्क हुआ लॉन्च



**बोकारो।** खाद्य उत्पादन में वृद्धि के बावजूद, अधिकांश भारतीय घरों में कुपोषण एक सतत समस्या बनी हुई है जिसके परिणाम स्वरूप बड़ी संख्या में बच्चे कमजोर या कम वजन के हो रहें हैं। बच्चों में कुपोषण को दूर करने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और एनडीडीबी फाउंडेशन फॉर न्यूट्रिशन की स्थापना की गई है।जिला प्रशासन बोकारो के पहल पर सीएसआर के तहत विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को फोर्टिफाइड फ्लेवर्ड दूध उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय आजाद नगर सिवानडीह में एक कार्यक्रम आयोजित कर गिफ्ट मिल्क लॉन्च किया गया। मौके पर डीडीसी कीर्ति श्री जी., सीइओ बीपीएससीएल, सीजीएम (पी एंड आइ) बीपीएससीएल, प्रबंध निदेशक झारखंड मिल्क फेडरेशन , डीईओ प्रबला खेस, सीएसआर नोडल शक्ति कुमार आदि उपस्थित थे।

## विवाह मंडप का हुआ शिलान्यास

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद अंतर्गत ढोरी रीजनल अस्पताल कॉलोनी ढोरी में शौचालय युक्त विवाह मंडप का शिलान्यास विधायक कुमार जयमंगल सिंह, नप अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष छेदी नोनिया तथा वार्ड पार्षद रश्मि सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अनूप सिंह ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। कहा कि कांग्रेस की रीति नीति आदिवासी, दलित और गरीब वर्गों के उत्थान करने की है। विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में सड़क व पुलिया सहित सभी कार्य पूरे कराया दिए जाएंगे। समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने सूबे को विकास की राह पर अग्रसर किया।

## नॉकआउट मैच प्रथम चक्र में संस्कार ज्ञानपीठ हरिना विजेता रहा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बाघमारा।** बुधवार को सहोदया स्कूल कंपलेक्स, धनबाद चैप्टर द्वारा आयोजित कबड्डी टूनार्मेंट के नॉकआउट मैच का आयोजन संस्कार ज्ञानपीठ में हुआ। संस्कार ज्ञानपीठ के निदेशक मुकेश कुमार राय एवं प्राचार्य रश्मि कुमारी ने मैच का उद्घाटन कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किए। आज का मैच संस्कार ज्ञानपीठ एवं डीएम पब्लिक स्कूल परसिया, पुटकी के बीच हुआ। संस्कार ज्ञानपीठ ने 27 पॉइंट के साथ विजयी रहा। इस बैच में रेफरी की भूमिका एसएसभीएम बाघमारा के पीटीआई प्रभात कुमार एवं संत थॉमस हाई स्कूल के खेल शिक्षक शुभम कुमार सिंह रहे। स्कोरर की भूमिका पूर्व खेल शिक्षक अरुण कुमार सिंह ने निभाई। संस्कार ज्ञानपीठ के टीम कोच प्रिंस चौहान एवं डीएम पब्लिक स्कूल के टीम कोच तपन राज रहे। आज के मैच में हिमांशु कुमार का प्रदर्शन सबसे उत्तम रहा। ज्ञात हो कि इस प्रतियोगिता में कुल 42 टीमें हिस्सा लिया। जिसमें बालक एवं बालिका दोनों वर्ग की टीमें है। नकआउट मैच में विजयी टीमें 29 व 30 नवंबर 2022 को बर्ड्स गार्डन स्कूल राजगंज में क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच खेला जाएगा। ज्ञानपीठ के निदेशक (प्रबंधन) नीरजा राय ने सभी खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना की एवं विजई टीम को बधाई दी।

# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर ने अपनी चपेट में लिया कंचन पाल की दर्दनाक मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**चिरकुंडा।** कालूबधान ओपी क्षेत्र बालू लदा ट्रैक्टर चिरकुंडा कापासारा निवासी कंचन पाल को रौंद दिया जहां कंचन पाल की दर्दनाक मौत मौके पर ही हो गई। घटना बुधवार सुबह की है । कालूबथान ओपी क्षेत्र के सालुकचोपड़ा मोड़ के समीप मोटरसाइकिल से 22 वर्षिय कंचन पाल अपने मित्र के साथ गन्तव्य स्थान की ओर जा रहा था ,इसी क्रम पीछे से तेज रफ़्तार में अवैध



बालू लदा ट्रैक्टर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है कि घटना ओवरटेक के कारण हुआ है। घटने के बाद आसपास के लोग जुट गए। सूचना मिलने पर कंचन पाल के परिजन मौके पर पहुंचे और मुआवजे की मांग को लेकर डटे रहे। घंटो समय तक शव को नही हटाया गया। सूचना मिलने पर कालूबथान ओपी प्रभारी मुकेश राउत, केलियशोल सीओ दिवाकर दुबे, बीडीओ रेणु कुमारी पहुची। वही जानकारी मिलने पर विधायक अपर्णा सेनगुप्ता और झामुमो नेता अशोक मौके पर पहुंचे । घंटो वार्ता के बाद ट्रैक्टर मालिक द्वारा शव के दाह संस्कार के लिए 20हजार देने की सहमति बनी। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि क्षेत्र में दिन के उजालों में दिनदहाड़े बालू का अवैध कारोबार हो रहा है पुलिस चुप्पी साधे हुई है ट्रैक्टर में बालू लोड कर गंतव्य स्थान भेज जा रहा था। चोरी चुप कर बालू ले जाने की आपाधापी में ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दिया और मोटरसाइकिल पर सवार कंचन पाल को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि पुलिस बालू लदा ट्रैक्टर को अपनी कब्जे में ले लिया है। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि मृतक के परिजनों को सरकार के द्वारा मिलने वाली लाभ को दिया जाएगा।

एक नजर में

## समिति ने उपायुकत को दिया 12 सूत्री मांग-पत्र

**चास/बोकारो।** चास-चंदनकियारी रैयत संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बोकारो के उपायुक्त से भेंटकर रैयतों/किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर 12 सूत्री मांग-पत्र दिया गया।उपायुक्त बोकारो ने जनहित के लिए हितकारी मांगों को सरकार स्तर तक एवं सम्बन्धित विभागों से पहल करने का आश्वासन दिया।12 सूत्री मांगों में रैयतों का दोनों प्रखंडों में सबसे मुख्य गंभीर समस्या,विसंगतियां से भरा एवं त्रुटि पूर्ण सर्वे-सेटलमेन्ट है । 43 वर्षों के बाद भी सर्वे-सेटलमेन्ट का कार्यों का निष्पादन अब तक न हो पाना साथ ही दोनों अंचलों में रैयतों का सम्बन्धित ग्राम पंचायत के सचिवालय में नियमित बैठकर-राजस्व कर्मचारियों द्वारा उनके भूमि का आनलाइन राजस्व लगान रसीद कटवाया जाना अभी तक नहीं हो सका है। चास-चंदनकियारी रैयत संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल में बोकारो जिला 20सूत्री कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष देवाशीष मंडल,संगठन के अध्यक्ष अजित सिंह चौधरी, कार्यकारी अध्यक्ष पार्वती चरण महतो,वरीय उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता राजदेव माहथा,संरक्षक अजित प्रसाद महतो,बिरंची माहथा, चक्रधर शर्मा,उपाध्यक्ष-जलेश्वर दास,सुनिल महतो, संतोष कुमार सिंह,खिरोधर महतो,अमिर शेख सहित अन्य पदाधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

## आम जनों को मिलेगी मुफ्त चिकित्सा सेवा

**बोकारो।** जिला आयुष कार्यालय बोकारो द्वार जिले के दो प्रखंडों चास एवं नावाडीह में प्रखंड आयुष मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला दो दिवसीय होगा जिसकी शुरूआत 26 नवंबर एवं समापन 27 नवंबर को होगा। चास प्रखंड के रामरूद्रा प्लस टू विद्यालय, जोधाडीह मोड़ एवं नावाडीह प्रखंड के स्व. विनोद बिहारी महतो स्टेडियम नावाडीह में प्रखंड आयुष मेला का आयोजन होगा। इसको लेकर जिला आयुष कार्यालय तैयारी में जुटा है। इस बाबत बुधवार को जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डा. राम नारायण कारक ने बताया कि प्रखंड आयुष मेला में आयुर्वेदिक होमियोपैथिक तथा यूनानी चिकित्सा एवं दवा मुफ्त में आम जनों को दी जाएगी।मेले में पहुंचने वाले लोगों को अन्य सभी तरह की बीमारियों का उपचार किया जाएगा।

## बोकारो शहर में चोरी की घटनाओं में वृद्धि

बोकारो/कसमार। बोकारो जिले के शहर ,उप नगर चास सहित निकटवर्ती ग्रामीण व कस्बाई क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं अप्रत्याशित रूप से बढ़ी हैं। कसमार थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनएच दांतू में पिछले दिनों दो घरों में चोरी की घटना हुई है। इस संबंध में दोनों पीड़ितों ने घटना की सूचना कसमार थाना को दे दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दांतू निवासी उमेश नायक एवं अजीत कुमार नायक के घर अज्ञात चोरों ने घटना को अंजाम दिया। चोरों द्वारा दर्जनों बर्तन, टीवी और सोना-चांदी ज्वेर व नगदी लेकर भागे है।

## बेनीडीह गोली कांड की सीबीआई जांच हो: विशाल

**सिजुआ।** बुधवार को ऑल इंडिया युवा तृणमूल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विशाल बाल्मीकि ने अपने आवासीय कार्यालय में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि बेनीडीह साइडिंग में सीआईएसएफ गोलीकांड की घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है । श्री वाल्मीकि ने कहा कि जिसके सह पर कोयला का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है वैसे लोगों पर सख्ती से कानूनी कार्रवाई ना होकर एक गरीब लाचार बेवश की निर्मम हत्या कर दी जाती है, जो कहीं से भी न्याय संगत नहीं है। घटना के जिम्मेदार राज्य सरकार की सिस्टम व बीसीसीएल प्रबंधन और आउटसोर्सिंग प्रबंधन है जो रात के अंधेरे में अवैध कोयला चोरी करवाते हैं। अवैध कोयला कारोबारी में संल्पि रसूखदार ऊपर ही ऊपर मलाई घटक जा रहे हैं, थोड़ी मोड़ी रुपए का लालच देकर गरीब लाचार बेबस को जान जोखिम में डालकर धंधा करने को विवश किया जा रहा है। घटना की जांच सीबीआई से कराई जाए तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। उक्त मामले को लेकर 27 नवंबर को बंगाल सरकार के मंत्री श्रीकांत महतो पूर्व राज्यसभा सांसद दुर्गा प्रसाद जमुदा चित्रसेन शंकु पूर्व सांसद प्रदेश अध्यक्ष सनी सिंह युवा प्रदेश महासचिव जावेद इराकी मृतक के परिजनों से मिलेंगे इनके अलावा सरकार द्वारा सभी मृतक के परिजनों को 50-50 लाख मुआवजा एवं बीसीसीएल प्रबंधन के द्वारा नियोजन देने की मांग करेंगे।

## पेज एक का शेष

### राज्यपालों को हटाने में ...

संविधान के लागू होने के बाद से पिछले सात दशकों में 105 संशोधन हुए हैं। इनमें से कई का केंद्र-राज्य संबंधों पर सीधा असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर केंद्र-राज्य संबंधों की समीक्षा की गयी है। स्वतंत्र भारत ने संघवाद के बदलते युग को देखा। कई राजनीतिक इतिहासकारों और संवैधानिक विशेषज्ञों ने देखा कि केंद्र सरकार के हाथों में शक्तियों का अधिक केंद्रीकरण बढ़ते संघर्षों के प्रमुख कारणों में से एक था। केंद्र राज्य के संबंधों पर चर्चा में प्रो दिलीप तिर्की, प्रो मनोज कुमार सिन्हा, प्रो अनुराग दास, प्रो लक्ष्मीनाथ, डॉ नीरज कुमार समेत कई विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। कांफ्रेंस में संघवाद पर न्यायपालिका, केंद्र और राज्यों के बीच विधायी शक्तियों का बंटवाराए केंद्र राज्य संबंध और सुशासन पर इसके प्रभाव जैसे कई अहम मुद्दों पर विशेषज्ञ अपने विचार रखे गये।

### झारखंड की चार बेटियों भारतीय हॉकी टीम में ...

**भारतीय टीम में शामिल होना बड़ी उपलब्धि :** झारखंड की चार महिला हॉकी खिलाड़ियों का भारतीय टीम में जगह बनाना बहुत बड़ी उपलब्धि है। टीम ओलंपिक और विश्वकप जैसे बड़े-बड़े टूनार्मेंट में क्वालीफाई कर रही है और अच्छे पोजीशन तक पहुंच रही है। हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह ने कहा की 'झारखंड से एक जमाने में तीन चार खिलाड़ी भारतीय टीम में हुआ करते थे, लेकिन बीच में सभी टीमों में झारखंड शून्य हो गया था। इसकी बाद झारखंड के सभी लोगों ने हॉकी के विकास के लिए समर्पण और निस्वार्थ भाव से राज्य के हॉकी के विकास की सोच लेकर कार्य किया जिसके रिजल्ट अब देखने को मिल रहा है और हमारे चार-चार खिलाड़ी एक साथ टीम में चुने जा रही है।

**सलीमा टेटे :-** सिमडेगा जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत बड़की छपार गांव की रहने वाली सलीमा टेटे, के खेल की सराहना पीएम मोदी भी कई बार कर चुके हैं। उनके गांव में आज भी लोगों को मोबाइल के टावर के लिए चट्टान या पेड़ों का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में सलीमा ने कोसो पैदल चलकर या पिता सुलशन टेटे के साइकिल में बैठ कर विद्यालय और गांव की टीम से खस्सी कप, मुर्गा कप हॉकी प्रतियोगिताओं से हॉकी की शुरूआत की थी। सिमडेगा की पहली महिला ओलंपियन सलीमा टेटे जिसने विगत तीन-चार वर्षों में ही ओलंपिक गेम्स, वर्ल्ड कप, एशिया कप, कॉमनवेल्थ गेम्स जैसे कई बड़े टूनामेंटों में भारतीय टीम का प्रतिनितिधित्व किया और अपने खेल से पूरी दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया है।

**निक्की प्रधान :-** निक्की खूंटी जिला के मोरो प्रखंड अंतर्गत पेरोल गांव की रहने वाली है, जहां आज तक एक खेल का मैदान तक नहीं है। निक्की ने यहां अपनी बड़ी बहनों से प्रेरणा लेकर नगे पांव हॉकी की शुरूआत की थी। निक्की झारखंड की पहली हॉकी खिलाड़ी है जो कि दो-दो ओलंपिक खेल चुकी है। वह ओलंपिक गेम्स, वर्ल्ड कप, कॉमनवेल्थ गेम, एशिया कप सहित सभी बड़े-बड़े प्रतियोगिताओं भारतीय महिला हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए कई रिकॉर्ड भी अपने नाम कर चुकी है।

**संगीता कुमारी :-** संगीता हॉकी की नर्सरी सिमडेगा जिला केरसई प्रखंड अंतर्गत करगागुडी नवा टोली गांव की रहनी वाली है। संगीता के गांव में आज भी बरसात के दिनों में जूते चप्पल को हाथ में लेकर चलना पड़ता है। वैसे गांव से बेहद गरीब परिवार से पल बढ़कर बांस की स्टिक और उसके जड़ से हॉकी की शुरूआत करते हुए संगीता कुमारी विगत 1 साल में कॉमनवेल्थ गेम, एफआईएच हॉकी लीग सहित पूर्व में जूनियर एशिया कप जैसे कई प्रतियोगिताओं में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी है।

**ब्यूटी डुंगडुंगा :-** सिमडेगा जिला के ही केरसई प्रखंड अंतर्ग्रत खिलाड़ियों के गांव करगागुड़ी बाजू टोली की रहने वाली ब्यूटी डुंगडुंग जिसके परिवार के सदस्य पीढ़ी दर पीढ़ी अच्छे हॉकी खिलाड़ी रहे हैं। उनका पूरा परिवार दादा, पिताजी, चाचा, तीन बड़े भाई, भाभी सभी के सभी ही राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रहे हैं। ब्यूटी साल 2018 से जूनियर भारतीय टीम से देश के लिए खेल रही है और इस वर्ष पहली बार सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए चुनी गयी है।

स्पीड न्यूज

## यासीन मलिक के खिलाफ प्रोडक्शन वारंट जारी



**जम्मू।** जम्मू के टाडा कोर्ट ने बुधवार को 1990 में वायु सैनिकों की हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए आतंकी एवं अलगावादी नेता यासीन मलिक के पेशी वारंट जारी किया है। मामले में अगली सुनवाई 22 दिसंबर को होगी। सीबीआइ की वकील मोनिका कोहली ने जानकारी दी है। बता दें, 25 जनवरी 1990 को श्रीनगर शहर में वायु सेना कर्मियों की हत्या की वारदात हुई थी। वायु सेना के पांच जवानों की आतंकियों ने हत्या कर दी थी। इस केस की सुनवाई जम्मू के टाडा कोर्ट में चल रही है। मामले में शामिल यासीन अब आतंकी फंडिंग मामले में तिहाड़ जेल में सजा काट रहा है।

## भाजपा सांसद अरुण सागर फरार घोषित

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिला कोर्ट ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सांसद अरुण सागर को फरार घोषित कर दिया। उन पर पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान प्रशासन की अनुमति के बिना दीवार पर पेंटिंग कराने का आरोप है।

## भारती जायेंगी ओमान

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीन पवार ओमान में रोगाणुरोधी प्रतिरोध पर तीसरे वैश्विक सम्मेलन में भाग लेगीं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि डॉ. भारती पवार 24-25 नवंबर को ओमान के मस्कट में होने वाले 'एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध पर तीसरे वैश्विक उच्च-स्तरीय मंत्रिस्तरीय सम्मेलन' में भाग लेंगी। वह उद्घाटन सत्र में भारत की ओर से वक्तव्य पेश करेंगी।

## राज्यपाल के शपथ ग्रहण कार्यक्रम को छोड़ निकले सुवेंदु

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुवेंदु अधिकारी ने बुधवार को नए राज्यपाल आनंद बोस के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा नहीं लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार ने उन्हें उन दो विधायकों के बगल में सीट देकर अपमानित किया, जो पिछले साल के विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा से सत्ताधारी दल में शामिल हो गए। भाजपा नेता अधिकारी ने यह भी दावा किया कि टीएमसी सरकार इसलिए बदले की राजनीति कर रही है, क्योंकि वह नंदीग्राम में ममता बनर्जी की हार से अभी तक उबर नहीं पाई है।

### सख्ती : केंद्र सरकार से फाइल पेश करने को कहा

# चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयुक्त के रूप में अरुण गोयल की नियुक्ति पर दखल दिया है। अदालत ने बुधवार को सुनवाई के दौरान चुनाव आयुक्त के तौर पर अरूण गोयल की नियुक्ति संबंधी फाइल मांगी है। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से सवाल किया कि अरुण गोयल को चुनाव आयुक्त पद पर कैसे नियुक्ति की गई है। अदालत ने इसका रिकॉर्ड भी मांगा है। अदालत ने कहा कि सुनवाई शुरू होने के तीन दिन के भीतर नियुक्ति हो गई। हम ये जाननता चाहते हैं कि नियुक्ति के संदर्भ में क्या प्रक्रिया अपनाई गई है।

अगर ये नियमानुसार किया गया है तो इसमें परेशान होने वाली कोई बात नहीं है। कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल से नियुक्ति से संबंधित फाइलें लाने को कहा है। अदालत ने कहा कि जब सुनवाई चल रही थी तब नियुक्ति न की जाती तो ज्यादा उचित होता। पीठ ने कहा कि वह सिर्फ तंत्र को समझना चाहती है और देखना चाहती है कि कुछ हंकी पैंकी तो नहीं हुई है।

मालूम हो कि याचिकाकर्ता प्रशांत भूषण ने संविधान पीठ को बताया था कि गुरुवार को उन्होंने ये मुद्दा उठाया था। इसके बाद एक सरकारी अफसर को वीआरएस देकर चुनाव आयुक्त नियुक्त कर दिया गया। बावजूद इसके कि पहले ही उन्होंने इसे लेकर अर्जी दाखिल की थी। एजी ने पूछा- अदालत को कैबिनेट पर भरोसा नहीं?

वहीं केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम जैसी व्यवस्था कायम करने की मांग वाली याचिका का विरोध किया है. सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान कहा कि हम पूछ रहे हैं कि हमें वह तंत्र दिखाएं, जिसे आप नियुक्ति में लागू करते हैं। आपने अभी दो दिन पहले किसी को चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त किया है। यह याद होना चाहिए। हमें दिखाओ। हमने आपको कल कहा था। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर अटॉर्नी जनरल ने कहा कि तो क्या अदालत कह रही है कि मंत्रिपरिषद पर भरोसा नहीं है। जस्टिस रस्तोगी ने कहा नहीं, हम अपनी संतुष्टि के लिए कह रहे हैं कि आपने दो दिन पहले नियुक्ति में जो मैकेनिज्म अपनाया था, वह हमें दिखाइये।

## क्या हम राष्ट्रपति या मंत्रिपरिषद को हटा देंगे



संविधान पीठ से केंद्र की ओर से एएसजी बलबीर सिंह ने कहा कि मामला यह नहीं है कि किसी अक्षम व्यक्ति को नियुक्त किया गया है। वास्तव में चुनाव आयोग ने पूरी तरह से ठीक काम किया है। कोई विशिष्ट आरोप मौजूद नहीं है। ऐसा नहीं है कि अराजकता है। ऐसा नहीं है कि चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी के मामले में लोकतांत्रिक प्रक्रिया खतरे में है। आज एक प्रक्रिया है जो काम कर रही है। कुछ गलत हुआ, ऐसा कोई विशिष्ट उदाहरण नहीं पेश किया गया है। अब अगर हम कोई वैकल्पिक व्यवस्था लाते हैं तो क्या हम राष्ट्रपति या मंत्रिपरिषद को हटा देंगे।

### दिल्ली : ऑटो चलाकर ऑफिस जाती हैं अमेरिकी राजनयिक

## 4 महिला राजनयिकों ने बुलेटप्रूफ गाड़ियां छोड़ीं

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** दिल्ली में स्थित अमेरिकी एंबेसी की 4 महिला अधिकारी ऑटो चलाकर ऑफिस जाती हैं। खास बात ये है कि इन्होंने सरकार से मिलीं बुलेट प्रूफ गाड़ियां भी छोड़ दी हैं। एनएल मेसन, रुथ होल्म्बर्ग, शरीन जे किटरमैन और जेनिफर बायवाटर्स का कहना है कि ऑटो चलाना मजेदार ही नहीं, बल्कि यह एक मिसाल है कि अमेरिकी अधिकारी भी आम लोगों की तरह ही हैं। बातचीत में एनएल मेसन ने कहा- मैंने कभी भी क्लच वाली गाड़ियां नहीं चलाईं। मैं हमेशा ऑटोमैटिक कार ही चलाती हूं, लेकिन भारत आकर ऑटो चलाना एक नया एक्सपीरिएंस था। जब में पाकिस्तान में थी तब मैं बड़ी और शानदार बुलेटप्रूफ गाड़ी में घूमती थी। उसी से ऑफिस जाती थी, लेकिन जब मैं बाहर ऑटो देखती थी तो लगता था कि एक बार तो इसे चलाना है। इसलिए जैसे ही भारत आई तो एक ऑटो खरीद लिया। मेरे साथ रूथ, शरीन और जेनिफर ने भी ऑटो खरीदे।

## सुप्रीम कोर्ट अगले सप्ताह करेगा 4 विशेष पीठों गठन

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय अगले सप्ताह चार विशेष पीठों का गठन करेगा, जहां आपराधिक अपील, कर, भूमि अधिग्रहण और मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से संबंधित मामलों की सुनवाई की जाएगी। सीजेआइ चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने 'विशेष उल्लेख' के दौरान चारों पीठों के गठन की घोषणा करते हुए संकेत दिया कि जज सूर्यकांत के नेतृत्व वाली पीठ भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामलों की सुनवाई करेगी।

## आसियान देशों के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है भारतः राजनाथ सिंह

**एजेंसी**

**नोमपेन्ह।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में कुछ गतिविधियों तथा घटनाओं के कारण देशों के बीच परस्पर विश्वास में कमी आने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इससे क्षेत्र में शांति व स्थिरता प्रभावित हुई है और भारत अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के अनुसार सभी समुद्री विवादों के समाधान का पक्षधर है। सिंह ने बुधवार को आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की नौवीं बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सभी देशों की संप्रभुता और प्रादेशिक अखंडता का सम्मान करते हुए विवादों के बातचीत के जरिये शांतिपूर्ण समाधान का पक्षधर है। वह हिंद प्रशांत क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय नियमों तथा कानूनों के आधार पर मुक्त, स्वतंत्र और समावेशी व्यवस्था की भी वकालत करता है। भारत इस क्षेत्र में कुछ जटिल गतिविधियों और घटनाओं को लेकर चिंतित है।

## श्रद्धा ने दो साल पहले पुलिस से जतायी थी हत्या की आशंका

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** देश के बहुचर्चित श्रद्धा वालकर हत्याकांड में नया खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में यह दावा किया जा रहा है कि श्रद्धा ने आफताब के खिलाफ दो साल पहले मुंबई पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। श्रद्धा ने मुंबई पुलिस को पत्र लिखकर बताया था कि आफताब उसके साथ मारपीट करता है। अगर समय रहते पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो वह उसकी हत्या कर देगा। मुंबई की पालघर पुलिस को लिखी चिट्ठी में श्रद्धा ने बताया कि आफताब ने उसके साथ मारपीट की। उसका गला दबाकर मारने की कोशिश की। इतना ही नहीं आफताब ने धमकाया और ब्लैकमेल किया कि वह उसे जान से मारकर टुकड़े-टुकड़े कर फेंक देगा।

**आफताब ने सोची-समझी साजिश के तहत सबूतों को किया खत्म**

आरोपी आफताब पूनावाला ने सबूतों को सोची-समझी साजिश के तहत खत्म किया है। उसने श्रद्धा के शव के टुकड़े करने में इस्तेमाल किए गए औजारों को इस तरह फेंका कि पुलिस बाद में उन्हें ढूंढ न सके। आरोपी ने आरी व ब्लेड को गुरुग्राम में डीएलएफ के पास जंगल में फेंका था। इसके अलावा चापड़ को उसने छत्तरपुर में 100 फुटा रोड पर कूड़े में फेंका था।

## इडब्ल्यूएस आरक्षण के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस की एक नेता ने ईडब्ल्यूएस को लेकर सुप्रीम कोर्ट में समीक्षा याचिका दायर की है। इसमें उन्होंने ईडब्ल्यूएस मुद्दों पर केंद्र के फैसले को बरकरार रखने के फैसले की खिलाफत की है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को मिलने वाले एहर कोटे पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अहम फैसला सुनाया था। पांच जजों की संविधान पीठ ने 3:2 के बहुमत से संविधान के 103वें संशोधन अधिनियम की वैधता को बरकरार रखा है, जो शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में 10% ईडब्ल्यूएस आरक्षण प्रदान करता है।

## मोदी ने पूछा, राष्ट्रपति चुनाव में कांग्रेस ने आदिवासी महिला का क्यों नहीं किया समर्थन

**एजेंसी**



**दाहोद।** पीएम मोदी पिछले तीनों दिनों गुजरात में जनसभाएं और रोडशो कर रहे हैं। यहां पर उनके निशाने पर कांग्रेस पार्टी है। दाहोद में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सवाल किया कि अगर विपक्षी दल को आदिवासियों की इतनी चिंता है तो कांग्रेस ने राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू का समर्थन क्यों नहीं किया। वह मध्य गुजरात के आदिवासी बहुल दाहोद शहर में क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवारों के लिए एक चुनावी रैली में बोल रहे थे। विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 5 दिसंबर को मध्य गुजरात के निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा।

**कांग्रेस ने राष्ट्रपति चुनाव में खुद का प्रतयाशी चुनाव मैदान में उतारा**

मोदी ने कहा कि एक व्यक्ति सत्ता वापस पाने के लिए पदयात्रा कर रहा है। अपने भाषण में वह आदिवासियों के बारे में बात करता है। मैं उससे पूछना चाहता हूं कि कांग्रेस ने राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा की महिला आदिवासी उम्मीदवार का समर्थन क्यों नहीं किया? इसके बजाय उसे हराने के लिए उन्होंने अपना खुद का चुनाव मैदान में उतारा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रयासों के बावजूद द्रौपदी मुर्मू आदिवासी लोगों के आशीर्वाद से राष्ट्रपति बनीं। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने कभी एक आदिवासी को अपना राष्ट्रपति बनाने के बारे में क्यों नहीं सोचा? यह भाजपा ही थी जिसने पहली बार एक आदिवासी व्यक्ति को वह भी एक महिला को हमारे देश का राष्ट्रपति बनाया और दुनिया को एक संदेश दिया।

## इयू ने रूस को आतंकवाद प्रायोजक देश घोषित किया

**स्ट्रासबर्ग।** यूरोपीय संसद (ईयू) ने रूस को 'आतंकवाद का प्रायोजक देश' घोषित किया। अंतरराष्ट्रीय मीडिया की रिपोर्ट्स के हवाले से यह खबर सामने आ रही है। ईयू ने तर्क दिया कि मास्को के सैन्य हमलों ने उर्जा बुनियादी ढांचे, अस्पतालों, स्कूलों और आश्रयों जैसे नागरिक लक्ष्यों पर अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया। इसने यूक्रेन पर किए हमलों को क्रूर और अमानवीय कृत्य करार दिया। यूरोपीय संसद के सदस्यों ने कहा, रूस ने जानबूझकर यूक्रेन की नागरिक आबादी पर हमले किए और अत्याचार किया है।

## वैशाली : पेट्रोल टैंकर में ब्लास्ट, तीन लोगों की मौत

**वैशाली।** वैशाली जिले में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच 22 पर अचानक एक पेट्रोल टैंकर में ब्लास्ट हो गया। जिससे टैंकर चालक, खलासी और वेल्डिंग मिस्त्री की मौत हो गई। कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। हादसा वैशाली जिले के गोरौल थाना क्षेत्र में हुआ। ब्लास्ट के कारण मची भगदड़ में कई लोग चोटिल हो गए। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस आगे की कार्यवाही में जुट गई है। घटना के बाद हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच 22 पर जाम लग गया है। बताया जा रहा है कि टैंकर खाली था। टैंकर के पिछले हिस्से में वेल्डिंग किया जा रहा था। इस दौरान अचानक टैंकर ब्लास्ट कर गया।

## आदित्य ठाकरे ने नीतीश और तेजस्वी से की मुलाकात

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मुंबई/पटना।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे बुधवार को बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से मुलाकात की। वे तेजस्वी यादव से मिलने राबड़ी आवास पर पहुंचे। इस दौरान तेजस्वी यादव ने आदित्य ठाकरे, प्रियंका चतुर्वेदी सहित सभी नेताओं का स्वागत किया। स्वागत के दौरान तेजस्वी यादव ने मिथिला पेंटिंग की चादर और लालू यादव पर लिखी दो किताबें आदित्य ठाकरे को भेंट दीं। वहीं, आदित्य ठाकरे ने तेजस्वी यादव को एक मराठी शॉल और शिवाजी महाराज की मूर्ति उपहार में दी। राबड़ी आवास में मुलाकात और बैठक के दौरान शिवसेना की महिला नेता प्रियंका चतुर्वेदी और अनिल देसाई भी मौजूद रहे। इसके बाद, आदित्य ठाकरे और तेजस्वी सीएम नीतीश कुमार से मिलने एक अणे मार्ग गए। जहां आदित्य ठाकरे और प्रियंका चतुर्वेदी ने सीएम आवास पर नीतीश कुमार से मुलाकात की। गौरतलब है कि मुलाकात से पहले आदित्य ने कहा कि तेजस्वी यादव मेरी उम्र के हैं। हम हमेशा से फोन पर बात करते रहे हैं। जब हम सरकार में थे, तब भी उनसे बात होती थी। जब वह विपक्ष में थे, तब भी हमारी बातचीत जारी थी। आज हम पहली बार मिलेंगे। हम पर्यावरण, उद्योग, जलवायु संकट सहित अच्छे काम के बारे में चर्चा करेंगे। जानकारी के मुताबिक, दोनो नेताओं की इस मुलाकात को विपक्षी एकता की कवायद के तौर पर भी देखा जा सकता है।

## अब यूक्रेन के दक्षिण और पूर्वी इलाकों में हुए मिसाइल अटैक

**कीव।** यूक्रेन के दक्षिण और पूर्वी क्षेत्रों में धमाके किए गए हैं जिसके बाद अब पूरे यूक्रेन में एयर अलर्ट जारी किया गया है। वहीं यूक्रेनी अधिकारियों ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया है कि एक नवजात की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मलबे से जच्चा और एक डॉक्टर को निकाला गया है। क्षेत्र के गवर्नर के अनुसार, रॉकेट रूसी थे। यह हमला विलनियांस्क शहर के एक अस्पताल में हुआ। क्षेत्रीय गवर्नर ऑलेक्जेंडर स्तारुख ने टेलीग्राम पर लिखा, रूसी दानवों ने रात में विलनियांस्क में अस्पताल के प्रसूति वार्ड पर कई रॉकेट दागे इस हमले में एक शिशु की मौत हो गई जो अभी पैदा ही हुआ था।

## अब जापानी फिल्म में काम करने की तैयारी में आलिया!



आलिया भट्ट ने हाल ही में उन्होंने एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर से साउथ में कदम रखा था। दक्षिण भारत के बाद अब आलिया जल्द ही गैल गैडोट की हॉलीवुड फिल्म से डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म का नाम 'हार्ट ऑफ स्टोन' है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने दूसरी भाषाओं की विदेशी फिल्मों में काम करने की इच्छा जाहिर की है। आलिया ने कहा, 'मैं केवल हॉलीवुड ही नहीं बल्कि इससे आगे भी बहुत कुछ एक्सप्लोर करना चाहती हूं।' इस बातचीत के दौरान उन्होंने जापानी फिल्म इंडस्ट्री के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि नई इंडस्ट्री में काम करने पर हमेशा ऐसा लगता है। कल को मैं जापानी फिल्म भी करूंगी, अगर मुझे पता होगा कि यह भाषा कैसे बोली जाती है।'




# एक और उलटफेर, जापान ने चार बार की विजेता जर्मनी को हराया

**एजेंसी**

**दोहा।** पिछले विश्व कप में ग्रुप चरण से बाहर होने का दंश झेलने वाली जर्मनी की फुटबॉल टीम का कतर विश्व कप में भी आगाज निराशाजनक हुआ है। जापान ने उसे 2-1 से हराकर पिछले विश्व कप में मिली कड़वी यादों को फिर से ताजा कर दिया है। चार बार की चैम्पियन जर्मनी की टीम इस टूर्नामेंट में पहली बार शुरूआती दौर से बाहर हुई थी। यह जर्मनी का 110वां विश्व कप मैच था, जिसमें टीम को हार मिली है। जापान के बाद जर्मनी के सामने रविवार को स्पेन और फिर कोस्टा रिका की चुनौती होगी। जापान की टीम सातवीं बार विश्व कप में खेलने उतरी थी और टीम ने पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए दमदार शुरूआत की है। इससे पहले सऊदी ने मेसी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना की टीम को 2-1 से हराकर सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए दुनिया के फुटबॉल प्रेमियों को हतप्रभ कर दिया। मेसी की टीम को शुरू में ही हार मिलने से इस स्टार स्ट्राइकर की पहली बार विश्व चैंपियन बनने की उम्मीदों को भी करारा झटका लगा।

## मोरक्को ने क्रोएशिया को ड्रॉ पर रोका

**अल खोर।** विश्व रैंकिंग में 22वें नंबर की टीम मोरक्को ने गुरुवार को फीफा विश्व कप 2022 के ग्रुप-एफ मुकाबले में 2018 की उपविजेता क्रोएशिया को ड्रॉ पर रोक दिया। अल-बैत स्टेडियम पर आज खेले गये मुकाबले के शून्य गोल पर ड्रॉ होने के बाद दोनों टीमों ने एक-एक अंक बांटा। मोरक्को विश्व कप 2018 में अपना खाता नहीं खोल सकी थी लेकिन यहां उसने क्रोएशिया से एक अंक छीन लिया। लुका मॉड्रिक की कप्तानी वाली क्रोएशिया ने इस मुकाबले में स्कोर करने के कई प्रयास किये लेकिन मोरक्को के डिफेंस ने सभी कोशिशों को असफल किया।



**आज का मैच**
बेल्जियम बनाम कनाडा
स्विटजरलैंड बनाम कैमरून

## करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग पर पहुंचे सूर्यकुमार, हासिल किये 895 अंक

**एजेंसी**



**दुबई।** भारत के 360 डिग्री बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में विस्फोटक शतक जड़कर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ टी20 रेटिंग हासिल कर ली है। आईसीसी की बुधवार को जारी रैंकिंग के अनुसार सूर्यकुमार 890 रेटिंग पॉइंट के साथ टी20 बल्लेबाजों की सूची में पहले स्थान पर कायम हैं। सूर्यकुमार ने माउंट मौंगानुई में ब्लैक कैप्स के विरुद्ध विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 51 गेंदों पर नाबाद 111 रन बनाये थे। यह पारी इसलिये भी खास थी क्योंकि सूर्यकुमार ने 200 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बनाये, वहीं अन्य भारतीय बल्लेबाज 100 के स्ट्राइक रेट से 69 गेंदों पर 69 रन ही जोड़ सके थे। सूर्यकुमार की नायाब बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने यह मैच 65 रन से जीत लिया था। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान 836 रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वह सूर्यकुमार से 54 पॉइंट पीछे रहे हैं। इसके बाद न्यूजीलैंड के डेवन कॉनवे 788 रेटिंग के तीसरे स्थान पर आ गये है, वही पाकिस्तान के बाबर आजम 778 रेटिंग के साथ एक पायदान फिसल कर चौथी रैंक पर आ गये। इसके अलावा ईशान किशन (10 पायदान चढ़कर 33वां स्थान), ग्लेन फिलिप्स (सातवां स्थान) और केन विलियम्सन (35वां स्थान) की टी20 रैंकिंग में भी सुधार हुआ है।

V.P.M. GYAN NIKETAN SCHOOL
BAIRIA, DALTONGANJ, PALAMU, JHARKHAND - 822102

REQUIRED PRINCIPAL

Post Graduation with M.Ed./B.Ed. having excellent communication skills in English & minimum 10 years teaching experience out of which minimum 5 years as Principal position in Senior Secondary CBSE School with clear vision and strategies to develop and maintain high curriculum standards preferred.
Salary will be negotiable.

Interested Candidates should mail their resume with an application within 10 days at :
vpmgns66373@gmail.com
Contact - 6205574800

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 80 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 |
| English Grammar - II | ₹ 100 | English Grammar - II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!